


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, बुधवार 19 जून 2024 ■ ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष-13 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-082 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 20 जून 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## नालंदा से कई देशों की विरासत जुड़ी : मोदी

**नई दिल्ली,19 जून।** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार सुबह बिहार के राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन किया और इसे भारत की जीवंत संस्कृति और विरासत का प्रतीक कहा। इस कार्यक्रम में विदेश मंत्री एस जयशंकर, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और 17 देशों के राजदूत शामिल हुए। कैंपस का उद्घाटन करने के बाद पीएम मोदी ने कहा कि नालानाडा यूनिवर्सिटी सिर्फ एक नाम नहीं बल्कि देश की एक पहचान है। उन्होंने कहा कि नालंदा भारत की शैक्षणिक विरासत और जीवंत सांस्कृतिक आदान-प्रदान का प्रतीक है। अपने प्राचीन खंडहरों के निकट नालन्दा का पुनर्जागरण। यह नया परिसर दुनिया को भारत की क्षमता से परिचित कराएगा। मोदी ने कहा कि मुझे तीसरे कार्यकाल की शपथ ग्रहण करने के बाद पहले 10 दिनों में ही नालंदा आने का अवसर मिला है। ये मेरा सौभाग्य तो है ही, साथ ही मैं इसे भारत की विकास यात्रा के एक शुभ संकेत के रूप में देखता हूं। उन्होंने कहा कि नालंदा एक पहचान है, एक सम्मान है। नालंदा एक मूल्य है, मंत्र है, गौरव है, गाथा है। नालंदा उद्घोष है इस सत्य का... कि आग की लपटों में पुस्तकें भले जल जाएं... लेकिन आग की लपटें ज्ञान को नहीं मिटा सकतीं। उन्होंने कहा



कि नालंदा बताएगा...जो राष्ट्र, मजबूत मानवीय मूल्यों पर खड़े होते हैं... वो राष्ट्र इतिहास को पुनर्जीवित करके बेहतर भविष्य की नींव रखना जानते हैं। पीएम मोदी ने इतिहासकारों के दावों का जिक्र करते हुए कि प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय में लाखों किताबें और पांडुलिपियां अफगान कमांडरों द्वारा जला दी गई थीं, कहा, नालंदा इस सत्य की घोषणा है। किताबें आग की लपटों में जल सकती हैं, लेकिन आग की लपटें ज्ञान को नष्ट नहीं कर सकती हैं। अफगान कमांडरों द्वारा जला दिया गया। फ़ारसी इतिहासकार सिराज ए मिनाज ने अपनी तबकात-ए-नसीरी में दावा किया कि अफगान कमांडर बख्तियार खिलजी ने नालंदा में 9 मिलियन से अधिक किताबें जला दी थीं। उन्होंने कहा कि नालंदा केवल भारत के ही अतीत का पुनर्जागरण नहीं है। इसमें विश्व के, एशिया के कितने ही देशों की विरासत जुड़ी हुई है। नालंदा यूनिवर्सिटी के पुनर्निर्माण में हमारे साथी देशों की भागीदारी भी रही है। मैं इस अवसर पर भारत के सभी मित्र देशों का अभिनंदन करता हूं। उन्होंने कहा कि प्राचीन नालंदा में बच्चों का प्रवेश उनकी पहचान, उनकी राष्ट्रीयता को देखकर नहीं होता था। हर देश, हर वर्ग के युवा यहां आते थे। नालंदा विश्वविद्यालय के इस नए कैंपस में हमें उसी प्राचीन व्यवस्था को फिर से मजबूती देनी है। दुनिया के कई देशों से यहां छात्र आने लगे हैं। यहां नालंदा में 20 से ज्यादा देशों के छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। ये वसुधैव कुटुंबकम की भावना का कितना सुंदर प्रतीक है। आज भारत में योग की सैकड़ों विधाएँ मौजूद हैं। हमारे ऋषियों ने कितना गहन शोध इसके लिए किया होगा! लेकिन, किसी ने योग पर एकाधिकार नहीं बनाया। उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व योग को अपना रहा है, योग दिवस एक वैश्विक उत्सव बन गया है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि मेरा मिशन है...भारत दुनिया के लिए शिक्षा और ज्ञान का केंद्र बने। भारत की पहचान फिर से दुनिया के सबसे प्रमुख ज्ञान केंद्र के

## जहरीली महुआ शराब पीने से तीन लोगों की मौत

**कोरबा,19 जून।** जिले में जहरीले कच्ची महुआ शराब के सेवन से एक महिला समेत 3 लोगों की मौत होने से इलाके में सनसनी फैल गई है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची. मृतक के परिजनों का बयान दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी है. यह घटना करतला थाना क्षेत्र के ग्राम कोटमेर की है. फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम भी घटना स्थल पहुंची है. घटना स्थल से गिलास, पन्नी में भरी शराब, मछली सब्जी और भोजन जब्त कर जांच के लिए भेजा गया है. पुलिस मृतक के परिजनों का बयान दर्ज कर आगे पोस्टमार्टम की कार्रवाई में जुटी है. ग्रामीणों ने अनुसार तीनों की मृत्यु जहरीले कच्ची शराब पीने से हुई है. मृतकों में मालती बाई (50), राम सिंह (60), बेदराम (49) शामिल हैं. ग्रामीणों ने बताया कि तीनों मृतक बेदराम के निवास में शराब का सेवन रहे थे और घर में भी चखना और कच्ची महुआ शराब मृत पड़े शवों के पास पड़ा था. इसे देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि मृतकों की मृत्यु जहरीले कच्ची महुआ शराब पीने से हुई है.

इस संबंध में जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने बताया कि तीनों की मौत जहरीले शराब पीने या विषाक्त भोजन (फूड पॉयजनिंग) से हुई यह कहना अभी ठीक नहीं होगा. पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद स्थिति स्पष्ट हो जाएगी. अभी कुछ भी कहना उचित नहीं होगा.

## संक्षेप

### डॉ अभिलाषा बेहार बनी छत्तीसगढ़ी राजभाषा आयोग की सचिव

**रायपुर,19 जून।** राज्य शासन ने डॉ अभिलाषा बेहार को छत्तीसगढ़ी राजभाषा आयोग का सचिव नियुक्त किया है. शासन ने उन्हें अगले एक साल की अवधि के लिए इस पद पर प्रतिनियुक्ति दी है. वर्तमान में डॉ अभिलाषा क्षेत्रीय महिला प्रशिक्षण संस्थान, बिलासपुर में बतौर सहायक संचालक पदस्थ है. शासन ने आज उनकी प्रतिनियुक्ति का आदेश जारी किया है. डॉ अभिलाषा बेहार छत्तीसगढ़ी राजभाषा आयोग के प्रथम सचिव पद्मश्री डॉ सुरेंद्र दुबे की सुपुत्री है. इस वजह से उनकी बचपन से ही साहित्य के क्षेत्र में अभिरुचि थी.

### ठगी करने वाला शिवा साहू गिरफ्तार

**सारंगढ़-बिलाईगढ़,19 जून।** पिछले कई महीने से पुलिस के साथ आंख मिचौली का खेल खेल रहा छत्तीसगढ़ का महाठग शिवा साहू आखिरकार गिरफ्तार हो गया है. पुलिस ने इसे करीब 2 करोड़ रूपए की शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर ठगी के मामले में गिरफ्तार किया है. पुलिस ने शिवा सहित 7 अन्य आरोपी साथियों को भी ठगी के आरोप में गिरफ्तार किया है. जानकारी के मुताबिक, शिवा साहू के खिलाफ सरसींवा थाना पुलिस के पास सक्ति के सौरभ अग्रवाल ने 2 करोड़ रुपये की ठगी और बेलमुड़ी के गिरवर निराला ने 26 लाख रुपये की ठगी का केस दर्ज कराया था. जिसके बाद इस मामले में पुलिस ने महाठग शिवा साहू सहित 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. जिसमें शिवा का दोस्त सूर्यकांत साहू, रमेश साहू, दिनेश साहू, लक्ष्मीनारायण साहू और भागवत साहू शामिल है. शिवा पर कुल 2 करोड़ 26 लाख रूपए की ठगी का आरोप है. ये पूरी कार्रवाई सरसिंवा पुलिस द्वारा की गई है.

### कांग्रेस के के.सुरेश हो सकते हैं 18वीं लोकसभा के प्रोटेम स्पीकर

**नई दिल्ली,19 जून।** कांग्रेस के के सुरेश लोकसभा में प्रोटेम स्पीकर बनने वाले हैं। सत्रों की ओर से ऐसे दावे किए जा रहे हैं। सूत्रों के हवाले से कहा कि जब तक केंद्र अध्यक्ष पद पर औपचारिक निर्णय नहीं ले लेता, तब तक सुरेश 18वीं लोकसभा के प्रोटेम स्पीकर के रूप में काम करेंगे। 68 वर्षीय सुरेश केरल के मावेलिकारा से सांसद हैं और सबसे लंबे समय तक संसद सदस्य रहने वाले सदस्य हैं। 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून को शुरू होगा, जिसके दौरान निचले सदन के नए सदस्य शपथ लेंगे और अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 24 जून को संसद बुलाने से पहले राष्ट्रपति भवन में सुरेश को पद की शपथ दिलाएंगी। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 जून को लोकसभा में अध्यक्ष के चुनाव के लिए प्रस्ताव पेश करेंगे।

### पत्नी ने की पति की हत्या

**सूरजपुर,19 जून।** पति को तंगी से मारकर हत्या करने वाली पत्नी को झिलमिल पुलिस ने चंद घंटे में ही गिरफ्तार कर लिया. आरोपी पत्नी ने बताया, पति उसके उपर शक करता था. रोज लड़ाई झगड़े से तंग आकर इस वारदात को अंजाम दिया हूं. यह घटना डालाबहरा गांव की है. पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है. दरहसल आज सुबह मृतक विवेक कुमार के पिता ने झिलमिली थाने में सूचना दी कि उसके बेटे की हत्या हो गई है और बहू घर से गायब है. तत्काल झिलमिल पुलिस डालाबहरा गांव पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच में जुटी. आरोपी की तलाश के लिए थाना प्रभारी ने पुलिस की टीम बनाई. टीम को कोरिया जिला के बैकुंठपुर के पास मृतक की पत्नी मिली, जिसे थाने लाने के बाद पूछताछ में उसने अपना अपराध कबूल किया. आरोपी पत्नी ने बताया कि हम दोनों के बीच प्रेम प्रसंग था और दिसंबर में दोनों की शादी हुई पर वह मुझ पर शक करता था. हमेशा इस बात को लेकर लड़ाई होती थी.





## अवैध रेत खनन पर कार्रवाई नहीं होने से आक्रोश

**कांकेर,19 जून** ■ तरुण छत्तीसगढ़

अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ ग्रामीणों में भारी आक्रोश है. रात्रि 11 बजे से ग्रामीण मचांदुर नाका पहुंचे और सुबह 4 बजे तक नाका में डटे रहे. ग्रामीणों के मुताबिक, रोजाना चारामा क्षेत्र के माहुद, हाराडुला, तेलगुड़ा, भिरौद, खरथा, किलेपार, आरौद समेत अन्य घाटों से रेत की अवैध का अवैध खनन और परिवहन हो रहा है. शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं हो रही है. शिकायत पर कार्रवाई नहीं होने से आक्रोशित ग्रामीण रातभर मचांदुर नाका के पास डटे रहे. रात्रि में पुलिस के हस्तक्षेप के बाद ग्रामीण शांत हुए और अपने गांव लौटे. ग्रामीणों के प्रदर्शन के बाद रात्रि में ही प्रशासन की टीम ने रेत से भरे हाईवा का पंचनामा तैयार किया, लेकिन वाहन जब्ती की कार्रवाई नहीं की. ग्रामीणों ने बताया, अवैध रूप से धड़ल्ले से रेत का खनन किया जा रहा है. रेत तस्करों पर प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रही. खनिज माफिया एनजीटी के आदेशों का खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे.

## यूपी एसटीएफ ने अनवर ढेबर को कोर्ट में किया पेश

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,19 जून।** उत्तरप्रदेश पुलिस की एसटीएफ टीम ने बुधवार को कारोबारी अनवर ढेबर को रायपुर कोर्ट में पेश किया. इस मामले को लेकर सीजेएम कोर्ट ने यूपी एसटीएफ को स्पेशल कोर्ट से रिमांड लेने के निर्देश दिए हैं. सीजेएम कोर्ट में सुनवाई खत्म होने के बाद अनवर ढेबर को स्पेशल कोर्ट में भेजा गया है. स्पेशल कोर्ट में अनवर ढेबर को ट्रांजिट रिमांड पर भेजे जाने की संभावना है. यूपी एसटीएफ की टीम उन्हें मेरठ ले जाने की तैयारी में है और रिमांड मिलते ही टीम मेरठ के लिए रवाना हो जाएगी. बता दें, कल यानि 18 जून (मंगलवार) को यूपी एसटीएफ और अनवर के समर्थकों के बीच काफी गहमा-गहमी हुई जिसके बाद देर रात को उसे गिरफ्तार कर लिया गया. अब मंगलवार देर शाम यूपी एसटीएफ ने अनवर ढेबर को गिरफ्तार किया था. गिरफ्तारी के दौरान अनवर ढेबर के समर्थकों के बीच धक्का-मुक्की भी हुई. उन्हें आज रायपुर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें यूपी के मेरठ कोर्ट में पेश करने की तैयारी



की जा रही है. दरअसल, शराब घोटाले मामले में हाई कोर्ट से अनवर ढेबर को 14 जून को हाईकोर्ट से जमानत मिली और मंगलवार देर शाम उन्हें बेल मिल गई. लेकिन जैसे ही वे जेल से बाहर निकले, यूपी एसटीएफ ने उन्हें होलोग्राम केस की पूछताछ करने के लिए गिरफ्तार कर लिया. समर्थकों ने इस दौरान काफी हंगामा खड़ा किया, जिसके बाद उन्हें सिविल लाइन थाने ले जाया गया. जहां स्थिति को नियंत्रित करने के लिए 200 से अधिक पुलिस जवान भी तैनात किए गए थे.इस मामले को लेकर अनवर ढेबर के वकील अमीन खान ने छत्तीसगढ़ पुलिस पर हाईजैक करने का आरोप लगाया है. उनका कहना है कि उच्च न्यायालय से बेल मिलने के बाद भी देर रात तक उन्हें रोके रखा गया. परिजन उन्हें अस्पताल ले जाना चाहते थे, लेकिन पुलिस ने अनुमति नहीं दी. एक छोटे से पेपर के टुकड़े में गिरफ्तारी की जानकारी दी गई.

जानकारी के अनुसार, यूपी एसटीएफ ने अनवर ढेबर, आबकारी विभाग के अधिकारी रह चुके अरुणपति त्रिपाठी और रिटायर्ड IAS अनिल टूटेजा को पूछताछ के लिए ले जाने के लिए आवेदन किया था. सेंट्रल कोर्ट के तरफ से रायपुर कोर्ट में यह आवेदन लगाया गया था, जिसमें सुनवाई के बाद यूपी पुलिस को अनवर ढेबर और अरुणपति त्रिपाठी को ले जाने की मंजूरी मिल गई. जुलाई 2023 में नकली होलोग्राम मामले में ईडी के डिप्टी डायरेक्टर ने नोएडा के कासना थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी. 3 मई को यूपी एसटीएफ ने प्रिज्म होलोग्राफी सिक्योरिटी फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के मालिक विधू गुप्ता को गिरफ्तार किया था. पूछताछ में गुप्ता ने अनवर और अरुणपति का नाम लिया था.

## देर रात औचक निरीक्षण पर निकले मोदी

### सिगरा स्टेडियम का लिया जायजा, इनडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स भी पहुंचे

**वाराणसी,19 जून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र में मंगलवार रात औचक निरीक्षण पर निकल गए. वे देर रात सिगरा स्टेडियम पहुंचे. वहां इनडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण किया. इसके बाद उन्होंने बरेका गेस्ट हाउस में रात्रि विश्राम किया. निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे. इससे पहले पीएम मोदी ने किसानों को संबोधित किया और गंगा आरती भी की. डबल इंजन की सरकार पूर्वांचल के खिलाड़ियों को निखारने के लिए काशी में नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्टेडियम का निर्माण करा रही है. स्टेडियम में लगभग सभी स्पोर्ट्स होंगे और सभी खेलों के खिलाड़ी तैयार किये जाएंगे. अब पूर्वांचल के खिलाड़ियों को खेलने के लिए दूर



नही जाना पड़ेगा. खेल प्रेमियों को वाराणसी में ही अंतरराष्ट्रीय स्तर के मैच देखने को मिलेगा. डॉ. सम्पूर्णानन्द स्पोर्ट्स स्टेडियम का पुनर्विकास किया जा रहा है. स्टेडियम की इमारते ग्रीन बिल्डिंग होगी. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर खेलो इंडिया और स्मार्ट सिटी के सहयोग से टू बिल्ड पद्धति पर ईपीसी मोड पर एमएचपीएल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कानपुर ने रिकॉर्ड समय में इसे पहले तैयार किया. इसमें बैडमिंटन, हैंडबॉल,बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस, वेटलिफ्टिंग, स्क्वैश जैसे 20 से अधिक इनडोर खेल खेलने की सुविधा होगी. ओलंपिक स्तर का स्विमिंग पूल, वार्म अप पूल के साथ होगा. जिम, स्पा, योगा सेंटर, पूल बिलियर्ड्स और कैफेटेरिया के साथ बैंक्वेट हॉल भी बनेगा. साथ ही मल्टी स्पोर्ट्स, मल्टी लेवल आधुनिक इनडोर स्टेडियम को पैरा स्पोर्ट्स के मानकों को भी ध्यान में रखकर बनाया जा रहा है, जिससे यहां पैरा स्पोर्ट्स प्रतियोगिता भी हो सकें. स्टेडियम के पहले चरण का काम पूरा हो चुका है.

## सिकलसेल की चपेट में बस्तर 3000 से ज्यादा पॉजीटिव मरीज

**रायपुर,19 जून।** छत्तीसगढ़ में सिकल सेल से पीड़ित मरीजों की संख्या काफी तेजी से बढ़ रही है. बस्तर जिला भी इससे अछूता नहीं है. यहां मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है. स्वास्थ्य विभाग के अनुसार जिले में 3 हजार 613 से ज्यादा लोग सिकल सेल से पीड़ित हैं. आने वाले दिनों में सिकलसेल से पीड़ित मरीजों की संख्या में और अधिक वृद्धि होने की संभावना है. ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ शासन और भारत शासन द्वारा गजट नोटिफिकेशन निकालकर सिकलसेल पीड़ित मरीजों को दिव्यांगता की श्रेणी में रखा गया है एवं ऐसे मरीजों को प्रतिमाह निःशुल्क उपचार, दवाइयां, जांच एवं परिवहन की सुविधा दी जा रही है. विशेषज्ञों की मानें तो सिकल सेल अनुवांशिक बीमारी है. यानी एक से दूसरी पीढ़ी में हस्तांतरित होती है. सर्वे के अनुसार दस से 12 साल पहले छत्तीसगढ़ में यह बात सामने आई थी कि प्रदेश के कुछ जातियों में यह बीमारी पाई जाती थी, लेकिन आज सिकल सेल के मरीज हर वर्ग जाति के लोग हो रहे हैं. यह लाइलाज बीमारी है, जिससे असमय मौत हो जाती है. सिकल सेल रोग लाल रक्त कोशिका संबंधी बीमारी है और जीन के माध्यम से व्यक्ति को विरासत में मिल जाती है. यह असामान्य जीन से उत्पन्न अनुवांशिक बीमारी है. एक विशेषज्ञ डॉक्टर ने बताया कि सिकलसेल रोग माता-पिता से बच्चों में जीन के द्वारा होता है. यह संक्रामक नहीं है और व्यक्ति से व्यक्ति में इन्फेक्शन के द्वारा नहीं फैलता. हाथ और पैर में दर्द के साथ सूजन, एनीमिया से थकान या घबराहट, त्वचा का पीलापन, पीलिया, शरीर में लम्बे समय से दर्द रहना इस बीमारी के लक्षण हैं.

## बलौदाबाजार हिंसा मामला: भीम आर्मी क्रांतिवीर का संस्थापक गिरफ्तार

**बलौदाबाजार,19 जून।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार में हुई हिंसा मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. स्पेशल पुलिस टीम ने आज बुधवार को भीम आर्मी क्रांतिवीर के संस्थापक किशोर नवरंगे को गिरफ्तार कर लिया गया है. जानकारी के मुताबिक जिले में हिंसा और न के बाद से ही किशोर नवरंगे फरार था. सूत्रों के मुताबिक नवरंगे ने ही 10 जून को धरना और रैली का आयोजन किया था और किशोर नवरंगे के ही आह्वान पर ही प्रदेश भर से समाज के लोग बलौदाबाजार पहुंचे थे. जिले में हिंसा भड़काने को लेकर पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई थी, जिसे आज गिरफ्तार कर लिया गया है. बता दें, 10 जून को बलौदाबाजार में भयानक हिंसक घटना हुई जिसमें उपद्रवियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में रखी सभी गाड़ियों में आग लगा कर खाक कर दिया. इतना ही नहीं, भयानक आगजनी में पूरी सरकारी बिल्डिंग भी धूं-धूं कर जल गईं. हालांकि, इस घटना के ठीक कुछ घंटों पहले ही उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मामले की न्यायिक जांच की घोषणा की थी, लेकिन इस हिंसक घटना को पूरे तैयारी के साथ बड़ी संख्या में आक्रोशित लोगों ने अंजाम दिया.

## खालिस्तानी आतंकवादी निज्जर की याद में कनाडाई संसद में रखा सांसदों ने मौन





**टोरंटो (कनाडा)।** जो काम आतंकियों का पनाहगार पाकिस्तान तक करने से परहेज करता है, वहीं काम कनाडा ने कर दिखाया. खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की याद में कनाडाई संसद में मौन रखा गया. कनाडा का फैसला आतंकवाद पर देश के रुख के बारे में गंभीर चिंताएं पैदा करता है. इसके पहले भी कनाडा में खालिस्तान समर्थकों ने भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की गोली लगी हुई तस्कीर के साथ झांकी निकाली थी. वहीं यदा-कदा भारत के विरोध में प्रदर्शन करते हुए खालिस्तान समर्थक सिख भारतीय झंडे का अपमान करते रहते हैं. भारत की आपत्तियों के बावजूद इस ओर कनाडा ने कभी कोई ठोस कदम नहीं उठाया, उल्टे प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने बिना कोई सबूत दिए कनाडाई संसद में निज्जर की हत्या का ठिकरा भारत सरकार पर मढ़ दिया था. भारत ने ट्रूडों की इस हरकत पर आपत्ति जताते हुए इसे वोट बैंक की राजनीति करार दिया था, लेकिन लगता है कि इन सबका असर कनाडा पर नहीं हो रहा है.



## अब तेंदूपत्ता संग्रहण का नकद होगा भुगतान

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,19जून।** मुख्यमंत्री साय के निर्देशों के परिपालन में वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में विभाग की ओर से बस्तर संभाग के सुकमा, बीजापुर और नारायणपुर जिलों के तेंदूपत्ता संग्राहकों को अब पारिश्रमिक राशि का नकद भुगतान किया जाएगा. इन जिलों में हाट-बाजारों में कैंप लगाकर राशि का नगद भुगतान किया जाएगा. तीनों जिलों में बैंकों की शाखाएं दूर-दूर हैं, इसलिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने तेंदूपत्ता संग्राहकों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को यह निर्देश जारी किए हैं.लाभार्थी किसानों को सहायता राशि का लाभ समय से मिल सके, इसके लिए छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार ने एक कारगर उपाय निकाला है. दरअसल छत्तीसगढ़ में दूरदराज के जनजातीय क्षेत्र में बैंक की शाखाएं दूर दूर होने के कारण तेंदूपत्ता संग्रहण करने वाले किसानों को उपज की खरीद के एवज में सीधा बैंक यानी डीबीटी के माध्यम से भेजे जा रहे पैसे का लाभ समय पर नहीं मिल पाता था. सरकार की ओर से बताया गया कि सुकमा, बीजापुर और नारायणपुर जिलों के तेंदूपत्ता संग्राहक किसानों को एक निश्चित समय तय करके उपज संग्रह के पारिश्रमिक का भुगतान किया जाएगा. इसके लिए हाट-बाजारों में समय समय पर कैंप लगाए जाएंगे. इन कैंप में तेंदूपत्ता संग्राहकों को वर्ष 2024 में पारिश्रमिक राशि का नकद भुगतान किया जाएगा. छत्तीसगढ़ के वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप की ओर से बताया गया कि विभाग द्वारा इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं. सुकमा, बीजापुर और नारायणपुर जिलों के अलावा अन्य जिलों में तेंदूपत्ता संग्राहकों को उनके खाते में पारिश्रमिक राशि का भुगतान डीबीटी के माध्यम से ही किया जाएगा.

## कभी भी गिर सकती है मोदी सरकार: राहुल गांधी

**नई दिल्ली,19 जून।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि सत्तारूढ़ एनडीए की संख्या बहुत नाजुक है और थोड़ी सी गड़बड़ी ÷सरकार गिरा सकती है÷। लोकसभा चुनाव परिणामों पर राहुल गांधी ने कहा कि संख्याएं ऐसी हैं कि बहुत नाजुक हैं और जरा सी गड़बड़ी सरकार गिरा सकती है। मूलतः, एक (एनडीए) सहयोगी को दूसरे रास्ते पर जाना होगा। उन्होंने यह भी दावा किया कि एनडीए के कुछ साथी हमारे संपर्क में हैं लेकिन उन्होंने कोई नाम नहीं बताया लेकिन कहा कि मोदी खेमे के भीतर बहुत बड़ा असंतुलन है। कांग्रेस नेता के हवाले से कहा गया है कि लोकसभा चुनाव के नतीजों से पता चलता है कि भारतीय राजनीति में एक बड़ा बदलाव आया है और दावा किया कि मोदी का विचार और छवि नष्ट हो गई है÷। उन्होंने तर्क दिया कि मोदी के नेतृत्व वाली तीसरी एनडीए सरकार ÷संघर्ष करेगी क्योंकि 2014 और 2019 में नरेंद्र मोदी के लिए जो काम किया वह काम नहीं कर रहा है÷। नतीजों के बारे में बोलते हुए गांधी ने कहा कि यह विचार कि आप नफरत फैला सकते हैं, आप गुस्सा फैला सकते हैं और आप इसका लाभ उठा सकते हैं, भारतीय लोगों ने इस चुनाव में इसे खारिज कर दिया है। राहुल ने कहा कि जिस पार्टी ने पिछले 10 साल अयोध्या के बारे में बात करते हुए बिताए, उसका अयोध्या में सफाया हो गया है।' मूलतः जो हुआ है वह यह है कि भाजपा की धार्मिक नफरत पैदा करने की मूल अवधारणा ध्वस्त हो गई है। उन्होंने विपक्ष के अच्छे प्रदर्शन का श्रेय अपनी दो भारत जोड़ो यात्राओं को भी दिया। उन्होंने कहा कि न्यायिक प्रणाली, मीडिया, संस्थागत ढाँचा सभी बंद थे (विपक्ष के लिए), और इसलिए हमने निर्णय लिया कि हमें वस्तुतः, भौतिक रूप से ऐसा करना होगा। इस चुनाव में सफल होने वाले बहुत सारे विचार उसी दीवार से आए थे।



## मक्का में भीषण गर्मी से 550 हज यात्रियों की मौत

**नई दिल्ली,19 जून।** राजनयिकों ने मंगलवार को कहा कि हज के दौरान कम से कम 550 यात्रियों की मौत हुई, जो इस साल फिर से भीषण गर्मी में तीर्थयात्रा की भीषण प्रकृति को दर्शाता है। मरने वालों में कम से कम 323 मिस्र के थे, जिनमें से ज़्यादातर गर्मी से जुड़ी बीमारियों के कारण मारे गए, अपने देशों की प्रतिक्रियाओं का समन्वय करने वाले दो अरब राजनयिकों ने एएफपी को बताया। एक राजनयिक ने कहा, ÷उनमें से सभी (मिस्र के) गर्मी के कारण मरे सिवाय एक को छोड़कर जो मामूली भीड़ के दौरान घातक रूप से घायल हो गया, उन्होंने कहा कि कुल आंकड़ा मक्का के अल-मुआइसम पड़ोस में अस्पताल के मुर्दाघर से आया है। राजनयिकों ने कहा कि कम से कम 60 जॉर्डन के लोग भी मारे गए, जबकि अम्मान द्वारा मंगलवार को पहले दी गई आधिकारिक संख्या 41 थी। एएफपी की गणना के अनुसार, नई मौतों के साथ अब तक कई देशों द्वारा बताई गई कुल संख्या 577 हो गई है। राजनयिकों ने बताया कि मक्का के सबसे बड़े मुर्दाघरों में से एक अल-मुआइसम में कुल 550 लोग थे। हज इस्लाम के पाँच स्तंभों में से एक है और सभी मुसलमानों को कम से कम एक बार इसे पूरा करना चाहिए। पिछले महीने प्रकाशित एक सऊदी अध्ययन के अनुसार, तीर्थयात्रा जलवायु परिवर्तन से तेज़ी से प्रभावित हो रही है, जिसमें कहा गया है कि जिस क्षेत्र में अनुष्ठान किए जाते हैं, वहाँ का तापमान हर दशक में 0.4 डिग्री सेल्सियस (0.72 डिग्री फ़ारेनहाइट) बढ़ रहा है।

एक नजर

## युवक ने दोस्त की हत्या की



**भिलाई, 19 जून।** भिलाई वैशाली नगर थाना क्षेत्र एक युवक ने अपने ही दोस्त की गला घोंटकर हत्या कर दी आरोपित युवक रातभर अपने दोस्त के साथ उसके कमरे में था सुबह आरोपित कमरे से निकला और जब कमरे की सफाई के लिए काम वाली बाई वहां गई तो युवक की लाश जमीन पर पड़ी हुई थी उसके मुंह से खून निकल रहा था शार्ट पोस्टमार्ट रिपोर्ट में गला घोंटकर हत्या करने की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने आरोपित की तलाश शुरू कर दी है। मृतक के परिवार वाले आरोपित के बारे में नहीं जानते थे इस लिए उसका सुराग नहीं मिल पा रहा है वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि वेदांत शर्मा (24) वैशाली नगर में अपनी दादी के साथ रहता था। उसके पिता की पहले ही मौत हो चुकी है और मां जगदलपुर के डीएवी स्कूल में शिक्षिका है सोमवार की रात को वेदांत का एक दोस्त उसके घर पर आया था रात में वो उसके सांथ ही उसके कमरे में रुका था वेदांत का दोस्त घर से निकलकर चला गया कमरे की सफाई के लिए काम वाली बाई वहां गई तो वेदांत की लाश जमीन पर पड़ी हुई थी। उसके मुंह से खून निकल रहा था उसने मृतक की दादी को इसकी जानकारी दी जिसके बाद पुलिस को इसकी सूचना मिली पुलिस ने शव का पंचनामा और पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिवार वालों को सौंप दिया पोस्टमार्टम की शार्ट रिपोर्ट में पता चला है कि वेदांत की गला घोंटकर हत्या की गई है और उसके साथ रात भर उसके कमरे में रह चुका उसकां दोस्त ही आरोपित है मृतक की दादी भी उसके दोस्त के बारे में कुछ नहीं जानती है मृतक के मोबाइल से उसके दोस्त का सुराग तलाशने का प्रयास किया जा रहा है साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से भी आरोपित के बारे में पतासाजी की जा रही है हालांकि अभी तक आरोपित के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी है प्रारंभिक जांच में पता चला है कि वेदांत पूर्व में एमआर का काम करता था लेकिन फिलहाल अभी वह कोई काम नहीं करता था रातभर दोस्त के साथ अपने कमरे में था आरोपित, मुंह से निकल रहा था खून अपनी दादी के साथ रहता था युवक वैशाली नगर पुलिस जांच में जुटी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( शहर ) सुखनंदन राठौर ने बताया कि शार्ट पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला घोंटकर हत्या करने की पुष्टि हुई है जिसके आधार पर मृतक के दोस्त की तलाश शुरू कर दी गई है मृतक के मोबाइल से उसकी जानकारी निकालने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही सीसीटीवी कैमरों से भी उसका सुराग तलाशा जा रहा है

## युवक की सड़क हादसे में मौत

**भिलाई, 19 जून।** भिलाई नंदिनी थाना क्षेत्र ग्राम पुरदा बोरी से वापस घर खैरागढ़ लौट रहां एक युवक रास्ते में हादसे का शिकार हो गया नंदकट्ठी बोरी मार्ग पर एनके ईंट भट्ठा के पास सामने जा रहे एक कार चालक ने अचानक से ब्रेक मार दिया इसके कारण बाइक चला रहा युवक गाड़ी को नियंत्रित नहीं कर सका और कार के पीछे टकरा गया हादसे में उसके सिर और सीने पर गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौके पर मौत हो गई नंदिनी पुलिस ने प्राथमिकी कर मामले की जांच शुरू की है नंदिनी पुलिस ने बताया कि ग्राम सोनभट्ठा (सलौनी) खैरागढ़ निवासी जगेसर पटेल (26) 16 जून को पत्नी कमला पटेल के साथ अपने रिश्तेदार के यहां छ?ट्ठी के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ग्राम पुरदा बोरी आया था। पत्नी को ग्राम पुरदा में ही छोड़कर वह अकेले अपने गांव लौट रहा था रास्ते में नंदकट्ठी बोरी मार्ग पर शिवनाथ नदी पुल के पहले एनके ईंट भ?ट्ठा के पास वह हादसे का शिकार हो गया आरोपित कार चालक ने अचानक से ब्रेक लगा दिया इससे पीछे आ रहा जगेसर अपनी बाइक को नियंत्रित नहीं कर पाया और तेज रफ्तार कार के पीछे जाकर टकरा गया अस्पताल से युवक की मौत की सूचना मिलने के बाद नंदिनी पुलिस ने आरोपित कार चालक के खिलाफ प्राथमिकी कर मामले की जांच शुरू की है ।

## पीबीएस विभाग की एनर्जी आइसोलेशन सुरक्षा मानक पुस्तिका का विमोचन



**भिलाई, 19 जून।** भिलाई इस्पात संयंत्र के शक्ति एवं वायु प्रवाह केंद्र विभाग के अधिकारियों ने सुरक्षा मानदंडों के अंतर्गत, ऊर्जा विलगाव क्रियान्वयन विषय पर एक प्रतिवेदन तैयार किया है, जिसे संकलित कर एक विवरणिका पुस्तक के तौर पर प्रस्तुत किया गया है। इस विवरणिका का विमोचन साप्ताहिक समन्वय बैठक के दौरान, कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार द्वारा 17 जून को किया गया। मुख्य महाप्रबंधक राजीव पाण्डेय ने पुस्तक की पांच प्रति विमोचन हेतु कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार को सौपीं। कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि पीबीएस विभाग में एनर्जी आइसोलेशन मानकों के सफल क्रियान्वयन ने यह दर्शाया है कि संयंत्र के अन्य विभाग भी इसे अपनाकर सुरक्षा मानकों को लागू कर सकते हैं। इसे अपनाने से न केवल हमारे कार्मिकों और उपकरणों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि एक सुरक्षित कार्यस्थल एवं वातावरण का भी निर्माण होगा। पुस्तक अनावरण के समय इस बैठक में मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी प्रबीर कुमार सरकार, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी असित साहा, मुख्य महाप्रबंधक प्रवीन राय भल्ला, महाप्रबंधक प्रभारी संजय निखार, महाप्रबंधक अभय कुमार, महाप्रबंधक पी कृष्णमोहन, विभागीय सुरक्षा अधिकारी तरुण कुमार दत्ता एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सीनियर बैडमिन्टन प्रतियोगिता में भाग लेने चयन स्पर्धा आयोजित

**भिलाई, 19 जून।** जांजगीर-चांपा जिला बैडमिन्टन संघ द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य सीनियर (पुरूष एवं महिला) बैडमिन्टन प्रतियोगिता का आयोजन एकल एवं युगल वर्ग में दिनांक 18 से 22 जुलाई तक जांजगीर-चांपा में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम भी भाग ले रही है।

# नगर आगमन पर सांसद पांडेय का जगह-जगह किया शानदार स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 19 जून।** राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से दूसरी बार सांसद निर्वाचित होने के पश्चात् सांसद संतोष पांडेय का प्रथम कवर्धा आगमन हुआ। भाजपा ने सांसद पांडेय का जोरदार स्वागत किया। कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया। भाजयुमो के कार्यकर्ताओं ने बायपास चौक से भव्य बाइक रैली निकालकर सांसद पांडेय का स्वागत किया। इसके बाद ठाकुर देव चौक में जिला भाजपा द्वारा सांसद पांडेय का जोरदार स्वागत किया गया। जमकर आतिशबाजी हुई। सांसद संतोष पांडेय व पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने शहर में जन आभार रैली निकालकर लोकसभा चुनाव में जीत दिलाने के लिए देवतुल्य जनता का आत्मीयता के साथ आभार व्यक्त किया। इस दौरान विभिन्न समाज, व्यापारी वर्ग सहित आम लोगों ने जगह-जगह सांसद पांडेय का गर्मजोशी से स्वागत किया। सांसद पांडेय ने गुरुद्वारा, विंध्यवासिनी मंदिर के दर्शन किए। भाजपा कार्यालय में रैली का समापन हुआ। यहां सांसद पांडेय ने पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए चुनाव में परिश्रम कर विजय दिलाने के लिए उनका आभार व्यक्त किया ।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, समस्त राष्ट्रीय नेतृत्व सहित प्रदेश नेतृत्व पार्टी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। जिन्होंने मुझ पर पुनः भरोसा जताया। मैं पहले की तरह आगे भी जनता की सेवा में समर्पित रहूंगा। इस दौरान पार्टी के जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक अशोक साहू, पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रामकुमार भट्ट, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गोपाल साहू, जिला महामंत्री संतोष पटेल, क्रांति गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, नितेश अग्रवाल, जसविंदर बग्गा, बरसाती वर्मा, कैलाश चंद्रवंशी, देवकुमारी चंद्रवंशी, मंडल अध्यक्षगण चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, कांशीराम उइके, संतोष मिश्रा, सुनील साहू, गुलाब साहू, चंदन पटेल, मंगलूराम पोर्ते, प्रदेश, जिला, मंडल, मोर्चा, प्रकोष्ठ के पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्तागण मौजूद थे।

- चुनाव जितने तक खाली पैर रहने का लिया था संकल्प, सांसद ने कार्यकर्ता को स्वयं चप्पल पहनाकर किया सम्मान -भाजयुमो के सक्रिय कार्यकर्ता सह कोषाध्यक्ष सुरेश पटेल ने लोकसभा चुनाव के पहले सांसद संतोष पांडेय के चुनाव जितने तक खाली पैर रहने का संकल्प लिया था। पटेल ने भीषण गर्मी में बिना चप्पल पहने खाली पैर चुनाव प्रचार किया। सांसद पांडेय ने सुरेश पटेल के परिश्रम व भावना की तारीफ की। साथ ही उन्होंने उसे स्वयं चप्पल पहनाकर उसका सम्मान भी किया।

## किसानों ने सुना प्रधानमंत्री का संदेश



**भिलाई, 19 जून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से देशभर के किसानों को बड़ी सौगात दी। दशाश्वमेध घाट पर पूजा अर्चना और काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन कर पीएम किसान सम्मान सम्मेलन में सम्मिलित हुए। उन्होंने पीएम किसान योजना की 17वीं किस्त जारी की। देशभर के 9.26 करोड़ किसानों के खाते में डीबीटी के माध्यम से पैसे पहुँचे। 17वीं किस्त के तहत इस योजना के लाभार्थियों के लिए करीब 20 हजार करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। दुर्ग जिले के 82337 किसानों के खातों में 16 करोड़ 47 लाख रुपये की राशि अंतरित की गई। अपने खाते में राशि जमा होने से जिले के किसानों ने केन्द्र एवं राज्य सरकार की कृषक हितैषी योजनाओं की सराहना की। प्रधानमंत्री मोदी ने काशी के किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि अपने किसान भाई-बहनों का जीवन आसान बनाने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। काशी की पवित्र भूमि से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किस्त जारी करते हुए गर्व की अनुभूति हो रही है। कार्यक्रम में कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, अब तक श्पीएम किसान सम्मान निधिश् से करोड़ों किसान लाभान्वित हुए हैं, यह योजना किसानों के जीवन को आसान व कृषि को प्रोत्साहित करने की दिशा में ऐतिहासिक साबित हुई है। वाराणसी में अपने कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने कृषि सखी के तौर पर काम कर रहे स्व सहायता समूह की 30,000 से ज्यादा महिलाओं को सर्टिफिकेट भी जारी किए।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी दशहरा मैदान में शुरू



**भिलाई, 19 जून।** नगर पालिक निगम भिलाई में 21 जून को दशम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम का आयोजन शांति नगर दशहरा मैदान फूटबाल ग्राउण्ड समय प्रातः 6 से 7 बजे के मध्य होगा। इसमें सामाजिक, धार्मिक, अध्यात्मिक, जनप्रतिनिधि, छात्रो, खिलाड़ी, योगाचार्यों एवं नागरिकों की उपस्थिति में होगा। इस कार्य हेतु आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दायित्व सौंपे हैं। नगर पालिक निगम भिलाई के अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी नोडल अधिकारी होगें। जोन आयुक्त येशा लहरे, सहायक अभियंता अरविंद शर्मा, उप अभियंता बसंत साहू, रीमा जाम्भुलकर, विजेन्द्र गुप्ता को मंच, चादर, माइक, मेट, कुर्सी, टेबल, गुलदस्ता, माला व्यवस्था सौंपा गया है। स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द मिश्रा एवं सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मिश्रा को मैदान की साफ-सफाई के साथ शौचालय व्यवस्था का कार्य सौंपा गया है। जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, प्रभारी अधिकारी परियोजना रीता चतुर्वेदी, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर शरद दुबे, स्टेनो टायपिस्ट संजय शर्मा, मिशन मैनेजर अमन पटले को प्रचार-प्रसार, विडियोग्राफी, जनप्रतिनिधयों, शैक्षणिक संस्थानों, प्रशिक्षकों, छात्रो, स्काउट गाईट, एन.सी.सी., खिलाड़ी, सामाजिक संगठनों आदि को आमंत्रित करने के साथ निगम भिलाई की ओर से प्रशिक्षको को मोमेन्टो बाटने का दायित्व सौंपा गया है। कार्यपालन अभियंता कुलदीप गुप्ता को मंच निर्माण, बैनर पोस्टर, स्वल्पाहार का कार्य सौंपा गया है। इसी प्रकार स्वच्छता पर्यवेक्षक पलाश वैद्य को चिकित्सीय (एम.एम.यू.) व्यवस्था का कार्य सौंपा गया है। महापौर नीरज पाल ने अवहान किया है, कि बड़े ही गर्व की बात है पुरी दुनिया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना रही है। आईये हम सब मिलकर शांति नगर दशहरा मैदान फुटबॉल ग्राउंड में योग करें निरोग रहें।

# यातायात नियमों को नहीं मानने वाले चालक और परिचालक के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 19 जून।** पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विकास कुमार एवं श्री पुष्पेन्द्र सिंह बघेल के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी, रक्षित निरीक्षक श्री प्रवीण खलखों द्वारा कवर्धा शहर में यातायात व्यवस्था सुधारने एवं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए की लगातार विभिन्न कार्रवाइयों जैसे बस यूनियन ट्रक यूनियन चेंबर ऑफ कॉमर्स ऑटो रिक्शा यूनियन आम जनता के बीच में यातायात जागरूकता के संबंध में कार्यक्रम आदि लगातार किया जाकर यातायात नियमों का पालन करने हेतु विनम्र अपील किया जा रहा है साथ ही यातायात नियमों को का पालन नहीं करने वालों की विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत लगातार कार्यवाही की जा रही है। यातायात पुलिस कबीरधाम समस्त आमजन से अपील करती है कि आप अपने नाबालिग बच्चों को वाहन ना दें तेज रफ्तार एवं स्टंट करने वाले बाइकर की जानकारी यातायात पुलिस को दें मॉडिफाई साइलेंसर कर फटाफट की आवाज वाले वाहनों की जानकारी प्रेशर हॉर्न हूटर सायरन लगे वाहनों की जानकारी ब्लैक फिल्म लगे वाहनों की जानकारी वाहन नंबर के साथ यातायात पुलिस कबीरधाम व्हाट्सएप नंबर 9713639968 में दे ताकि ऐसे यातायात नियम का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की जा सके यातायात प्रभारी प्रवीण खलखों बताया कि नाबालिक बच्चों के वाहन चलाने पर उनकी पालकों के विरुद्ध ?2000 तक की चालानी कार्रवाई एवं मॉडिफाई साइलेंसर फटाफट की आवाज करने वाले वाहनों के विरुद्ध?5000 तक की चालानी कार्रवाई ओवर स्पीड चलने वाले वाहनों के चालकों के विरुद्ध?2000 तक की चालानी कार्यवाही एवं खतरनाक तरीके से वहां खड़ा करने नो पार्किंग में वहां खड़ा करने वाले वाहनों के विरुद्ध भी सख्त कार्यवाही लगातार की जा रही है शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध न्यायालय पेश कर ?10000 तक की चालानी कार्यवाही कर समन शुल्क वसूली की कार्रवाई की जा रही है । यातायात प्रभारी, रक्षित निरीक्षक श प्रवीण खलखों ने आम जनता एवं चालकों से अपील की है की माल वाहनों में सावरी ना बैठाएं सवारी वाहनों क्षमता से अधिक सवारी न बैठाएं वाहनों से संबंधित दस्तावेज को अपने पास रखने, शराब या अन्य मादक पदार्थ का सेवन कर वाहन नहीं चलने तथा यातायात के नियमों एवं संकेत का पूर्ण रूप से पालन करे बिना फिटनेस बीमा परमिट के वाहन ना चलाए । उन्होंने बताया कि जिले में अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं वाहन चालकों द्वारा मादक द्रव्यों का सेवन कर वाहन चलाने, तेजगति एवं लापरवाही पूर्वक, बिना हेलमेट बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने के कारण हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष कर कार्यक्रमों के दौरान वहां में क्षमता से अधिक सवारी बैठाने, रात्रि में वाहन चलाने के दौरान नशा, झपकी से भी दुर्घटनाएं काफी में वृद्धि हुई है। जिसके फलस्वरुप सड़क दुर्घटना को कम करने यातायात पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। यातायात प्रभारी खलखों ने कहा कि यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले चालकों के विरुद्ध विगत 5 माह में मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 3289 कार्रवाई की गई है उन्होंने साथ ही आम जनता से अपील की है कि सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के तहत यातायात नियमों का पालन करें स्वयं एवं स्वयं के परिवार को सुरक्षित रखें द्य आगामी दिनों में चालानी कार्यवाही और तेज की जाएगी ।

# अभियान चलाकर पूर्ण करें आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य:डीएम



**भिलाई, 19 जून।** जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतवार तथा नगरीय क्षेत्रों में वार्डवार अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान आयुष्मान कार्ड बनाने से छुटे सभी लोगों के कार्ड बनाये जाएंगे। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने अधिकारियों की समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक में जिले में आयुष्मान कार्ड की समीक्षा करते हुए कहा कि लोगों को चिकित्सा सुविधा मुहैय्या कराने प्रत्येक परिवार के सभी सदस्यों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है। उन्होंने जनपद सीईओ और नगरीय निकायों के अधिकारियों को अभियान चलाकर लक्ष्य पूर्ण करने आवश्यक पहल करने के निर्देश दिए। साथ ही इस हेतु कार्ययोजना तैयार करने चिप्स के ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को निर्देशित किया। इसी प्रकार शासन की योजनाओं से लाभान्वित होने दस साल पूर्व बने आधार कार्डों का अपडेशन का कार्य किया जाना है। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में भर्ती प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की भर्ती समय पर सुनिश्चित किया जाए। समिति द्वारा निर्णय लेने में विलंब होने पर अधिकारी सीधे फाइल कलेक्टर को प्रस्तुत कर सकते हैं। कलेक्टर ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया के दौरान आमंत्रित दावा आपत्ति के समय किसी भी प्रकार की नया डाकुमेंट स्वीकार नहीं किया जाएगा। अधिकारी इस पर विशेष ध्यान देवें। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने अवगत कराया कि शासन के निर्देशानुसार नगरीय निकाय चुनाव के पूर्व वार्डो का परिसीमन होना है। अतएव अधिकारी निर्धारित कार्यक्रम अनुसार शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप वार्ड परिसीमन का कार्य पूर्ण कराएंगे। उन्होंने शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत सत्र 2024-25 हेतु एडमिशन में हुई कथित गड़बड़ी की जानकारी लेते हुए फर्जीवाड़ा करने वालों के विरूद्ध प्रथम प्राथमिकी दर्ज कराने डी.ई.ओ. को निर्देशित किया। साथ ही स्थानीय प्रतिनिधियों की मौजूदगी में शाला प्रवेशोत्सव आयोजित कर विद्यार्थियों को किताबें, गणवेश एवं साइकिल वितरित करने कहा। डी.ई.ओ. ने अवगत कराया कि आर.टी.ई. के तहत एडमिशन में हुई गड़बड़ी की जांच उपरांत संबंधित पालकों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने हेतु पत्र एवं दस्तावेज पुलिस अधीक्षक को प्रेषित कर दी गई है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिले के समस्त शालाओं में 26 एवं 27 जून को शाला प्रवेशोत्सव मनाया जाएगा। इसी प्रकार 28 जून को संकुल स्तर पर और 01, 02, 03 जुलाई को विकासखण्ड स्तर पर तथा 05 जुलाई को जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने जिले में खरीफ धान बीज एवं खाद उपलब्धता की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले के सहकारी समितियों में खरीफ धान की बीज एवं खाद की पर्याप्त भंडारण के साथ किसानों को समय पर वितरण सुनिश्चित किया जाए। सी.सी.बी. के नोडल अधिकारी ने अवगत कराया कि किसानों की सुविधा हेतु यूरिया, सुपर फास्फेट, डीएपी, इफको, पोटाश, उर्वरकों एवं बीज की पर्याप्त उपलब्धता करा दी गई है। किसान अग्रिम उठाव कर रहे हैं। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने सारथी एप, पीजी पोर्टल और पीजीएन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को पीजी पोर्टल के एक साल से ऊपर के प्रकरण आगामी टीएल के पहले निराकृत करने वहीं पीजीएन के प्रकरण 03 माह से अधिक लंबित नहीं रखने के निर्देश दिए। उन्होंने युवा मितान क्लब से संबंधित स्वीकृत राशि का यूसी/सीसी संबंधित अधिकारियों को शीघ्र प्रस्तुत करने कहा। उन्होंने कैच द रैन अंतर्गत जल संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु नगरीय निकायों की कार्य गतिविधियों की जानकारी ली।

## जेएलएन अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन



**भिलाई, 19 जून।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य चिकित्सालय पं. जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र के ब्लड सेंटर ने स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने एवं सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए 14 से 16 जून तक 20वां विश्व रक्तदाता दिवस मनाया। 3 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ रविन्द्रनाथ एम तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारीगण डॉ प्रमोद बिनायके, डॉ विनीता द्विवेदी और डॉ कौशलेन्द्र ठाकुर के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यपालक निदेशक ए के चक्रवर्ती ने 14 जून को जेएलएन अस्पताल के ब्लड सेंटर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। चक्रवर्ती ने मुख्य महाप्रबंधक असित साहा, मुख्य महाप्रबंधक अनुराग उपाध्याय, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ त्रिनाथ दास व डॉ जीवन लाल, पूर्व- मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजीव पाल सहित अन्य रक्तदाताओं के साथ स्वैच्छिक रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का उद्देश्य स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देना और अधिक संख्या में रक्तदाताओं को पंजीकृत करना था। सभी स्वैच्छिक रक्तदाताओं को सराहना के रूप में स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# जिले के 1.16 लाख कृषको के खाते में 23.46 करोड़ की राशि पीएम ने हस्तांतरित की



**कवर्धा,19 जून।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वराणसी उत्तरप्रदेश से देश के करोड़ों किसानों के खाते में सीधे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 17 वीं किश्त की राशि हस्तांतरित किया। कबीरधाम जिले के ग्राम नेवारी स्थित कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में पीएम सम्मान निधि योजना के तहत हस्तांतरित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया, जिसमें जिले के हजारों किसान शामिल हुए। पीएम सम्मान निधि योजना अंतर्गत जिले के 1 लाख 15 हजार 614 कृषको के खाते में 23 करोड़ 46 लाख की राशि हस्तांतरित की गई। प्रधानमंत्री श्री मोदी वर्चुअल माध्यम से कृषकों से संवाद भी किया। सांसद संतोष पाण्डेय ने संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत लाभान्वित किसानों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज का दिन किसानों की खुशहाली और उनकी प्रगति के लिए ऐतिहासिक दिन साबित होगा। इस खुशहाली में भगवान इंद्रदेव भी बारिश का हम सबकों आशीर्वाद देने पहुंचे है। सांसद पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना के तहत देश के करोड़ों किसानों के लिए यह योजना उनके आर्थिक उन्नित और प्रगति का एक मजबूत आधार बन रहा है। किसान अपनी छोटी-छोटी जरूरतों और खाद-बीज जैसे अति आवश्यक सामाग्रियों की खरीदी के लिए किसी और का सहायता लेने की जरूरत नहीं पड़ रही है। इस योजना के तहत किसानों को साल में 06 हजार रूपए अतिरिक्ति लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आज कबीरधाम जिले के 1 लाख 15 हजार 614 कृषको के खाते में 23 करोड़ 46 लाख की राशि उनके खाते में सीधे पहुंचाने का काम देश के सार्वाधिक लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के हाथों आज 17 वीं किस्त जारी की गई है। इस तरह से कबीरधाम जिले में अब तक 348.135 करोड़ रुपए की राशि हस्तांतरित की जा चुकी है। पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे किसान भाई बड़े उत्साह और उमंग के साथ पीएम सम्मान निधि योजना की राशि का इंतजार करते है। किसानों की उन्नति के लिए और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए शुरू की गई प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अब तक की सफलतम योजनाओं में शामिल है। उन्होंने सभी लाभन्वित किसानों को बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। इससे पहले सांसद संतोष पाण्डेय, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा और जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला भट्ट पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव सियाराम साहू, पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी, पूर्व विधायक अशोक साहू , जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, कवर्धा जनपद अध्यक्ष श्रीमती इंद्राणी दिनेश चंद्रवंशी , पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, कैलाश चंद्रवंशी, भुनेश्वर चंद्राकर श्री चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, डॉ. आनंद मिश्रा सहित कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे, जनप्रतिनिधियों ने मां सरस्वती के तैल्यचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कृषि विज्ञान केन्द्र परिसर में तकनीकी खेती एवं मतस्य पालन की जानकारी देने के लिए कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य, पशुपालन विभाग और स्व सहायता समूहों की स्टॉल एवं प्रदर्शनी लगाई गई थी। सांसद पाण्डेय, पंडरिया विधायक श्रीमती बोहरा सहित अतिथियों ने स्टॉलों का अवलोकन किया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का उद्देश्य देश के गरीब किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार करके उनकी आय में वृद्धि करना है। योजनांतर्गत पात्र कृषक परिवार जिनके पास कृषि धारित भूमि है उनकों प्रत्येक वर्ष आर्थिक सहायता के रूप में 6 हजार रूपए तीन किश्तों में प्रदान की जाती है। जिले के पात्र पंजीकृत कृषकों को अब तक कुल 16 किस्त की राशि 348.135 करोड़ कृषकों के खाते में हस्तातरित की जा चुकी है। 17 वीं किस्त की राशि जिले के पात्र पंजीकृत 1 लाख 15 हजार 614 कृषकों के खाते में राशि 23.4618 करोड़ रूपए डीबीटी के माध्यम से हस्तातरित की गई। राशि के हस्तांरण होने पर जिले के कृषकों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। खरीफ सीजन प्रारंभ होने जा रहा है और कृषकों को कृषि आदान जैसे खाद, बीज, कीटनाशक खरीदने के लिए राशि के रूप में आर्थिक सहायता मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा मछली पालन विभाग के अंतर्गत नांव योजना के तहत पांच हितग्राही श्रीमती रामहीन बघेल को जाली एवं आईस बाक्स, श्रीमती गायत्री साहू, रामकली धुर्वे, सोनी मल्लाह को जाली और मिलिन खरे को आइस बॉक्स वितरण किया गया। इसके साथ ही 14 हितग्राही श्रीमती सुमनलता कौशिक, श्रीमती दशमत चेलक, श्रीमती ममता बघेल, श्रीमती सुनीता साहू, श्रीमती सरस्वती साहू, श्रीमती मनीषा, श्रीमती सतरूपा, श्रीमती संतोषी बाई चंद्रवंशी, श्रीमती गीता तिवारी, श्रीमती शीशम साहू, श्रीमती गंगोत्री जायसवाल, श्रीमती हेमलता, श्रीमती सविता और श्रीमती निर्ति साहू को कृषि सखी प्रमाण पत्र वितरण किया गया। इस दौरान किसान दिगदर्शिका पुष्तिका का विमोचन भी किया गया।

# प्रदेश की भाजपा सरकार कानून व्यवस्था संभालने में विफल: कांग्रेस

■ शहर जिला व ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 19 जून।** बलौदाबाजार के ग्राम महकोनी में जैतखाम के अपमान व तोड़फोड़ में संतोषप्रद कार्यवाही न होने के चलते सामाजिक संगठन द्वारा निकाली रैली के दौरान उग्र प्रदर्शन से जिला कार्यालय व पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में हुई आगजनी से सैकड़ों दो पहिया वाहन व चार पहिया वाहन एवं शासकीय संपत्ति को क्षति पहुंची है। जिसको लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार में घटित उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश की लचर कानून व्यवस्था के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी के तारतम्य में शहर जिला कांग्रेस व ग्रामीण कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार 18 जून को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। जानकारी देते हुए शहर कांग्रेस महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के आव्हान पर कार्यक्रम प्रभारी व पूर्व विधायक वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर की उपस्थिति, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के संयुक्त नेतृत्व में मंगलवार 18 जून को महावीर चौक फ्लाई ओवर के नीचे धरना-प्रदर्शन कर कांग्रेसजनों ने प्रदेश की लचर कानून व्यवस्था के खिलाफ धरना-प्रदर्शन कर भाजपा सरकार को जमकर कोसा व निंदा की।

कार्यक्रम प्रभारी व पूर्व विधायक वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि संतों को मानने वाले समाज सतनामी समाज के जैतखांम को तोड़ा गया है उन आरोपियों पर कार्यवाही कर अपना न्याय मांग रहे थे, किन्तु छत्तीसगढ़ सरकार कोई कार्यवाही न कर निर्दोष ग्रामीणों को फंसाया गया जिस पर समाज द्वारा आक्रोशित होकर धरना-प्रदर्शन किए किन्तु वहां पर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़फोड कर नुकसान पहुंचाया गया। जब प्रदर्शन उग्र हो रहा था तो भीड़ को रोकने के बजाए पुलिस अफसर हाथ में हाथ धरे क्या कर रहे थे। पूर्व मंत्री धनेश पाटिला ने कहा कि सतनामी समाज हमेशा से शांति का पक्षधर रहा है गुरू घासीदास जी के मनखे-मनखे एक समान का अक्षरशः पालन करता रहा है। समानता और शांति का संदेश देने वाले पवित्र गिरौधपुरी धाम में जैतखांम को खंडित करना और उस पर प्रशासनिक एवं पुलिस की उचित कार्यवाही नहीं होने के कारण सम्मेलन का आयोजन किया गया था इसकी आड़ में असामाजिक तत्वों द्वारा यह घृणित कृत्य किया गया। हम किसी भी प्रकार के हिंसा के खिलाफ है। ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि छग में भाजपा की सरकार आते ही छग के इतिहास में पहली बार इस तरह की घटना घटी है, सतनामी समाज शांति एवं अहिसा के पक्षधर समाज है शांति के प्रतीक है। प्रदेश की भाजपा सरकार ने इस पर समय रहते ध्यान नहीं दिया जिसके कारण सम्मेलन की आड़ में असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़फोड़ व आगजनी की गई।

## एक नजर

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये 21 जून से 10 जुलाई तक प्रातः वार्डो में शिविर

**राजनांदगांव 19 जून।** नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कडी में हितग्राहियों को माह मई 2024 का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 21 जून 2024 से 10 जुलाई 2024 तक प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 21 जून को बजरंगपुर वार्ड नं. 1 के लिये साहू धर्मशाला बजरंगपुर नवागांव में, महात्मा बुद्ध वार्ड नं. 2 के लिये लोधी भवन में व पदुमलाल पुनालाल बक्शी वार्ड नं. 4 के लिये पंचायत भवन नया ढाबा व स्कूल के पास मंच पुराना ढाबा में एवं 24 जून को मोतीपुर वार्ड नं. 3 व रामनगर वार्ड नं. 8 के लिये मोतपुर स्कूल सामुदायिक भवन में, शासकीय मुद्रणालय वार्ड 6 के लिये चिखली स्कूल में, महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड नं. 10 के लिये शिव मंदिर शांति नगर में व राजेन्द्र प्रसाद वार्ड नं. 11 के लिये ओव्हर ब्रिज के नीचे आंगनबाडी में शिविर का आयोजन किया गया है। निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डो में आयोजित शिविर में प्रातः 11ः 30 बजे से दोपहर 4 बजे तक उपस्थित होकर माह मई 2024 की पेशन का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने शिविर में लगे कर्मियों से कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन का कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवे एवं कोई भी हितग्राही पेंशन लेने से वंचित न रहे, इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे।

### कलेक्टर ने 1 जुलाई से लागू होने वाले नये कानून के प्रति जागरूक करने ली अधिकारियों एवं प्राचार्यों की बैठक

**राजनांदगांव 19 जून।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने 1 जुलाई से लागू हो रहे नये आपराधिक कानून की जागरूकता के संबंध में शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं महाविद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने नये कानूनों से कॉलेज एवं स्कूलों के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को जागरूक करने के निर्देश दिए। इसके लिए महाविद्यालयों में कार्यशाला आयोजित करने कहा। जिससे विद्यार्थी एवं जनसामान्य अपने अधिकारों के बारे में जान सकेंगे। उन्होंने बताया कि 1 जुलाई 2024 से भारतीय दण्ड संहिता 1860 के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता 2023 लागू किया जाएगा। इसी तरह दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 के स्थान पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 लागू किया जाएगा। भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 के स्थान पर भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 लागू किया जाएगा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं महाविद्यालय के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### विंक स्टूडियो के कलाकारों के गाने ने विंक म्यूज़िक पर 1.7+ बिलियन स्ट्रीम को किया पार

**रायपुर 19 जून।** डाउनलोड और दैनिक सक्रिय उपयोगकर्ताओं के मामले में भारत के नंबर वन म्यूज़िक स्ट्रीमिंग ऐप, विंक म्यूज़िक- नये उभरते संगीत कलाकारों के लिए अपने गानों को देश भर के दर्शकों तक पहुँचाने के लिए लॉन्च पैड, ने विंक स्टूडियो के स्वतंत्र कलाकारों के गानों के लिए 1.7+ बिलियन स्ट्रीम की एक प्रभावशाली इंडस्ट्री-अग्रणी उपलब्धि हासिल की है। इन गानों ने, उल्लेखनीय रूप से, विंक स्टूडियो के लॉन्च के दो साल के भीतर इस मील के पत्थर को पार कर लिया है, जो संगीत को बढ़ावा देने और प्रतिभाशाली और उभरते कलाकारों का समर्थन करने के लिए विंक की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। भारती एयरटेल के मुख्य मार्केटिंग अधिकारी, अमित त्रिपाठी ने कहा, ÷हमने उभरते कलाकारों को, अपने संगीत से कमाई करने के लिए एक प्लेटफ़ॉर्म देने के लिए विंक स्टूडियो को लॉन्च किया साथ ही, हमने अपने ग्राहकों को एक विशाल संगीत की लाइब्रेरी भी उपलब्ध कराई। इन गानों के लिए 1.7 मिलियन स्ट्रीम यह दिखाता हैं कि हमारे ग्राहक इस संगीत का कितना आनंद ले रहे हैं जबकि हम इससे कलाकार की मदद कर पा रहे हैं।

### मनरेगा के जरिए श्रमिकों को मिल रहे रोजगार के अवसर

**धमतरी 19 जून।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत श्रमिकों को रोजगार के अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। वहीं उनके जीवन स्तर में बदलाव भी आ रहा है। जिले में वित्तीय वर्ष 2024-25 में 162 कार्यों के लिए राशि 6 करोड़ 80 लाख रूपये की स्वीकृति मिली तथा समस्त कार्यों से श्रमिकों ने निर्माण कार्य से 23 लाख 99 हजार मानव दिवस सृजन किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में ग्रामीण श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ की जल संरक्षण की दिशा में 102 अमृत सरोवर का निर्माण किया गया है। वित्तीय 2023-24 में कुल 19 नवीन अमृत सरोवर की स्वीकृति दी गई है। जिसमें प्रतिदिन लगभग 36424 श्रमिकों को रोजगार मिला। योजना अंतर्गत वर्षा ऋ्तु के दौरान श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु निर्माण कार्यों की स्वीकृति के संबंध में उन्होंने बताया कि जरूरतमंद परिवारों को महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत मांग के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराने हेतु पर्याप्त संख्या में ऐसे कार्य स्वीकृत किए जाएं, जो वर्षा ऋ्तु में भी संचालित हो सके। विगत वर्षों के ऐसे अपूर्ण पक्के कार्य हैं जिन्हें वर्षा ऋ्तु में कराया जाना संभव है, तो उन्हें प्राथमिकता से पूर्ण कराने के निर्देश जनपद पंचायतों के सीईओ को दिए। कार्य के दौरान यह भी सुनिश्चित करने कहा गया कि ऐसे कार्य जो वर्षा ऋ्तु में संभव नहीं है उन्हें किसी भी स्थिति में नहीं किये जावें। साथ ही वर्षा ऋ्तु के दौरान श्रमिकों के मांग के आधार पर प्रधानमंत्री आवास योजना( ग्रामीण), नवीन पंचायत भवन निर्माण, आंगनबाड़ी भवन निर्माण, खाद्यान्न भंडारण भवन का निर्माण, बकरी शेड निर्माण, मुर्गी शेड निर्माण , पशु शेड निर्माण, सुअर शेड निर्माण, नाडेप कंपोस्ट संरचना का निर्माण, वर्मी कंपोस्ट संरचना का निर्माण, शमशान घाट निर्माण, नर्सरी तैयार करना, वृक्षारोपण (ब्लॉक, सड़क किनारे, किनारों एवं तटीय किनारों पर, बंजर भूमि के किनारों पर) मनरेगा श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराकर स्थायी परिसंपत्ति का सृजन कर सकें।

# ग्राम बघेरा एवं बोरी में जल संरक्षण, स्वच्छता के प्रति किया गया जागरूक

■ स्वयं सेवी संस्था उद्याचल ने पौधरोपण के लिए किया सीड बाल निर्माण

■ बरसात के मौसम में सीड बाल का उपयोग कर अधिक से अधिक किया जाएगा पौधरोपण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 19 जून ।** जिला प्रशासन द्वारा जिले में मिशन जल रक्षा अभियान अंतर्गत जल संरक्षण एवं पौधरोपण के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में ग्रामों में संगोष्ठी का आयोजन कर जल संरक्षण, पौधरोपण, धान के बदले कम पानी वाले फसल, स्वच्छा सहित अन्य विषयों के संबंध में जानकारी दी जा रही है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जल संरक्षण एवं पौधरोपण के लिए कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम बघेरा में जल संरक्षण, स्वच्छता एवं फसल संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में सरपंच, सचिव व गणमान्य नागरिकों द्वारा गांव को स्वच्छ रखने, जल का दुरूपयोग नहीं करने एवं पौधरोपण के सम्बन्ध जानकारी देने के साथ ही प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर आरईओ श्री जीतेन्द्र वर्मा, तकनीक सहायक जनपद पंचायत राजनांदगाव श्री गोपीचंद साहू, श्रीमती नीति शर्मा, सरपंच श्री हरीश देशमुख, सचिव श्री मोहन लाल साहू, रोजगार सहायक श्रीमती पार्वती साहू सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वसहायता समूह की महिलाएं, स्वच्छताग्राही, गणमान्य नागरिक, पंचायत कर्मचारी सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

इसी तरह राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम बोरी में जल सुरक्षा एवं फसल संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में कृषकों को धान के बदले कम पानी वाले अन्य फसल जैसे रागी मक्का, दलहन, तिलहन, कपास लगाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही किसानों को विभागीय योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई और जल संरक्षण के लिए शपथ दिलाई गई। स्वयं सेवी संस्था उद्याचल द्वारा पौधरोपण के लिए सीड बाल निर्माण अभियान प्रारंभ किया गया है। जिसके तहत खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले से आए सीड बाल बनाने में दक्षता रखने वाले 7 कार्यकर्ता द्वारा उदयाचल में सीड बाल बनाने का प्रशिक्षण दिया गया और 1940 सीड बाल बनाए गए। जल संरक्षण एवं पौधरोपण तहत उदयाचल द्वारा बरसात के मौसम में सीड बाल का उपयोग कर अधिक से अधिक पौधरोपण करने का लक्ष्य रखा गया है।

# किसानों और ग्रामीणों के सच्चे साथी बनेंगे दामिनी व मेघदूत एप

**राजनांदगांव 19 जून।** किसानों और ग्रामीणों के दो सच्चे साथी अब हमेशा उनके साथ रहेंगे। एक उन्हें मौसम संबंधी जानकारी से लैस करेगा, तो दूसरा आकाशीय बिजली की कहर से बचाएगा। छत्तीसगढ़ में मानसून की दस्तक के साथ ही खेती-किसानी का काम-काज शुरू हो जाता है। किसान भाई मौसम संबंधी सटीक जानकारी के लिए मेघदूत और आकाशीय बिजली से जनहानि और पशुहानि से बचाव के लिए दामिनी एप्प का सहारा ले सकते हैं। भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने इन दोनों एप्प को लॉन्च किया है। इसे गूगल प्ले स्टोर के माध्यम से किसी भी एंड्राइड मोबाईल पर डाउनलोड किया जा सकता है। छत्तीसगढ़ सरकार के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा सभी कलेक्टरों को राजस्व विभाग और अन्य विभागों के मैदानी अमले के माध्यम से इन दोनों ही एप्प का प्रचार-प्रसार करने के साथ ही गांवों में मुनादी करने के निर्देश दिए गए हैं। खेती-किसानी के सीजन में किसानों के लिए मौसम की सटीक जानकारी आवश्यक होती है, इससे खेती-किसानी का काम-काज व्यवस्थित और सुचारू ढंग से करने में मदद मिलती है। मेघदूत एप्प के माध्यम से किसान भाई मौसम पूर्वानुमान जैसे तापमान, वर्षा की स्थिति, हवा की गति एवं दिशा इत्यादि की जानकारी मिलेगी, जिससे किसान अपने क्षेत्र की मौसम से संबंधित पूर्वानुमान की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। मानसून के दौरान ही आकाशीय बिजली की घटनाओं का सिलसिला शुरू हो जाता है, इसके कारण अधिक संख्या में जन एवं पशु हानि की सूचनाएं प्राप्त होती है। इन घटनाओं में कमी लाने और लोगों को सचेत करने के लिए दामिनी एप्प तैयार किया गया है। इस एप्प के माध्यम से 20 से 31 किलोमीटर के दायरे में आकाशीय बिजली का पूर्वानुमान मिल जाएगा। इससे पशुहानि और जनहानि को रोकने में मदद मिलेगी। जब ठंडी हवा संघनित होकर बादल बनती है तब इन बादलों के अंदर गर्म हवा की गति और नीचे ठंडी हवा के होने से बादलों में धनावेश (पॉजिटिव चार्ज) ऊपर की ओर एवं ऋ्णावेश (निगेटिव चार्ज) नीचे की ओर होता है। बादलों में इन विपरीत आवेशों की आपसी क्रिया से विद्युत आवेश उत्पन्न होता है। इस प्रकार आकाशीय बिजली उत्पन्न होती है। फिर धरती पर पहुंचने पर आकाशीय बिजली बेहतर चालक को तलाशती हैं, जिससे वह गुजर सके। इसके लिए धातु और पेड़ उपयुक्त होते हैं। बिजली अक्सर इन्हीं माध्यमों से पृथ्वी में जाने का रास्ता चुनती है।

# भाजपा नेत्री पूर्णिमा नंदू साहू का सुपुत्र हुआ मुंबई में सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 19 जून।** प्रदेश की भाजपा नेत्री श्रीमती पूर्णिमा साहू एवं विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सह मंत्री नंदू राम साहू निवासी रेवाड़ीह के पुत्र रूपम साहू मुंबई में सम्मानित हुए हैं। रूपम को इंटरनेशनल स्पोर्ट्स ऑफ मैनेजमेंट ग्रेजुएट डिग्री प्रदान की गई है। उनकी इस उपलब्धि पर के नगर जिले सहित प्रदेश भर के शुभचिंतकों की ओर से बधाई मिलने का सिलसिला जारी है।

मूलत कृषक परिवार से जुडे रूपम साहू को विगत दिनों मुम्बई के सभागार मे इंटरनेशनल स्पोर्ट आफ मैनेजमेंट के ग्रेजुएशन मे उत्तीर्ण भारत वर्ष के सफल विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान किया गया। जिसमे उच्च शिक्षा विद् व 155 विद्यार्थी की गरिमामय उपस्थिति रही। छत्तीसगढ़ से केवल दो विद्यार्थी को डिग्री प्रदान किया गया जिसमें एक राजनांदगांव और दूसरा भिलाई का है।




# आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को मिल रहा है गर्म भोजन सहित रेडी टू ईट फूड

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार,19 जून।** बलौदाबाजार विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुकुरदी के सांवरा बस्ती के बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्र में पंजीकृत 3 से 6 वर्ष के बच्चों, गर्भवती महिलाओं को गरम भोजन प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ ही 6 माह से 03 वर्ष के बच्चे गर्भवती महिलाओ एवं शिशुवती महिलाओं को रेडी टू ईट फूड का वितरण किया जा रहा है। बच्चों का वजन, ऊंचाई भी लिया जा रहा है। पात्र गर्भवती महिलाओं को प्रधानमंत्री योजना के तहत् लाभांवित किए जाने हेतु चिन्हांकित किया गया है। नियमित रूप से टीकाकरण किया जा रहा है। कार्यकर्ताओं / मितानिन के सहयोग से जननी सुरक्षा योजना से पात्र महिलाओं को लाभांवित किया जा रहा है, पात्र महिलाओं को महतारी वंदन योजना से लाभांवित किया जा रहा है। व्यवहार परिवर्तन हेतु स्वच्छता अभियान का भी आयोजन सतत किया जा रहा है।

## सोमवार व मंगलवार को निगम में आयोजित शिविर में 14 दुकानों का हुआ अनुबंध

# दुकानों का अनुबंध व किराया जमा करने टाउन हाल में शिविर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 19 जून।** निगम सीमाक्षेत्र में निर्मित निगम स्वामित्व की विधिवत आबंटित दुकानों तथा मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजनांतर्गत निर्मित दुकानों का आबंटन पश्चात अनुबंध नही कराने तथा किराया जमा नहीं करने वालों के लिये निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर प्रत्येक सोमवार व मंगलवार को निगम टाउन हाल में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। दिनांक 11 जून तथा 18 जून 2024 को आयोजित शिविर में 14 दुकानदारों ने अनुबंध कराया। उल्लेखनीय है कि निगम सीमाक्षेत्र के विभिन्न स्थानों में निगम स्वामित्व कि निर्मित दुकानों में नीलामी के माध्यम से आबंटित दुकान तथा मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजनांतर्गत निर्मित दुकानों में विधिवत आबंटित दुकानों में से अनेको दुकानों के दुकानदारो द्वारा अनुबंध नहीं कराया गया था, और न ही किराया जमा किया गया था। दुकानों का अनुबंध कराने व किराया जमा करने निगम आयुक्त के निर्देश पर सोमवार व मंगलवार को निगम टाउन हाल में शिविर लगाया गया। शिविर का अच्छा प्रतिसात मिला और 14 दुकानदारों ने अपनी दुकानों का अनुबंध कराया। अनुबंध के संबंध में उपायुक्त श्री मोबिन अली ने बताया कि दिनांक 11 जून मंगलवार को आयोजित शिविर में 5 दुकानदारों ने अनुबंध कराया। इसी प्रकार आज 18 जून मंगलवार को आयोजित शिविर में 9 दुकानदारों ने अनुबंध कराने दस्तावेंज जमा कराया। उन्होंने बताया कि 5 दुकानों में 3 दुकान मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना की एवं 2 दुकान निगम स्वामित्व की जिसका अनुबंध कराया गया और 9 दुकानों का अनुबंध कराने दस्तावेंज प्राप्त हुआ जिसमें 2 दुकान मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना की है तथा 7 दुकाने निगम स्वामित्व की है, जिसका अनुबंध कराया जा रहा है। उपायुक्त श्री मोबिन अली ने कहा कि निगम स्वामित्व की दुकानों के अनुबंध के लिये आवश्यक दस्तावेंज में भुगतान किये गये प्रीमियम की रसीद की प्रति, आधार कार्ड की प्रति, दो पासपोर्ट साईज फोटो, दो गवाह आधार कार्ड की प्रति लेकर उपस्थित होना है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना की दुकानों के अनुबंध के लिये, 8 सौ रूपये का स्टॉम्प, 8 हजार रूपये की रसीद, आधार कार्ड की प्रति, दो पासपोर्ट साईज फोटो, दो गवाह, आधार कार्ड की प्रति लेकर अनुबंध करा किराया जमा कर सकते है। उन्होंने निगम स्वामित्व की दुकानों के अनुबंध नही कराने वाले दुकानदारों तथा स्वावलंबन योजना के आबंटितो से सोमवार व मंगलवार को टाउन हाल में उपस्थित होकर अनुबंध करा किराया जमा करने की अपील की है।

## समाचार संक्षेप

### कलेक्टर ने ली डेंगू एवं मलेरिया उन्मूलन के




**राजनांदगांव 19 जून।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में डेंगू एवं मलेरिया उन्मूलन के लिए जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक ली। कलेक्टर ने बताया कि डेंगू का मच्छर आम मच्छरों से अलग होता है और यह दिन की रोशनी में काटता है। ऐसे में घर और आसपास मच्छरों को पनपने नहीं दें। कूलर में पानी जमा होने से उसमें डेंगू का लार्वा पनपने का खतरा रहता है। कूलर का उपयोग नहीं होने पर उसका पानी खाली कर दें एवं जो कूलर चालू है, उसे प्रति सप्ताह खाली कर साफ कर पानी भरें। घर की छत पर रखे गमलों या अन्य चीजों में पानी जमा हो तो उसे तुरंत खाली करना चाहिए, क्योंकि इसमें डेंगू लार्वा पैदा हो सकते हैं। घरों के आसपास या गड्ढों में पानी जमा नहीं होने दें एवं जमा पानी के गड्ढे में जला हुआ तेल डाल दें, जिससे आक्सीजन नहीं मिलने के कारण मच्छर के लार्वा नष्ट हो जाए। मच्छरों से बचने के लिए मच्छरदानी का इस्तेमाल करें। घर के दरवाजों में जाली लगवाएं, पैरों में मोजे पहने एवं दिन में भी सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। बचाव ही सावधानी है। कलेक्टर ने कहा कि अपने कार्यालय, निवास एवं आस-पास के क्षेत्रों में साफ-सफाई रखें तथा पानी जमा नहीं होने दें एवं नगर निगम को शहरी क्षेत्रों में साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधि डॉ. राजेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि डेंगू मच्छर जनित एक वायरल बीमारी है। जिसमें सिर में दर्द, तेज बुखार, मांसपेशियों एवं जोड़ों में दर्द जैसी परेशानियां होती हैं और त्वचा पर चकत्ते भी निकल आते हैं। डेंगू फीमेल एडीज मच्छर के काटने से होता है। डेंगू और मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियां मच्छरों के काटने से होती हैं, लेकिन मामूली सावधानी अपनाने से मच्छर के काटने से बचा सकता है।

### महेंद्र धुर्वे एशियाई वॉलीबॉल में हिस्सा लेने ईरान जायेंगे

**राजनांदगांव , 19 जून ।** शहर के उदीयमान वॉलीबॉल खिलाड़ी महेंद्र धुर्वे उर्फ हनु जुलाई 2024 में शुरू होने जा रहे अंडर 18 एशियाई गेम में हिस्सा लेने ईरान के बहरीन शहर जायेंगे । प्रतियोगिता 04 अगस्त 2024 तक चलेगी । वॉलीबॉल की एन आई एस कोच संध्या धुर्वे तथा पिता धर्मपाल सिंह धुर्वे के पुत्र महेंद्र धुर्वे ने अपनी छोटी सी उम्र में पहाड़ों जैसी सफलताओं के इतिहास रच कर वॉलीबाल की दुनिया में अलग पहचान बनाई है । महेंद्र धुर्वे की मौसी रेखा पदम छत्तीसगढ़ की एक मात्र विक्रम अवार्ड की हकदार बनकर अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी के रूप में स्थापित हो चुकी हैं । छत्तीसगढ़ की खेल एवं संस्कार धानी राजनांदगांव को एक बार फिर से गौरवान्वित होने का अवसर मिला है । शहर के धुर्वे परिवार के चमकदार सितारे महेंद्र धुर्वे ने वॉलीबाल के प्रति बचपन से जो रुचि दिखाई ,वह आज परवान चढ़ चुकी है । अनेक राष्ट्रीय खेलों में वॉलीबाल के दर्शकों को अपने उत्कृष्ठ खेल से प्रभावित करने वाले महेंद्र धुर्वे अब जुलाई 2024 से अगस्त तक चलने वाले अंडर 18 एशियाई खेलों में अपने वॉलीबाल के प्रति समर्पण का प्रदर्शन करने ईरान के बहरीन शहर जा रहे हैं । शहर के स्टेट स्कूल के मैदान में अपनी मां संध्या धुर्वे तथा अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी रेखा पदम एवं अन्य सीनियर खिलाड़ियों से वॉलीबाल की बारीकियों को सीखते हुए आज महेंद्र धुर्वे खुद एक ऊंचाई को प्राप्त कर चुके हैं। 18 वर्ष की छोटी सी उम्र में महेंद्र धुर्वे , जिसे वॉलीबाल के मैदान में हनु के नाम से प्रसिद्धि मिल चुकी है , ने इतनी प्रतियोगिताओं में प्रतिनिधित्व कर चुके हैं कि उन्हें उपलब्धियों का सितारा माना जाने लगा है । 2022 में हरियाणा के पंचकुला में खेलो इंडिया का हिस्सा बने । स्कूल मिनी नेशनल नल्लूर आंध्रप्रदेश , स्कूल नेशनल कटप्पा आंध्रप्रदेश , राष्ट्रीय चैंपियनशिप शिरडी , राष्ट्रीय चैंपियनशिप आइजोल मिजोरम में छत्तीसगढ़ वॉलीबॉल संघ की ओर से प्रदेश का प्रतिनिधित्व । महज 16 वर्ष की उम्र में भारतवर्ष का प्रतिनिधित्व करते हुए सैन जुआवा अर्जेंटीना में अंडर 19 विश्व वॉलीबाल चैंपियनशिप में हिस्सा लिया । हनु छत्तीसगढ़ का एकमात्र खिलाड़ी है जिसने वॉलीबाल में वर्ल्ड चैंपियनशिप में प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। महेंद्र धुर्वे की गौरवशाली उपलब्धि पर अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी रेखा पदम सहित जिला बॉलीबाल संघ के अध्यक्ष देवेंदर सिंह गरचा , सचिव मिर्जा आबिद , सह सचिव गुरजिंदर सिंह ग्रेवाल , संध्या धुर्वे , धर्मपाल सिंह धुर्वे एवं सदस्य अब्दुल हकीम , शरद युनुस , बेंजामिन युनुस , दिलीप हट्टेवार , सुनील बनसोड़ , इरफान कादरी , समर अब्बास , सोहेल खान , तुलसी सिंह , ममता गुप्ता , मुकेश बुराडे ने बधाई दी है ।



### स्मार्टफोन बाजार में धूम मचाई

**रायपुर.** मोबाइल टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्र में दुनिया की अग्रणी कंपनी, मोटोरोला ने आज अपनी edge फ्रेंचाइजी में सबसे एडवांस्ड स्मार्टफोन, motorola edge 50 Ultra को लॉन्च किया। edge 50 सीरीज में शामिल किए गए सबसे नए स्मार्टफोन के रूप में, motorola edge 50 Ultra इंटेलिजेंस और आर्ट के मामले में सबसे आगे है, और इसी वजह से यह सही मायने में अपने सेगमेंट का सबसे अनोखा स्मार्टफोन है। इंटेलिजेंस का सहज तरीके से उपयोग करने वाले इस फ्लैगशिप स्मार्टफोन में moto ai फीचर मौजूद है, जिसमें AI जनरेटिव थीमिंग के साथ स्टाइल सिंक, इमेज जेनरेशन को प्रेरित करने के लिए टेक्स्ट के साथ मैजिक कैनवास और इसी तरह के कई अत्याधुनिक इनोवेशन जैसे कई शानदार फ़ंक्शन शामिल हैं। इसके अलावा, इस स्मार्टफोन को Motorola के अब तक के सबसे प्रभावशाली कैमरा सिस्टम के साथ पेश किया गया है, जिसमें AI संचालित Pantone¦ वैलिडेटेड कैमरा मौजूद है। इसके अलावा, motorola edge 50 Ultra सबसे उम्दा स्मार्ट कनेक्ट फीचर के साथ आता है, जो अलग-अलग डिवाइस के बीच कनेक्टिविटी को बेहद सरल बना देता है। इस स्मार्टफोन में 6.7" का लगभग बॉर्डरलेस कर्व्ड, pOLED डिस्प्ले है, जिसे बेहतरीन तालमेल के साथ बड़ी खूबसूरती से तैयार किए गए डिज़ाइन और सेगमेंट में एकमात्र TurboPower¦ 50W वायरलेस चार्जिंग और 125W TurboPower¦ चार्जिंग के साथ पेश किया गया है।

संपादकीय

# रायबरेली न छोड़ना अच्छा फैसला तो है पर

राजनीति में कई बार ऐसे फैसले करने पड़ते हैं कि नुकसान भी होता है और फायदे की संभावना भी रहती है। तो ऐसे मौके पर यह देखा जाता है कि क्या फैसला करने में फायदा ज्यादा है, नुकसान कम है। यह सोचकर ही वह फैसला किया जाता है जिसमें ज्यादा फायदा और कम नुकसान होता है। राहुल गांधी को इस बार के लोकसभा चुनाव में पार्टी के दबाव में दो सीटों से चुनाव लड़ना पड़ा। पहले फैसला यह किया गया था कि राहुल गांधी एक ही सीट पर चुनाव लडेंगे वह सीट थी उनके लिए सुरक्षित समझी जाने वाली सीट वायनाड। बाद में सोनिया गांधी के रायबरेली से चुनाव न लड़ने व वहां से प्रियंका गांधी के चुनाव हारने की आशंका को देखते हुए प्रियंका गांधी को न तो रायबरेली से चुनाव लड़ाने का जोखिम उठाया गया न ही अमेठी से चुनाव लड़ाने को पार्टी तैयार हुई। यह माना गया कि दोनों ही सीट फिलहाल प्रियंका गांधी के लिए सुरक्षित नहीं है, भाजपा उनको हराने के लिए एड़ी चोटी की जोर लगा देगी। कांग्रेस नहीं चाहती थी कि प्रियंका गांधी अपना पहला चुनाव ही हार जाएं. वैसे भी वह यूपी में एक बार पार्टी को चुनाव जिताने के लिए मैदान में उतरी थी और बुरी तरह असफल हुई थी। उन्होंने लड़की हूं, लड़ सकती हूं का नारा दिया था लेकिन न ठीक से लड़ सकी, न पार्टी को जिता सकीं। यहां तक की लोकसभा चुनाव में भी हार के डर से वह कहीं से चुनाव लड़ने से बचती रहीं। कांग्रेस भी उन्हें चुनाव मैदान में उतारने बचती रहीं। प्रियंका गांधी की जगह कांग्रेस ने राहुल गांधी के मनाया कि वह रायबरेली सीट से चुनाव लड़े और बाद में चुनाव हारने पर भी कोई फर्क नहीं पड़ेगी. यदि वह जीत भी जाते हैं तो वह रायबरेली सीट छोड़ सकते हैं और वहां से प्रियंका गांधी को बाद में चुनाव लड़ाया जा सकता है। राहुल गांधी पहले वायनाड़ सीट छोड़ने के मूड में नहीं थे क्योंकि अमेठी में वह हारे थे तो वायनाड ने ही उनको जिताया था। यूपी में कांग्रेस व सपा की बड़ी जीत से राजनीतिक स्थिति बदल गई हैं, इसलिए राहुल गांधी व कांग्रेस ने फैसला किया है कि अब वह रायबरेली सीट नहीं छोड़ेगे बल्कि वायनाड की सीट छोड़ेगे। राहुल गांधी व कांग्रेस को लगता है कि यूपी मे ंलोकसभा चुनाव में जिस तरह कांग्रेस को सफलता मिली है, उसे देखते हुए अभी राहुल गांधी का यूपी को छोड़ना ठीक नहीं होगा। यूपी की जनता को अच्छा मैसेज नहीं जाएगी। राजनीतिक हकीकत यह है कि अखिलेश यादव ने यूपी की राजनीति बदलने की जो कोशिश की, उसका लाभ सपा को मिला है तथा सपा के साथ होने के कारण कांग्रेस को भी मिला है. यह राजनीतिक उपलिब्धि हकीकत में अखिलेश यादव की है। कांग्रेस को वहम हो सकता है कि यह तो उसकी सफलता है, वह सपा के साथ नहीं होती तो सपा को इतनी सफलता थोड़ी न मिलती। कांग्रेस ने दिल्ली में आप पार्टी से चुनाव के बाद ही गठबंधन तोड़ दिया है। इसकी पहल आप ने की तथा बाद में कांग्रेस ने अपनी तरफ से साफ कर दिया कि वह विधानसभा चुनाव दिल्ली में अकेले लड़ेगी। यूपी में कांग्रेस चाहेगी की सपा के साथ गठबंधन विधानसभा चुनाव तक बना रहे। लेकिन हकीकत यह है कि यह कांग्रेस के चाहने से नहीं होगा. यह तो तब होगा जब अखिलेश यादव चाहेंगे। अखिलेश यादव को यदि लगता है कि वह अकेले ही भाजपा को हरा सकते हैं तो वह कांग्रेस के साथ गठबंधन तोड़ देंगे यह कहकर कि गठबंधन तो लोकसभा चुनाव के लिए था, मोदी को हराने के लिए था। अखिलेश यादव तो पहले भी सपा व बसपा से इसी तरह गठबंधन कर तोड़ चुके हैं, अकिलेश यादव को लगता है कि गठबंधन करने में उनको फायदो होगा तो वह करते हैं। जब भी लगता है कि अब गठबंधन से कोई फायदा नहीं है तो वह गठबंधन तोड़ने में देरी नहीं करते हैं। यूपी में अखिलेश यादव नंबर दो पर हैं। यानी भाजपा का विकल्प उनकी पार्टी है। पिछले विधानसभा चुनाव में उन्होंने छोटे दलों के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था और अ्छी सफलता मिली थी। माना जा रहा था कि सरकार तो सपा की बनेगी लेकिन मोदी व योगी को जोड़ी ने दूसरी बार लगातार भाजपा को जिताकर नया रिकार्ड ही बना दिया। इस बार चुनाव जीतने के लिए सपा क्या करेंगे यह अभी साफ नहीं है कि वह एमवाय पर काम करेंगे,पीडीए पर काम जारी रखेंगे। कांग्रेस से गठबंधन बनाए रखेंगे या नहीं रखेंगे। बसपा व भाजपा भी अपने नुकसान का आंकलन कर नई तैयारी कर सामने आएंगे। कम से कम वैसी गलती तो नहीं करेंगे जैसी गलती लोकसभा चुनाव में हुई। यपी का अगला विधानसबा चुनाव भी पहले की तरह दिलचस्प होगा। चुनाव में वक्त है, इसलिए सभी के पास तैयारी के लिए बहुत वक्त है।

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

ललित गर्ग

# योग सशक्त माध्यम है महिला सशक्तीकरण एवं शांति का



मनुष्य के सम्मुख युद्ध, महामारी, महंगाई, बेरोजगारी, प्रतिस्पर्धा के कारण जीवन का संकट खड़ा है। मानसिक संतुलन अस्त-व्यस्त हो रहा है। मानसिक संतुलन का अर्थ है विभिन्न परिस्थितियों में तालमेल स्थापित करना, जिसका सशक्त एवं प्रभावी माध्यम योग ही है। योग एक ऐसी तकनीक है, एक विज्ञान है जो हमारे शरीर, मन, विचार एवं आत्मा को स्वस्थ करती है। यह हमारे तनाव एवं कुंठा को दूर करती है। जब हम योग करते हैं, श्वासों पर ध्यान केन्द्रित करते हैं, प्राणायाम और कसरत करते हैं तो यह सब हमारे शरीर और मन को भीतर से खुश और प्रफुल्लित रहने के लिये प्रेरित करती है। योग ने सिर्फ शरीर को बल्कि मंन को भी शांति और एकाग्रचित करता है। योग के अभ्यास से शांतिपूर्ण मन से व्यक्ति को समाज कल्याण के लिए एक बेहतर निर्णय लेने में मदद मिलती है। इस बार 10वीं बार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2024 को पूरे विश्व में धूमधाम से मनाया जायेगा। इस साल योग दिवस की थीम महिलाओं पर आधारित ह्यमहिला सशक्तिकरण के लिए योगह्ल है।

भारत ने योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई और योग के जरिए सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा दिया। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग लाभकारी है। यह शरीर को रोगमुक्त रखता है और मन को शांति प्रदान करता है। भारतीय संस्कृति से जुड़ी ये क्रिया अब विदेशों तक फैल चुकी है। योग एक स्वस्थ और संतुलित जीवन शैली को प्रोत्साहित करता है। ध्यान व योग मानसिक शांति देता है, जिससे सकारात्मक विचार आते हैं और लोग स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने के लिए प्रोत्साहित होते हैं। योग एक प्राचीन भारतीय परंपरा है, जो अब वैश्विक संस्कृति का हिस्सा बन चुकी है। योग से परस्पर देश विदेश के योगी एक दूसरे से जुड़ते हैं और सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देते हैं। इस वर्ष योग दिवस का लक्ष्य योग के माध्यम से महिलाओं के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, सामाजिक और आध्यात्मिक कल्याण को बढ़ावा देना है। इससे यह सुनिश्चित होगा कि महिलाएं स्वस्थ और आत्मविश्वास से भरपूर हों और समाज में अग्रणी भूमिका निभा रहीं है। इस वर्ष महिलाओं को प्रभावित करने वाली विभिन्न स्वास्थ्य स्थितियों जैसे- मासिक धर्म की परेशानी, रजोनिवृत्ति के लक्षण और प्रजनन स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं पर शोध करने की योजना है। योग आत्म-जागरूकता और आत्म-स्वीकृति को बढ़ावा देता है, जो महिलाओं में आत्मविश्वास और आत्म-सम्मान बढ़ा सकता है, जिससे महिलाओं को अपने लक्ष्यों और आकांक्षाओं को पूरा करने की शक्ति मिलती है। योग के माध्यम से विश्व शांति, उन्नत व्यक्तित्व विकास, शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन, गुस्सा एवं तनाव कम करने जैसे लक्ष्यों को भी हासिल किया जायेगा।

पिछले दिनों कनाडा के ओंटेरियो यूनिवर्सिटी में हुए एक अध्ययन के अनुसार कुंठा और तनाव के लगभग 64 प्रतिशत मरीजों ने माना कि उन्हें इस बात का अंदाज नहीं था कि उनकी खास बीमारी की वजह अंदर दबा गुस्सा हो सकता है। गुस्से की वजह से कुछ मामलों में मरीजों ने अपने आपको नुकसान भी पहुंचाया। एबी कहते हैं, ह्यआपको पता ही नहीं होता कि आपने अपने दिल में क्या-क्या भर रखा है। इसके लिए जरूरी है कि अपने आपको जानें। अगर कोई पुरानी बात आपको मथ रही है तो उसे जाने न दें। आप उस व्यक्ति को माफ कर दें और खुद को भी। इस तरह बिना बोझ के आप जिंदगी में आगे बढ़ पाएंगे ह्ल मन की गंदगी को धोने का माध्यम है योग। पवित्र अंतःकरण ही वह दर्पण है जिसमें आत्मा का दर्शन, प्रकृति का प्रदर्शन और ब्रह्म का संदर्शन होता है। शुद्ध अंतःकरण



में बुद्धि आकाशवत् निर्मल और स्वच्छ रहती है, मन गंगा जैसा पवित्र रहता है, चित्त ऐसा स्थिर रहता है जैसे बिना वायु के अविचल दीपक की ज्योति और सम्पूर्ण चेतना भगवान में मिलने के लिए ऐसी बहती है जैसे समुद्र में मिलने के लिए नदियां। जैसे शीशे में अपना चेहरा तभी दिखलायी पड़ता है जबकि शीशा साफ और स्थिर हो, इसी प्रकार शुद्ध अंतःकरण से ही परम ब्रह्म के दर्शन होते हैं।

अभी कुछ दिन पहले ही एक बात समाचारपत्रों में पढ़ी कि कैंसर क्यों होता है, इसके कई कारण हैं। एक कारण यह है कि जो लोग मस्तिष्क का सही उपयोग करना नहीं जानते उनके कैसर हो सकता है। मस्तिष्क विज्ञानी तो यह भी कहते हैं कि मस्तिष्क की शक्तियों का केवल चार या पांच प्रतिशत उपयोग आदमी करता है, शेष शक्तियां सुप्त पड़ी रहती है। चाहे कर्म का क्षेत्र हो या धर्म का क्षेत्र हो, दोनों में हम पिछड़े हुए हैं। सबसे पहले हमारी जानकारी मस्तिष्क विद्या के बारे में होनी चाहिए। योग विद्या भारत की सबसे प्राचीन विद्या है। इसी भारतीय योग एवं ध्यान के माध्यम से भारत दुनिया में गुरु का दर्जा एवं एक अनूठी पहचान हासिल करने में सफल हो रहा है। इसीलिये समूची दुनिया के लिये अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस स्वीकार्य हुआ है।

हमारे मस्तिष्क में एक पर्त है एनीमल ब्रेन की। वह पर्त सक्रिय होती है तो आदमी का व्यवहार पशुवत हो जाता है। जितने भी हिंसक और नकारात्मक भाव हैं, वे इसी एनीमल ब्रेन की सक्रियता का परिणाम है। इसे संतुलित करने का माध्यम योग है। शारीरिक, मानसिक और अध्यात्मिक शांति एवं स्वस्थ्यता के लिये योग की एकमात्र रास्ता है। लेकिन भोगवादी युग में योग का इतिहास समय की अनंत गहराइयों में छुप गया है। वैसे कुछ लोग यह भी मानते हैं कि योग विज्ञान वेदों से भी प्राचीन है। दुनिया में भारतीय योग को परचम फहराने वाले स्वामी विवेकानंद कहते हैं- ह्यह्यनिर्मल ह्रदय ही सत्य के प्रतिबिम्ब के लिए सवोत्तम दर्पण है। इसलिए सारी साधना ह्रदय को निर्मल करने के लिए ही है। जब वह निर्मल हो जाता है तो सारे सत्य उसी क्षण उसमें प्रतिबिम्बित हो जाते हैं।...पावित्र्य के बिना आध्यात्मिक शक्ति नहीं आ सकती। अपवित्र कल्पना उतनी ही बुरी है, जितना अपवित्र कार्य ह्लह्ल आज विश्व में जो आतंकवाद, हिंसा, युद्ध, साम्प्रदायिक विद्धेष की ज्वलंत समस्याएं खड़ी है, उसका कारण भी योग का अभाव ही है। हम अपनी समस्या को समझें और अपना समाधान खोजें। समस्याएं परेशान करती हैं। जरूरत खुद को काबू में रखने की होती है, हम दूसरों को काबू में करने में जुटे रहते हैं।

विज्ञान ने यह प्रमाणित कर दिया है- जो व्यक्ति स्वस्थ रहना चाहता है, उसे योग को अपनाना होगा। बार-बार क्रोध करना, चिड़चिड़ापन आना, मूड का बिगड़ते रहना- ये सारे भाव हमारी समस्याओं से लडने की शक्ति को प्रतिहत करते हैं। इनसे ग्रस्त व्यक्ति बहुत जल्दी बीमार पड़ जाता है। हमें अपनी योग्यताओं और क्षमताओं को किसी दायरे में बांधने से बचना होगा। ऐसा तब होगा, जब हम योग को अपनी जीवनशैली बनायेंगे। हम जितना ध्यान रोगों को ठीक करने में देते हैं, उतना उनसे बचने में नहीं देते। दवा पर जितना भरोसा रखते हैं, उतना भोजन पर नहीं रखते। यही कारण है रोग पीछा नहीं छोड़ते। हमें यह पता होता है कि कार के लिए कौन सा ईंधन सही है, पर हम ये नहीं जानते कि शरीर को ठीक रखने के लिए कौन से ईंधन की जरूरत है? हमें कैसा भोजन करना चाहिए? कैसी सोच चाहिए? कैसी जीवनशैली चाहिए? योग एवं ध्यान एक ऐसी विधा है जो हमें भीड़ से हटाकर स्वयं की श्रेष्ठताओं से पहचान कराती है। हममें स्वयं पुरुषार्थ करने का जज्बा जगाती है। स्वयं की कमियों से रू-ब-रू होने को प्रेरित करती है। स्वयं से स्वयं का साक्षात्कार कराती है। ऐसी कोई समस्या नहीं है जिसका समाधान हमारे भीतर से न मिले। भगवान महावीर का यह संदेश जन-जन के लिये सीख बने- ह्यपुरुष! तू स्वयं अपना भाग्यविधाता है ह्ल औरों के सहारे मुकाम तक पहुंच भी गए तो क्या? इस तरह की मंजिलें स्थायी नहीं होती और न इस तरह का समाधान कारगर होता है। हमारे भीतर ऐसी शक्तियां हैं, जो हमें बचा सकती हैं। योग, संकल्प एवं संयम की शक्ति बहुत बड़ी शक्ति है। अनावश्यक कल्पना मानसिक बल को नष्ट करती है। लोग अनावश्यक कल्पना बहुत करते हैं। यदि उस कल्पना को योग में बदल दिया जाए तो वह एक महान शक्ति बन सकती है।

## आज का राशिफल

मेष : किसी महत्वपूर्ण फैसले के लिए मन केन्द्रित होगा। किसी नए कार्य में आपका रुझान बढ़ेगा। नवीन योजनाओं द्वारा प्रगति के आसार बनेंगे। नौकरी का वातावरण सुखद होगा।

बृषभ : भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति के आसार है। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। निकटस्थ संबंधों में शंकाओं को न हावी होने दें। संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

मिथुन : राजनीतिज्ञ क्षेत्र के व्यक्यिों के लिए अनुकूल समय। अच्छे कार्यों के लिए प्रशंसनीय होंगे। शासन-सत्ता से लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा।

कर्क : अपने अन्दर धैर्य व वाणी में मधुरता लाएं। नयी अभिलाषाएं मन में जागृत होगी। प्रियजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। विभागीय परिवर्तन से थोड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

सिंह : वर्तमान में आपको सकारात्मक सोच के साथ सकारात्मक दिशा में प्रयास की नितान्त आवश्यकता है। नकारात्मक चिन्ताओं का त्याग करें। महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी।

कन्या : आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। अवरोधित कार्य हल होंगे। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी।

तुला : भावावेष में किये गये कार्य से कष्ट संभव। भावनात्मक समस्याओं पर संबंधों में खुलकर बात करें। कुछ नये उत्साह व क्षमता की अनुभूति करेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों को कल पर न टालें।

वृश्चिक : परिश्रम का समुचित लाभ प्राप्त होगा। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए प्रयत्न तीव्र।

धनु : संबंधों में कटु वचनों का प्रयोग न करें। माता के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। अच्छे कार्यों द्वारा प्रशंसा के पात्र बनेंगे। राजनीतिज्ञों के लिए ग्रहों का सहयोग प्राप्त होगा।

मकर : महत्वाकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कार्यों में अत्यधिक ब्यय के योग है। कार्य क्षेत्र में ब्यस्तता बढ़ेगी। परिवार में कोई सुखद स्थिति प्रसन्नता लाएगी।

कुंभ : सुन्दर आकांक्षाओं की पूर्ति के आसार बनेंगे। मन सुन्दर कल्पनाओं से प्रभावित होगा। नए संबंध के प्रति निकटता बढ़ेगी। उपस्थित साधनों में सन्तुष्ट व तृप्त होने का प्रयत्न करें।

मीन : रोजगार के क्षेत्र में कुछ अच्छे अवसर बनेंगे। बीती हुई बातों को भूलने की कोशिश करें। भौतिक इच्छाएं बलवती होंगी। अभिभावकों के भावनात्मक सहयोग से उत्साह बढ़ेगा।

## कोल्ड ड्रिंक्स पीते हैं तो सावधान हो जाइए

गर्मियों में कोल्ड ड्रिंक्स का ट्रेंड बढ़ जाता है. हर कोई दुकान पर कोल्ड ड्रिंक्स लेकर पीना पसंद करता है. अगर आप भी ऐसा करते हैं तो सावधान हो जाइए. क्योंकि ये सेहत के लिए हानिकारक हो सकते हैं. हाल ही में आई एक स्टडी में वैज्ञानिकों ने पाया कि जो लोग हफ्ते में दो बार कोल्ड ड्रिंक्स या मीठे पेय पीते हैं उनमें दिल की बीमारियों का खतरा 50त्न तक ज्यादा होता है.

वैज्ञानिकों ने बताया मार्केट में आसानी से उपलब्ध कोल्ड ड्रिंक्स, सोडा और मीठे पेय जैसे ऐडेड शुगर वाले ड्रिंक्स सेहत को गंभीर नुकसान पहुंचा सकते हैं. इसकी थोड़ी सी भी मात्रा भी गंभीर और जानलेवा हो सकती है.

कोल्ड ड्रिंक्स से हार्ट डिजीज का खतरा

एक स्टडी रिपोर्ट में शोधकर्ताओं ने पाया कि कम मात्रा में भी मीठे पेय पीना भी बहुत ज्यादा नुकसानदायक हो सकता है. हार्वर्ड के टीएच चैन स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ में फूड्स और न्यूट्रिशन रिसर्च साइंटिस्ट डॉ. लोरेना पचेको ने इन ड्रिंक्स के खतरों से आगाह किया है.

1 लाख से ज्यादा लोगों पर हुए अध्ययन में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है नियमित तौर पर एक्सरसाइज करने वाले भी अगर हफ्ते में सिर्फ दो बार मीठे पेय पीते हैं, उनमें दिल की बीमारियों का खतरा 15त्न तक ज्यादा होता है. वहीं, जिन पार्टिसिपेंट्स ने हफ्ते में दो बार मीठे पेय लिए और एक्सरसाइज नहीं किया, उनमें हार्ट डिजीज का खतरा 50त्न ज्यादा देखा गया है.

अध्ययनकर्ताओं का कहना है कि अगर आप किसी रूप में चीनी का ज्यादा सेवन करते हैं, तो सेहत पर गंभीर नुकसान हो सकता है. लिक्विड के रूप में यह ज्यादा हानिकारक हो सकता है. डॉ. लोरेना पचेको के अनुसार, चीनी-मीठे पेय पदार्थों का सेवन करने से जितना संभव हो उतना बचना चाहिए. इससे दिल की बीमारियां ही नहीं, डायबिटीज, मोटापा और इंफ्लामेशन का रिस्क रहता है.का कहना है कि हाई ग्लूकोज का लेवल और हाई इंसुलिन की वजह ब्लड वेसल्स को नुकसान पहुंचने, डायबिटीज और इसकी जटिलताओं का जोखिम रह सकता है. इंसुलिन प्रतिरोध भी हार्ट डिजीज के लिए एक बड़ा रिस्क रहता है. प्रोफेसर स्टेनली सलाह देते हैं कि मीठी चीजों से, खासकर एडेड शुगर से दूरी बनाकर ही रखना चाहिए.



## भूख, अल्प पोषण से मृत्यु

भारत डोगरा

समकालीन दुनिया की एक बड़ी त्रासदी यह है कि पिछले कुछ दशकों में अफ्रीका महाद्वीप में लाखों लोगों की भूख, अल्प पोषण से मृत्यु हुई है। पर्यावरण और विकास पर विश्व आयोग (ब्रुंडटलैंड आयोग) ने अनुमान लगाया था कि 1984-87 के बीच अढ़ाई वर्ष में अफ्रीका में इस कारण लगभग दस लाख लोगों की मौत हुई। विश्व खाद्य एवं कृषि संगठन के अनुमान के अनुसार 1984-92 के दौरान अफ्रीका में भूख के कारण बीस से तीस लाख मौतें हुई। 1984-85 के दौरान केवल इथियोपिया में 3 लाख मौतें अकाल के कारण हुई और मोजाम्बीक में एक लाख मौतें इस कारण हुई। 2011 में सोमालिया में भूख और अकाल से 2 लाख 60 हजार लोगों की मृत्यु हुई। कई महीनों से भीषण भूख और कुपोषण से पैदा होने वाली कमजोरी, निरंतर राहत का इंतजार, इस सबके बीच भी जगह-जगह हिंसा का तांडव और राहत की उम्मीद टूटना, फिर इस सबके बाद परिवार के एक या अधिक सदस्यों का बिछुड़ना यह स्थिति बेहद दर्दनाक है और यह स्थिति मनुष्य की इतनी तरक्की, प्रकृति पर उसकी विजय और विज्ञान की आश्चर्यजनक उपलब्धियों के बावजूद हमारे सामने है। सोचने को मजबूर होना पड़ता है कि दुनिया विकास के रास्ते पर आखिर कहां तक पहुंच सकी है, और कहां जा रही है। इस स्थिति का दूसरा महत्त्वपूर्ण पक्ष यह है कि इस बड़ी मानवीय त्रासदी के प्रति विश्व में काफी हद तक संवेदनहीनता बनी हुई है। व्यापक स्तर पर तो यही देखा जा रहा है कि दुनिया के सुख-समृद्धि के इलाकों में भोग-विलास की संस्कृति अफ्रीका के इस संकट से लगभग पूरी तरह बेखबर होकर पहले से भी और आगे बढ़ती जा रही है। अफ्रीका के एक बड़े क्षेत्र की यह स्थिति कैसे हुई? इसकी शुरुआत तो बहुत पहले ही हो गई थी जब गुलाम व्यापार के अंतर्गत अफ्रीका के बहुत से युवकों को बाहर के देशों में बेचा गया। इस कारण कृषि कार्य के लिए उपलब्ध श्रम-शक्ति में कमी आई और उस पर समुचित ध्यान न दिया जा सका। औपनिवेशिक काल में किसानों और पशुपालकों पर तरह-तरह के कर लगाए गए। इसके लिए उन्हें भूमि की क्षमता से अधिक खेती करनी पड़ी या चरागाहों का अत्यधिक दोहन करना पड़ा। किसानों पर तरह-तरह से दबाव डाला गया कि वे अपनी खाद्य फसलों के स्थान पर उन व्यापारिक फसलों का उत्पादन करें जिन्हें विदेशी शासक अपने कच्चे माल के लिए चाहते थे। अफ्रीका की जलवायु, मिट्टी और अन्य प्राकृतिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए यहां कई शताब्दियों के अनुभव के आधार पर कृषि और पशुपालन के अपने ही तरह के तौर-तरीके विकसित किए गए थे।

औपनिवेशिक शासकों को न तो इनकी समझ थी, न इनकी परवाह थी। उनके सामने तो बस अपने हित थे और इनके अनुकूल वे यहां की कृषि और पशुपालन व्यवस्था पर कोई भी बदलाव थोपने में नहीं हिचकते थे। इससे हो रहे नुकसान को अनेक देशों में आजादी के बाद भी नहीं पहचाना गया। विदेशी निवेश और सहायता के नाम पर आई बड़ी-बड़ी कंपनियों ने मनमाने ढंग से भू-उपयोग और फसल-चक्र में परिवर्तन किए। अफ्रीका के कुछ देशों में कुछ बड़ी खाद्य कंपनियों ने अपने व्यापारिक हितों के प्रसार की अच्छी संभावनाएं देखीं। एक ओर तो उन्हें यहां बहुत बड़े पैमाने पंर खाली जमीन मिल सकती थी जितनी शायद दुनिया के किसी अन्य भाग में नहीं। दूसरे, इस जमीन का उपयोग यूरोप और पश्चिम एशिया के अधिक ऋय शक्ति वाले बाजार के लिए सब्जियां और फल उगाने के लिए किया जा सकता था, क्योंकि अफ्रीका के इन देशों (जैसे सेनेगल) की दूरी पश्चिम एयिा और यूरोप, दोनों से अधिक नहीं थी।

ऐसी फसलों का भी उत्पादन आरंभ किया गया जो भूमि के अनुकूल नहीं थीं। बड़े बांधों आदि से कई जगह विस्थापन हुआ। इस तरह अफ्रीका की बहुत सी अच्छी जमीन को इन बड़ी कंपनियों ने घेर लिया। इन देशों की सरकारों का अधिक ध्यान इन निर्यात की फसलों के सफल उत्पादन और इन बड़ी प्लांटेशनों की सही देखरेख की ओर चला गया। देश की बहुत सी जमीन और अन्य संसाधन निर्यात फसलों के उत्पादन में लग गए और स्थानीय खाद्य फसलों की ओर कम ध्यान दिया जाने लगा। वन विनाश भी बहुत हुआ। इस विकास की बहुत सी विसंगतियां बाद में अकाल के समय सामने आई। यह देखा गया कि नई प्लांटेशनों के कारण अनेक घुमंतू पशुपालकों के परंपरागत मार्ग अवरुद्ध हो गए थे। इन नये बाग-बगीचों के आसपास बड़ी संख्या में ऐसे पशुपालकों की मौत के समाचार मिले। यह भी देखा गया कि एक ओर जब भूख से इन देशों में हजारों लोग मर रहे थे उसी समय हवाई जहाजों को ताजा सब्जियों और फलों से लाद कर यूरोप के देशों में भेजा जा रहा था। अफ्रीका में भूख के बढ़ते संकट के लिए वहां का अपना अभिजात्य वर्ग भी कोई कम जिम्मेदार नहीं है। औपनिवेशिक समय से ही बाहरी शासकों की देखा-देखी उन्होंने शानो-शौकत की तरह-तरह की गैर-जरूरी उपभोक्ता वस्तुओं के आयात की आदत बना ली थी, पर इस आयात के लिए विदेशी मुद्रा कहां से मिलती? इसके लिए किसानों पर निर्यात की दृष्टि से उपयोगी फसलों के लिए जोर डाला गया और खाद्य फसलों के उत्पादन की विशेष उपेक्षा हुई। इस कारण सूखे जैसे संकट का सामना करने के लिए अनाज के पर्याप्त भंडार प्राय- यहां जमा नहीं हो सके। कुछ सरकारों ने जरूर अलग नीति अपनाने का प्रयास किया जैसे जिंबाब्वे में रॉबर्ट मुगाबे की सरकार ने और इन प्रयासों के फलस्वरूप उन्हें खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने में सफलता भी मिली, पर अधिकतर अन्य देशों की स्थिति निराशाजनक ही रही। यदि अफ्रीका के देशों को अपनी निर्यात फसलों के लिए उचित मूल्य मिलता रहता तो गनीमत थी, पर जैसा कि पिछले अनेक वर्षों में देखा गया है कि कुछ खास मौकों को छोड़कर अफ्रीका के देशों से निर्यात होने वाली निर्यात फसलों के मूल्य की स्थिति अच्छी नहीं रही है।

गंभीर मुद्दा

निर्मल रानी

# बुलेट ट्रेन- वंदे भारत नहीं ट्रेन्स का सुरक्षित संचालन जरूरी



गत 15 जून को रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव दिल्ली में पत्रकारों से एक अनौपचारिक वार्ता के दौरान रेल मंत्रालय की उपलब्धियां गिनाते हुये कह रहे थे कि भारतीय रेल आगामी 5 वर्षों में 250 से अधिक वंदे भारत एक्सप्रेस और 300 से अधिक अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन्स चलाने की योजना पर कार्यरत है। इसी वार्ता के दौरान उन्होंने नई रेल पटरियां बिछाने ,गाड़ियों को तीव्र गति देने जैसे कई विषयों पर रौशनी डाली। रेल मंत्री ने यह भी बताया कि सुरक्षित यात्रा के लिए छह हजार किलोमीटर के मार्ग पर कवच लगाने का काम तेज गति से चल रहा है और अब दस हजार किलोमीटर मार्ग को कवच से लैस करने के लिए निविदा लाने की तैयारी की जा रही है। रेल मंत्री ने बताया कि नेटवक की क्षमता का विस्तार होने के बाद नयी गाड़यों को तेज गति से चलाना संभव होगा। जिस दिन रेल मंत्री अपने मंत्रालय की उपरोक्त अनेक उपलब्धियां गिना रहे थे उसके ठीक दो दिन बाद यानी 17 जून (सोमवार) को प्रातःकाल जलपाईगुड़ी के पास खड़ी कंचनजंगा एक्सप्रेस ट्रेन में पीछे से आ रही एक मालगाड़ी ने जोरदार टक्कर मार दी। रंगापानी और निजबाड़ी के निकट हुई इस दुर्घटना में तीन बोगियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। इस दुर्घटना में अब तक 15 लोगों के मरने व 60 से अधिक लोगों के घायल होने का समाचार है। इस घटना को लेकर रेलवे की ओर से अंतर्विरोध पैदा करने वाले बयान सुनने को मिले रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा के अनुसार उक्त ट्रेन्स में टक्कर संभवतः इसलिए हुई क्योंकि मालगाड़ी ने सिग्नल की अनदेखी की और अगरतला से सियालदह जा रही कंचनजंगा एक्सप्रेस को टक्कर मार दी। जबकि लोको पायलट संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष संजय पांधी ने कहा कि ह्यह्यरेलवे बोर्ड का यह कहना ग़लत है कि चालक को लाल सिग्नल पर एक मिनट के लिए ट्रेन रोकनी चाहिए और टीए 912 मिलने के बाद सीमित गति से आगे बढ़ना चाहिए ह्ल उन्होंने कहा, ह्यह्यलोको पायलट की मौत हो जाने और सीआरएस जांच लंबित होने के बावजूद लोको पायलट को ही जिम्मेदार घोषित करना अत्यंत आपत्तिजनक है ह्ल प्रायः रेल दुर्घटना बाद इस तरह के अंतर्विरोध पैदा करने वाले बयानआना भी एक सामान्य बात है। क्योंकि प्रत्येक अधिकारी यही चाहता है कि वह स्वयं को सुरक्षित रखते हुये दुर्घटना का जिम्मेदार किसी और कमर्चारी या अधिकारी को ठहरा दे। जाहिर है यह नैतिकता का वह दौर तो है नहीं जबकि नवंबर 1956 में तमिलनाडु में हुई एक बड़ी रेल दुर्घटना के बाद तत्कालीन रेल मंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने नैतिक आधार पर रेल मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था।

बहरहाल रेल विभाग के विकास व आधुनिकीकरण के तमाम दावों के बावजूद किसी न किसी कारण रेल दुर्घटनाओं का सिलसिला अभी भी बदस्तूर जारी है। दो जून 2023 को ओडिशा में बेंगलुरू-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस, शालीमार-चेन्नई सेंट्रल कोरोमंडल एक्सप्रेस और एक मालगाड़ी से जुड़ी भयानक ट्रिपल ट्रेन दुर्घटना जिस में कम से कम 50 लोग मारे गए थे और 350 से अधिक घायल हो गए थे वह तो सबसे अधिक चर्चा का केंद्र बनी थी। गत दस वर्षों में हुई प्रमुख रेल दुर्घटनाओं में 26 मई 2014 को उत्तर प्रदेश के संत कबीर नगर में गोरखपुर की ओर जा रही गोरखधाम एक्सप्रेस दुर्घटना हुई जो खलीलाबाद स्टेशन के पास खड़ी मालगाड़ी से




टकरा गई। इस हादसे में 25 लोगों की मौत हो गई थी और 50 से ज़्यादा लोग घायल हो गए थे। फिर 20 नवंबर 2 016 को कानपुर में पुखरायां के निकट इंदौर-पटना एक्सप्रेस पटरी से उतर गई थी जिसमें कम से कम 150 यात्रियों की मौत हो गई थी और 150 से अधिक यात्री घायल हो गए थे।

इसी तरह 18 अगस्त 2017 को पुरी-हरिद्वार उत्कल एक्सप्रेस मुज़फ़्फ़र नगर में पटरी से उतर गई थी जिसमें 23 लोगों की मौत हो गई थी और लगभग 60 अन्य घायल हो गए थे। इसके बाद 13 जनवरी 2022 को बीकानेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस के 12 डिब्बे पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार क्षेत्र में पटरी से उतर गए, जिससे नौ लोगों की मौत हो गई और 36 अन्य घायल हो गए। यह घटनायें उल्लेखनीय हैं। प्रत्येक दुर्घटना के बाद रेल विभाग द्वारा अपनी आत्मरक्षा में तथा रेल यात्रियों को संतुष्ट करने की ग़रज से रेल सुरक्षा कवच से सम्बंधित कोई न कोई बयान भी दिया जाता है। परन्तु वास्तव में सुरक्षा सुनिश्चित हो नहीं पाती और बदनसीब रेल यात्री अपनी मंजिल पर पहुँचने के बजाये ऐसी दुर्घटनाओं के परिणामस्वरूप अपनी जानें गँवा बैठते हैं और रेल विभाग को करोड़ों का नुक़्सान भी उठाना पड़ता है।

उधर रेल विभाग का फोकस बुलेट ट्रेन,वंदे भारत व अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन्स तथा रेल स्टेशंस की चमक दमक पर अधिक रहता है। जगह जगह स्टेशन के बाहर 100 फुट के पोल पर तिरंगा फहराकर लोगों में राष्ट्रवाद जगाया जा रहा है। रेल इंजन्स पर तिरंगा चिपकाना ठीक है परन्तु रेल यात्री की यात्रा सुरक्षित है,इस बात की कोई गारंटी नहीं। ऐसी भीषण गर्मी में तमाम स्टेशन पर शीतल जल तो छोड़िये पीने का सादा पानी तक उपलब्ध नहीं है। बुजुर्गों को रेल यात्रा में दी जाने वाली छूट समाप्त कर दी गयी है। तमाम इंटरसिटी ट्रेन की सामान्य बोगी की जगह स्लीपर क्लास कर न केवल यात्रियों को बल्कि टिकट निरीक्षकों को भी परेशानी में डाल दिया गया है। ऐसे में देश के अभिजात वर्ग के लोगों के लिये चलाई जाने वाली बुलेट ट्रेन,वंदे भारत व अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन्स आदि से सामान्य रुट पर सामान्य रेल गाड़ियों से यात्रा करने वाले आम रेल यात्रियों को क्या हासिल ? हम जैसे करोड़ों लोगों ने तो इत्तेफाक़ से आजतक शताब्दी जैसी ट्रेन्स पर भी सफर इसलिए नहीं किया क्योंकि इसका किराया अन्य ट्रेन से अधिक है। ऐसे में रेल विभाग की प्राथमिकता क्या होनी चाहिये ? सामान्य ट्रेन्स को सामान्य नागरिकों की रेल यात्रा के मद्देनजर सुगम,सुरक्षित,आरामदेह बनाना तथा प्रत्येक यात्री को बैठने की सीट मुहैय्या कराना या कि बुलेट ट्रेन,वंदे भारत व अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन्स की उपलब्धियों का बखान करना। आम यात्रियों को इन रेलगाड़ियों की शृंखला से कोई वास्ता नहीं। रेल स्टेशन भी साफ सुथरे होने जरूरी हैं परन्तु विश्वस्तरीय स्टेशन निर्माण के नाम पर भ्रष्टाचार का बड़ा खेल खेलना मुनासिब नहीं। देश में जब जब रेल दुर्घटनायें होती रहेंगी तब तब यह सवाल उठता ही रहेगा कि देश में बुलेट ट्रेन- वंदे भारत जरूरी है या वतर्मान सामान्य ट्रेन्स का सुरक्षित संचालन?

**एक नजर**

## विभिन्न कोर्स में रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण के लिए 21 जून को काउंसिलिंग

**कांकेर, 19 जून।** जिले के बेरोजगार युवाओं के भविष्य को बेहतर बनाने एवं उन्हें स्व-रोजगार से सक्षम बनाने के लिए लाइवलीहुड कॉलेज में 30-30 सीटों में प्लम्बर जनरल, रिटेल सेल्स, सिलाई, सुरक्षा गार्ड, राज मिस्त्री, सोलर पैनल तकनीशियन, असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन और डोमेस्टिक आई टी. हेल्प डेस्क कोर्स में निःशुल्क प्रशिक्षण प्रारंभ किया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण के लिए 21 जून को लाइवलीहुड कॉलेज गोविन्दपुर में प्रातः 11 बजे से शाम 04 बजे तक काउंसलिंग का आयोजन किया गया है। जिले के ऐसे युवा जिनकी उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक है और जो इस प्रशिक्षण से जुड़कर अपना भविष्य संवारना चाहते हैं, वे शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची, आधार कार्ड, 04 पासपोर्ट साईज फोटो, निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ निर्धारित समय में काउंसलिंग में उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

## अगले माह से कोषालयों में ई-देयक तथा ई-लेखे की व्यवस्था लागू करने के निर्देश

**कांकेर 19 जून ।** वित्त विभाग के निर्देशानुसार जिले के सभी कोषालयों में पेपरलेस माध्यम से देयकों का प्रस्तुतीकरण तथा महालेखाकार कार्यालय को पेपरलेस मासिक लेखे भेजे जाने की प्रक्रिया 01 जुलाई से प्रारंभ की जानी है। इसी कड़ी में कलेक्टर श्री नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने अगले जुलाई माह से जिला कोषालय के सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को ऑनलाईन माध्यम से देयक प्रस्तुत करने के निर्देश जारी किए हैं। जारी निर्देश के अनुसार इस प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालन हेतु सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों के पास नेटवर्क की सही स्पीड, देयकों के साथ अपलोड किये जाने वाले दस्तावेज की स्केनिंग करने हेतु समुचित क्षमता वाला स्केनर तथा अन्य आवश्यक इलेक्ट्रॉनिक सामग्री उपलब्ध होना अति आवश्यक है। साथ ही साथ वैध डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट भी आवश्यक होगा।

## शाला प्रवेश उत्सव अंतर्गत बच्चों का किया जाएगा स्वास्थ्य परीक्षण

**कांकेर, 19 जून ।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत जिले के सभी विकासखण्ड में कार्यरत चिरायु दलों के द्वारा स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों का भ्रमण कर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे ने बताया कि उपचार हेतु चिन्हांकित बच्चों को शिविरों, जिला चिकित्सालय, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में पदस्थ विशेषज्ञ चिकित्सकों के माध्यम से बीमारी की पुष्टि कर उचित उपचार प्रदाय किया जाएगा। इस वर्ष शाला प्रवेश उत्सव 26 जून को आयोजन प्रत्येक स्कूल स्तर पर किया जाना है। साथ ही शिक्षा विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए शाला के समस्त छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण चिरायु दलों के द्वारा किया जाकर सभी विद्यार्थियों का शत-प्रतिशत आभा आईडी (https://abha.abdm.gov.in/abha/vx/register) के माध्यम से जनरेट किया जाएगा। चिन्हांकित छात्र-छात्राओं को अतिशीघ्र आवश्यकतानुसार स्वास्थ्य संस्थाओं में रेफर करते हुए उपचार कराते हुए चिरायु पोर्टल में एन्ट्री की जाएगी।

## 30 जून 2024 तक अनिवार्य रूप से राशन कार्ड नवीनीकरण करवाने का आग्रह

**जगदलपुर 19 जून ।** जिले में प्रचलित 204698 राशनकार्डों में से 194113 (98.83 प्रतिशत) राशनकार्डों के नवीनीकरण की कार्यवाही पूर्ण हो चुकी है तथा 10585 राशनकार्डों का नवीनीकरण होना शेष है। खाद्य विभाग द्वारा आगामी 30 जून 2024 तक राशनकार्ड नवीनीकरण की कार्यवाही अनिवार्य रूप से पूर्ण करवाने के निर्देश दिये गए हैं। नवीनीकरण हेतु शेष राशन कार्डधारियों की दुकानवार सूची सभी उचित मूल्य दुकान संचालकों को उपलब्ध कराई जा चुकी है। नवीनीकरण हेतु शेष राशन कार्डधारी अपनी राशन कार्ड का नवीनीकरण स्वयं मोबाईल एप के माध्यम से कर सकते हैं अथवा उचित मूल्य दुकान में उपस्थित होकर करवा सकते हैं। खाद्य अधिकारी द्वारा आग्रह किया गया है कि जिले के ऐसे राशन कार्डधारी जिनके द्वारा अभी तक अपने राशन कार्ड का नवीनीकरण नहीं कराया गया है।

# चिखलपुटी के डाक सामुदायिक विकास कार्यक्रम में दी योजनाओं की जानकारी





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कोंडागांव, 19 जून।** डाक विभाग द्वारा ग्राम पंचायत चिखलपुटी में उपडाकघर में 18 जून मंगलवार को डाक सामुदायिक विकास कार्यक्रम सह विदाई का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री आरपी वर्मा सर जी अधीक्षक डाकघर बस्तर संभाग , विजय सोढ़ी सरपंच चिखलपुटी, आरएस मिश्रा उपसंभागीय निरीक्षक कोंडागांव, प्रीतम गुप्ता मैनेजर आईपीपीबी, शत्रुघन निषाद उपडाकपाल कोंडागांव, सुभाष भुआर्य उपसंभागीय निरीक्षक मंचासीन रहे। सर्वप्रथम माँ सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया ततपश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। इस मौके पर अतिथियों ने डाक विभाग की योजनाओं को विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि भारतीय डाक आपका अपना बैंक है जिसमे सभी प्रकार की सेवाएं समाहित है जिसकी योजनाओं का आप सभी बढ़ चढ़कर लाभ उठाएं, डाक सामुदायिक विकास कार्यक्रम में कुल 2 करोड़ 30 लाख का ग्रामीण डाक जीवन बीमा एवं स्माल सेविंग स्किम के प्रस्ताव फार्म जमा किये गए। साथ ही हाल में ही स्थानांतरित 32 ग्रामीण डाक सेवको का स्थानांतरण विभिन्न स्थानों में हुआ है जिनको अधीक्षक महोदय एवं सरपंच महोदय के स्मृति चिन्ह भेंट कर विदाई दी गई एवं उनके कार्यकाल की प्रशंसा की गई। इस कार्यक्रम में डाक अधिदर्शक सन्दीप राव, नईम खान, अनिल दीवान, हरेंद्र यादव, उमेश नाग, डिकेश मिर्झा, पूजा सोरी, भारत साहू, सूर्यप्रसाद दीवान, पदुम सिंह सेठिया, देवचंद सेठिया, शंकर दिवान, अंकित, मोनिका पटेल, ओमनारायण साहू, सुखराम मरकाम, कुमार आनंद, रूपचंद नेताम, बुधराम साहू, बानोथ रविन्दर, बालमुकुन्दी बंजारे, चेतमन मरकाम, राजेश सिंह, सुधांशु सिंह, उतपल कांत चौधरी, श्वेता साहू, योगेंद्र जांगड़े, पुरुषोत्तम सिंह, मुस्कान बरेथ, सुबरु कश्यप, राजू सरकार, नरसिंह लाल, जया भारती, युगलकिशोर, पूजा श्रीवास, अनिशा, मनोज, अतुल यादव, जगदेव सोनवानी, आशीष सोनू, पीतम बाकडे, गोलू यादव सहित समस्त ग्रामवासी व डाक

# पंचायतों में कंप्यूटर सप्लाई में भ्रष्टाचार की हो निष्पक्ष जांच:तूलिका कर्मा

- **सीधे पंचायतों में कम्प्यूटर सप्लाई किसके कहने पर हो रही थी?**
- **जिला पंचायत के किस अधिकारी की संलिप्तता थी, यह भी उजागर होना चाहिए,साथ ही उस पर कड़ी कार्रवाई हो**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 19 जून।** जिले के 144 पंचायतों में बिना ग्राम पंचायत की सहमति से कम्प्यूटर सप्लाई किये जाने के पीछे भारी भ्रष्टाचार किया जा रहा था। इसके पीछे जिला पंचायत के किन अधिकारी कर्मचारी शामिल थे,उन भी कार्यवाही होनी चाहिए,क्योंकि जिला पंचायत के अधिकारी ग्राम पंचायतों को सम्बंधित फर्म को राशि देने के लिए दबाव बनाया गया है। उक्त बातें जारी प्रेस विज्ञप्ति में जिला पंचायत अध्यक्ष तूलिका कर्मा ने कही है। ग्राम पंचायतों में सरपंच सचिव पर दबाव बनाकर स्तर हीन कम्प्यूटर सप्लाई करने में बीजेपी के बड़े जनप्रतिनिधियों के शामिल होने से इंकार नहीं किया जा सकता। क्योंकि जिस फर्म के द्वारा कम्प्यूटर सप्लाई किया जा रहा था वह बचेली के स्थानीय बीजेपी नेता का है। भ्रष्टाचार मुक्त दंतेवाड़ा का नारा बुलंद करने वाली बीजेपी सत्ता में आने के बाद जनता की समस्या से किनारा कर स्वयं भारी भ्रष्टाचार में लिप्त हो गई है। तूलिका ने कहा किपंचायतों की मूलभूत सुविधा की राशि को डाका डालने नही दिया जाएगा।यह पंचायतों का अधिकार है कि वह अपने ग्राम में स्वविवेक से मूलभूत की राशि का उपयोग करे। सप्लाई के खेल में लिप्त होकर पंचायत के अधिकारों का हनन बिलकुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर शासन प्रशासन पंचायतों को कम्प्यूटर की सुविधा उपलब्ध कराना चाहती है तो पंचायतों के खाते में राशि उपलब्ध कराये और पंचायत अपनी मर्ज़ी से उच्च स्तरीय ब्रांडेड कम्पनियों के कम्प्यूटर की खरीदी करे। इस मामले में जिला पंचायत की ओर से जी भी अधिकारी द्वारा फोन के दबाव बनाया गया था उस कार्यवाही होनी चाहिए।

# राशन कार्डधारी परिवारों से 30 जून तक ई-केवायसी करवाने की अपील

**जगदलपुर 19 जून।** भारत सरकार के निर्देशानुसार एक राष्ट्र एक राशनकार्ड योजनांतर्गत राज्य के सभी राशन कार्डधारी हितग्राहियों का ई-केवायसी, ई-पॉस उपकरण के जरिए पूर्ण करवाने के निर्देश दिए गये हैं। वर्तमान में जिले में 791448 हितग्राहियों में से 578674 हितग्राहियों का ई-केवायसी किया गया है तथा 212774 हितग्राहियों का ई-केवायसी की कार्यवाही किया जाना शेष है। खाद्य विभाग द्वारा 30 जून 2024 तक ई-केवायसी की कार्यवाही अनिवार्य रूप से पूर्ण कराने के निर्देश दिये गए हैं। जिले में राशन कार्डो में दर्ज सदस्यों में से 73.12 प्रतिशत सदस्यों के द्वारा अभी तक उचित मूल्य की दुकान में उपस्थित होकर ई-पास मशीन के माध्यम से ई-केवायसी का कार्य पूर्ण करा लिया गया है। खाद्य अधिकारी द्वारा आग्रह किया गया है कि जिले के ऐसे राशन कार्डधारी सदस्य जिनके द्वारा अभी तक ई-केवायसी नहीं कराया गया है वे अपने आधार कार्ड के साथ इस माह में उचित मूल्य दुकान में उपस्थित होकर ई-पास मशीन के माध्यम से 30 जून 2024 तक अनिवार्य रूप से ई-केवायसी की कार्यवाही पूर्ण करवाएं।

### कलेक्टर ने सिकल सेल जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**कांकेर 19 जून।** कलेक्टर श्री नीलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सिकलसेल एनीमिया उन्मूलन अभियान के अंतर्गत सिकल सेल बीमारी के प्रति आम नागरिकों को जागरूक करने के लिए आज जिला कार्यालय परिसर से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

# एनएमडीसी ने हैदराबाद में अत्याधुनिक अनुसंधान और विकास केंद्र का उद्घाटन किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**हैदराबाद, 19 जून।** भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक, एनएमडीसी ने आज खनिज प्रसंस्करण और टिकाऊ इस्पात प्रौद्योगिकी में नवाचार को आगे बढ़ाने के लिए हैदराबाद के पाटनचेरू में अपने नए अत्याधुनिक अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) केंद्र का उद्घाटन किया। नवरत्न कंपनी ने पिछले 5 वर्षों में अनुसंधान और विकास में 150 करोड़ रुपये से अधिक का रणनीतिक निवेश किया है और अनुसंधान एवं विकास केंद्र के नए भवन के निर्माण में 50 करोड़ रुपये का निवेश किया है। पाटनचेरू में आठ एकड़ में फैले इस अत्याधुनिक केंद्र का उद्घाटन एनएमडीसी के सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) श्री अमिताभ मुखर्जी ने किया। इस अवसर पर श्री दिलीप कुमार मोहंती, निदेशक (उत्पादन); श्री विनय कुमार, निदेशक (तकनीकी); श्री बी. विश्वनाथ, मुख्य सतर्कता अधिकारी और एनएमडीसी के और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। वर्ष 1970 से खनिज प्रसंस्करण के क्षेत्र में योगदान दे रहे एनएमडीसी अनुसंधान एवं विकास को यूनिडो और डीएसआईआर दोनों ने घरेलू और वैश्विक उद्योग को इसके ज्ञान और प्रौद्योगिकी अंतरण के लिए उत्कृष्टता केन्द्र के रूप में मान्यता दी है। अनुसंधान एवं विकास केंद्र में विशेषज्ञों की एक टीम द्वारा संचालित अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं हैं जो सुस्थिर खनिज प्रौद्योगिकी और अयस्क बेनीफिशिएशन में नवाचार को बढ़ावा देती हैं। नवनिर्मित एनएमडीसी अनुसंधान एवं विकास केंद्र में परिष्कृत उपकरणों की एक श्रृंखला है, जिसमें एक स्वचालित मिनरल एनालाइजर और स्वचालित फ्यूजन बीड आधारित एक्स-रे फ्लोरेसेंस (एक्सआरएफ) एनालाइजर शामिल हैं, जो विभिन्न खनिजों के सटीक और कुशल लक्षण वर्णन को सुनिश्चित करते हैं। केंद्र में पेलेटाइजेशन अध्ययन के लिए एक समर्पित सुविधा है, जो वाणिज्यिक पेलेट संयंत्रों की स्थापना के लिए महत्वपूर्ण आंकडे उत्पन्न करेगी। इससे न केवल एनएमडीसी की आंतरिक आवश्यकताओं और क्षमताओं में वृद्धि होगी, बल्कि खनिज प्रसंस्करण और पेलेट उत्पादन में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करके इस सेक्टर को भी लाभ होगा। नई अनुसंधान एवं विकास सुविधा का उद्घाटन करते हुए, एनएमडीसी के सीएमडी श्री अमिताभ मुखर्जी ने कहा, ×ह्लश्ह्ल;अनुसंधान और विकास के माध्यम से एक सुस्थिर भविष्य की दिशा में भारतीय खनन उद्योग को नवाचार और नेतृत्व करने की हमारी जिम्मेदारी को अपनाते हुए, हमने एनएमडीसी के नए अत्याधुनिक अनुसंधान एवं विकास केंद्र के दरवाजे खोल दिए हैं। नवाचार और प्रेरणा के लिए आगे बढते हुए हम यहां केवल अनुसंधान में निवेश नहीं कर रहे हैं बल्कि हम भारत के भविष्य के लिए निवेश कर रहे हैं।÷ यह सुविधा भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक के डिजिटल परिवर्तन को आगे बढाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है और मूल रूप से टिकाऊ एक पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करके जिम्मेदार खनन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगी। नए अनुसंधान एवं विकास केंद्र के अनूठे पहलुओं में से एक हाइड्रोजन रिडक्शन सुविधा है, जो माइक्रोवेव- असिस्टेड हीटिंग फर्नेस के साथ एकीकृत है। यह अभिनव स्थापना ग्रीन स्टील बनाने वाली प्रौद्योगिकियों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी, जो कार्बन उत्सर्जन को कम करने और इस्पात उद्योग में सुस्थिर प्रथाओं को बढ़ावा देने के वैश्विक प्रयासों के साथ संरेखित होगा। नवीनतम प्रौद्योगिकी और बुनियादी ढांचे से लैस, इस केंद्र को खनिज लक्षण वर्णन, मौलिक विश्लेषण, बल्क मैटीरियल हैंडलिंग और भंडारण, खनिज प्रसंस्करण, कोयला और कोक लक्षण वर्णन में विशेषज्ञता प्राप्त है। नवाचार के क्षेत्र में अग्रणी अनुसंधान केंद्र उद्योग का तंत्रिका केंद्र बनने के लिए अग्रणी शैक्षणिक संस्थानों और उद्योग विशेषज्ञों के साथ सहयोग के लिए एक केंद्र के रूप में काम करेगा। एनएमडीसी अनुसंधान एवं विकास केंद्र उद्योग के कॉर्पोरेट और सार्वजनिक दोनों क्षेत्रों में सहयोग करने के लिए तैयार है ताकि खनिज प्राप्ति को अधिकतम करने और भारत के लिए खनिज सुरक्षा सुनिश्चित करने में परिवर्तनकारी कार्य किया जा सके।

**समाचार संक्षेप**

## जैतखाम अपमान व तोड़फोड़ के विरोध में सुकमा में कांग्रेस ने किया धरना प्रदर्शन



**सुकमा,19 जून। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बलोदा बाजार जिले के ग्राम महाकौनी में जैतखाम के अपमान और तोड़फोड़ के मामले में उचित कार्यवाही नहीं होने के कारण सामाजिक संगठन द्वारा आयोजित रैली के दौरान हुए उग्र प्रदर्शन से जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय सहित परिसर में भारी आगजनी हुई। इस घटना में सैकड़ों दो पहिया/चार पहिया वाहनों एवं शासकीय संपत्ति को भारी क्षति पहुंची है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी द्वारा बलोदा बाजार में घटित इस उच्च घटना को गंभीरता से लेते हुए 18 जून 2024 को प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालयों में एकदिवसीय धरना प्रदर्शन एवं आंदोलन किए जाने का निर्णय लिया गया।सुकमा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश्वरी बघेल के नेतृत्व में सुकमा बस स्टैंड परिसर में 18 जून 2024 को सुबह 10ः00 बजे से धरना कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सभी कांग्रेस के नेता, कार्यकर्ता, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, नगरपालिका, नगरपंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद एवं समस्त प्रकोष्ठ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।सुकमा जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार की नाकामियों और लाचार कानून व्यवस्था के चलते आम जनता एवं निर्दोष लोगों को इस स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।सुकमा नगरपालिका अध्यक्ष राजू साहू ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि बलौदाबाजार हिंसा पर भाजपा के नेता षड़यंत्र को छिपाने का काम कर रहे हैं। हिंसा मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो आरोपी भी वही लोग निकलेंगे। भाजपा अपनी कमजोरी छिपाने के लिए अनर्गल बात कर रही है।धरना प्रदर्शन के बाद राज्यपाल के नाम से बलौदाबाजार घटना को लेकर सीबीआई जांच के लिए जॉइंट कलेक्टर सूरज कश्यप को ज्ञापन सौंपा।इस दौरान सुकमा जिला पंचायत उपाध्यक्ष बोड्डू राजा जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह भदौरिया, कोंटा जनपद पंचायत अध्यक्ष सुन्नम नागेश,उपाध्यक्ष माड़वी देवा, जिला पंचायत सदस्य राजूराम नाग, करतम मुया, सुकमा नगर कांग्रेस अध्यक्ष शेख सज्जार, दुर्गेश राय, छिंदगढ़ ब्लाक अध्यक्ष पदामी कोसा, कोंटा ब्लाक अध्यक्ष सुधीर पांडे, तोंगपाल ब्लाक अध्यक्ष लक्षमन कश्यप, तुलसी नाग,लखमा गोरे, महादेव मुचाकी, कोंटा नगरपंचायत अध्यक्ष मौसम जया, दोरनापाल नगरपंचायत अध्यक्ष बबीता मंडावी, मुकेश कश्यप, गुलाम मुर्तजा, रम्मू राठी, प्रवक्ता मो. हुसैन, रिंकु दास, बच्चा कोरी,नीमू साहू,अम्बाती देवी, समीर खान, सैमुएल टुड्डू, हरीबन्धु सेठिया, कवासी कोसा, कोसराम मरकाम, मड़कम सुकडा सहित सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नगरीय निकाय चुनाव से पहले भाजपा में फूट,कांग्रेस एकजुट:बबिता माड़वी

**सुकमा,19 जून। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगरीय निकाय चुनाव में कुछ ही दिन शेष रह गया हैं। और भाजपा में गुठबाजी साफ दिखने लगी हैं। लोकसभा सांसद के स्वागत में लगे फ्लेक्स से यही जाहिर होता हैं कि भाजपा नगरी निकाय चुनाव से पहले अपनी ही जन प्रतिनिधियों को दर किनार कर रही है। जब भाजपा को ही अपने जनप्रतिनिधियों पर नहीं भरोसा तो जनता उन पर कैसे भरोसा करेंगी। पिछ्ले नगरी निकाय चुनाव में जिसे अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष बनाने के लिए पार्टी ने विपक्ष में चेहरा बनाया उन्हें ही अब हसीए पर डाल दिया जा रहा है। जनता का उन जनप्रतिनिधियों से मोह भंग हो चुका था अब उनकी पार्टी भी उनसे किनारा कर रही है. वहीं कांग्रेस कवासी लखमा जी के नेतृत्व में एकजुट नजर आ रही है। अभी भाजपा ने जो अविश्वास प्रस्ताव हमारे खिलाफ डाला था कांग्रेस पार्टी की एकजुटता से अविश्वास प्रस्ताव गिर गया। भाजपा विपक्ष की लड़ाई लड़ रहे कार्यकर्ता को किनारे लगाने का प्रयास चालू हो चुका है। जो जनप्रतिनिधि अपने आप को विपक्ष का नेता बताते थे और नगरी निकाय के कांग्रेस के कार्यकाल पर सवाल उठाने का असफल प्रयास करते थे उन्हीं को उन्हीं के पार्टी के नेता अब दरकिनार करने लगे। शायद आगामी चुनाव में अब भाजपा उनको टिकट भी नहीं देगी। यह हम नहीं कह रहे बल्कि नगर में लगा संसद के स्वागत में लगा फ्लेक्स कह रहा है।दोरनापाल की जनता उन जनप्रतिनिधियों को नकार चुकी हैं।अब दोरनापाल भाजपा के नेता भी नकार रहे हैं। जबकि ये जनप्रतिनिधि भाजपा के पुराने परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उसके बाद भी भाजपा उन्हें नकारकर नगरी निकाय चुनाव में कांग्रेस के काम पर मोहर लगा रही है। भाजपा में वैसे भी पुराने कार्यकर्ताओं का सम्मान नहीं होता नए दल बदलू कार्यकर्ता भाजपा की पहचान बन रहे हैं.वहीं कांग्रेस अपने पुराने कार्यकर्ताओं के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार करती है. हमारे कवासी लखमा हर कार्यकर्ताओं का सम्मान करते हैं इसीलिए वह लगातार विधायक बन रहे हैं। जबकि भाजपा गुट बाजी के चलते चुनाव हारती रही है। और नगरी निकाय चुनाव में भी गुटबाजी के कारण और कांग्रेस के 5 साल के विकास कार्यों के कारण नगर पंचायत चुनाव में फिर से कांग्रेस का अध्यक्ष बनेगा।



# सांसद महेश कश्यप का कोंटा विधानसभा क्षेत्र में बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने किया शानदार स्वागत



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 19 जून।** सोमवार को बस्तर के सांसद महेश कश्यप पहली बार पहुँचे कोंटा विधानसभा क्षेत्र में जहाँ तोंगपाल ,कुकानार,छिंदगढ़, सुकमा,दोरनापाल, व कोंटा में भव्य स्वागत किया गया बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने फूल माला व आतिशबाजी के साथ स्वागत अभिनंदन किया वही सुकमा के सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता ली। इस दौरान महेश कश्यप ने कोण्टा विधानसभा से लीड मिलने पर सुकमा जिले की जनता का आभार व्यक्त किया। इस दौरान महेश कश्यप ने पूर्व मंत्री कवासी लखमा पर चुटकी लेते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान कवासी लखमा कहते फिरते थे कि महेश कश्यप कौन है उसे तो मैं भी नहीं जानता महेश कश्यप का मुझसे कोई मुकाबला नहीं ,लेकिन वह शायद भूल गए थे की वह महेश कश्यप से नहीं बल्कि भाजपा से मुकाबला कर रहे हैं, भाजपा के कार्यकर्ताओं से मुकाबला कर रहे हैं। महेश कश्यप बोले कवासी लखमा 1 लाख से ज्यादा वोट से हराने का दावा कर रहे थे लेकिन कवासी लखमा का अहंकार उनके ही विधानसभा क्षेत्र में चुर हो गया जब कोंटा विधानसभा क्षेत्र की जनता ने कोण्टा में ही कवासी लखमा को हरा दिया।महेश कश्यप ने कहा कि लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा प्यार मुझे सुकमा जिले से मिला जहां मेरे प्रतिद्वंद्वी रहे कवासी लखमा भी रहते हैं और कोण्टा विधानसभा के विधायक लोकसभा चुनाव में कोण्टा से ही बुरी तरह हार गए।

इसके अलावा महेश कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार है और बस्तर की जनता ने मुझे सेवा का अवसर दिया है। मेरा पहला काम बस्तर की जनता की बुनियादी समस्याओं का समाधान होगा जिसमें स्वास्थ्य सुविधा पानी की सुविधा समेत विभिन्न महत्वपूर्ण समस्याओं पर काम किया जाएगा। बस्तर के अंतिम व्यक्ति तक की सेवा करना हमारा कर्तव्य है।बस्तर क्षेत्र के हर आदिवासीओ के लिए दिल्ली संसद भवन में आवाज़ उठाऊंगा, मौके पर बीजेपी सुकमा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे, बीजेपी महिला मोर्चा सुकमा जिला अध्यक्ष पार्वती प्रधानी,नूपुर वैदिक,सोयम मुक्का, हूँगाराम मरकाम, विश्वराज सिंह चौहान, सत्यनारायण मानेम, तूफ़ान सिंह,व बीजेपी के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अधूरे निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने कलेक्टर ने दिए निर्देश



**कांकेर 19 जून ।** जिले के कलेक्टर श्री नीलेश महादेव क्षीरसागर ने आज जिला स्तर के अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न विभागों में लंबित एवं अधूरे निर्माण कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही केन्द्र एवं राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं के गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान कलेक्टर ने लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए नियत समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

आज सुबह 10.30 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक में कलेक्टर ने आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन हेतु सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के लिए सभी संबद्ध विभागों के अधिकारियों को परस्पर समन्वय के साथ आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। इसी तरह आगामी वर्षा के आगमन के दौरान शासकीय कार्यालयों, स्कूल-कॉलेज परिसर एवं सभी आश्रम-छात्रावासों में सघन वृक्षारोपण के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए। इसके अलावा जिले की रेत खदानों में अवैध उत्खनन व परिवहन की लगातार मिल रही शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों को इसमें संलिप्त लोगों के विरूद्ध सख्ती से नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने निर्देशित किया। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जनपद पंचायत कांकेर एवं नरहरपुर में लंबित प्रकरणों की अधिक संख्या पर असंतुष्टि जाहिर करते हुए उन्होंने स्वीकृत प्रकरणों को शीघ्र प्रारंभ कराने और रूचि नहीं लेने वाले हितग्राहियों से आबंटन वापस लेने के निर्देश सी.ई.ओ. को दिए। साथ ही हितग्राहियों को प्रोत्साहित करने मैदानी कर्मचारियों को लगाने की बात कही। इसी तरह प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत नरहरपुर विकासखण्ड में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति के चयनित 18 हितग्राहियों के आवास निर्माण का काम जल्द से जल्द प्रारंभ कराने के निर्देश सीईओ जनपद पंचायत को दिए। जिला पंचायत के सीईओ श्री सुमीत अग्रवाल ने बताया कि उक्त योजना के तहत् प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत सर्वे का कार्य पूर्ण हो चुका है।

बैठक में कलेक्टर ने नियद नेल्लानार योजना की समीक्षा करते हुए राज्य शासन के निर्देशानुसार शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को विभागीय योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु निर्देशित किया। इसी तरह सेवानिवृत्त हो चुके शासकीय कर्मचारियों के पेंशन के लंबित प्रकरणों का निराकरण जल्द से जल्द करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके अलावा आगामी बारिश के प्रारंभ होने के पूर्व नगरीय निकायों में नाले-नालियों की साफ-सफाई अनिवार्यतः कराने के निर्देश मुख्य नगरपालिका अधिकारी को दिए, जिससे कि नालों में जाम की स्थिति निर्मित न होने पाए। साथ ही सभी शासकीय कार्यालयों एवं परिसरों में स्वच्छता बरतते हुए आवश्यकतानुसार पौधरोपण करने के लिए कलेक्टर ने निर्देशित किया।

# प्रधानमंत्री ने किसानों के खाते में किसान सम्मान निधि योजना की राशि का किया अंतरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बालोद, 19 जून।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आज उत्तरप्रदेश राज्य के वाराणसी शहर में आयोजित समारोह के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत देश के किसानों के खाते में 17वीं किस्त की राशि का अंतरण किया गया। इसके अंतर्गत आज बालोद जिले के 01 लाख 22 हजार 289 किसानों के खातों में 24 करोड़ 66 लाख रुपये की राशि का अंतरण किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को अत्यंत महत्वाकांक्षी एवं किसान हितैषी योजना बताया। उल्लेखनीय है कि जिले के बालोद विकासखण्ड के ग्राम अरौद स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में जिला स्तरीय प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के राशि अंतरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाज सेवी श्री पवन साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री राकेश यादव, जिला पंचायत कृषि स्थाई समिति के सभापति श्रीमती ललिता पिमन, जनपद पंचायत बालोद के अध्यक्ष श्रीमती प्रेमलता साहू, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कृतिका साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, एसडीएम श्रीमती शीतल बंसल एवं उप संचालक कृषि श्री जीएस धुर्वे सहित अन्य अधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में कृषकगण उपस्थित थे। आज इस योजना के माध्यम से अपने खाते में राशि जमा होने से बालोद जिले के किसान बहुत ही प्रसन्नचित नजर आ रहे थे। उन्होंने इस योजना को किसानों के लिए अत्यंत मददगार एवं किसान हितैषी बताते हुए इस योजना की भूरी-भूरी सराहना की है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री पवन साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना लागू कर देश के अन्नदाता किसानों के मेहनत का सम्मान करने का कार्य किया है। उन्होंने इस योजना को अत्यंत महत्वकांक्षी एवं किसानों के लिए मददगार बताते हुए इस योजना की भूरी-भूरी सराहना की है। इस अवसर पर कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत उनके खाते में आज राशि अंतरित होने पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने इस योजना की सराहना करते हुए इस योजना को किसान हितैषी योजना बताया। श्री चन्द्रवाल ने कहा कि यह हमारे जिले के लिए हर्ष का विषय है कि इस योजना के अंतर्गत किसानों के खाते में राशि अंतरण में पूरे प्रदेश में हमारा जिला दूसरे स्थान पर है। इस अवसर पर उन्होंने जिले के किसानों को धान के बदले दलहन एवं तिलहन फसल लेने की भी अपील की। कार्यक्रम स्थल में अतिथियों के द्वारा कृषि विभाग द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर ड्रोन के माध्यम से खाद, बीज एवं कीटनाशक दवाइयों के छिड़काव का प्रदर्शन भी किया गया। इस योजना के अंतर्गत आज अपने खाते में राशि अंतरित होने से जिले के ग्राम खैरवाही के कृषक श्री गोवर्धन मण्डावी, ग्राम बिरेतरा के कृषक श्री केशवराम सिन्हा एवं श्री अरूण कुमार बहुत ही प्रसन्नचित नजर आ रहे थे। उन्होंने इस योजना को अपने लिए अत्यंत मददगार बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इस योजना को लागू कर हमारे जैसे देश के लाखों, अन्नदाता किसानों के मेहनत का सम्मान करने का कार्य किया है।

## एक नजर

### नवनिर्वाचित सांसद कमलेश जांगड़े का सम्मान समारोह 19 जून को

**कसडोल 19 जून।** भाजपा मंडल कसडोल द्वारा जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित



सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े का सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ! यह कार्यक्रम 19 जून को भाजपा कार्यालय दर्रा कसडोल में शाम के 4 बज कर 30 मिनट पर किया जाएगा ! भाजपा मंडल कसडोल के मंडल उपाध्यक्ष डॉ सुदीप मानिकपुरी ने जानकारी देते हुए बतलाया कि जांजगीर-चांपा लोकसभा में भाजपा ने लगातार पांचवीं बार जीत दर्ज की है ! इस बार श्रीमती कमलेश जांगड़े ने 60 हजार से भी अधिक मतों से विजय हासिल कर सांसद निर्वाचित हुई हैं ! इसके उपलक्ष्य में सांसद सम्मान समारोह का आयोजन भाजपा के कसडोल मंडल द्वारा किया जा रहा है ! जिसमें बडी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता गण उपस्थित हो कर समस्त मतदाताओं का आभार प्रकट करते हुए जीत का जश्न मनाया जाएगा।

### आगजनी में मोटरसायइकिल जलने पर पत्रकार को 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**बलौदाबाजार 19 जून।** बलौदाबाजार जिला मुख्यालय में बीते 10 जून को घटित आगजनी की घटना में एक पत्रकार की मोटरसायकल जल जाने के कारण मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देश पर राज्य संचार प्रतिनिधि कल्याण समित ने आज 50 हजार रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। मीडिया प्रतिनिधियों को गंभीर बीमारी और दुर्घटना की स्थिति में आर्थिक सहायता तो स्वीकृत की जाती थी परंतु प्रदेश में इस तरह का यह पहला मामला है जब रिर्पोटिंग के दौरान पत्रकार की मोटरसायकल दुर्घटनाग्रस्त होने पर राज्य सरकार की संवेदनशील पहल पर संचार प्रतिनिधि कल्याण समिति द्वारा पत्रकार को 50 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। गौरतलब है कि जनसंपर्क आयुक्त श्री मयंक श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आज संचालनालय में राज्य संचार प्रतिनिधि कल्याण सहायता समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मीडिया प्रतिनिधियों के अन्य प्रकरणों का निराकरण करते हुए बलौदाबाजार जिले में बीते 10 जून को हुई आगजनी की घटना में ए.एन.आई. के रिपोर्टर श्री अजय यादव की मोटर सायकल जल जाने से उन्हें समिति ने 50 हजार रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। बैठक में वरिष्ठ पत्रकार और राज्य संचार प्रतिनिधि कल्याण सहायता समिति के सदस्य श्री जोसेफ पी. जान, श्री सुभाष मिश्रा, श्री दीपक लखोटिया, श्री संजय दीक्षित, श्री आर.के. गांधी, श्री टी.सूर्याराव, श्री प्रणय राज सिंह राणा और समिति के सदस्य सचिव अपर संचालक श्री संजीव तिवारी उपस्थित रहे।

### नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित,अंतिम तिथि 30 जून

**बलौदाबाजार,19 जून।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत युवाओं/युवतियों को लाईवलीहुड कॉलेज सकरी बलौदाबाजार में नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसमें कॉलेज में संचालित ऑन जॉब रोल जैसे असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन, डोमेस्टिक डाटा एंट्री ऑपरेटर, सेल्फ एम्प्लायड टेलर, रिटेल सेल्स एसोसिएट, कोरियर डिलिवरी एक्जीटीव, फिल्ड टेक्नीशियन अदर होम एम्पाईस, प्लम्बर जनरल असिस्टेंट, फिस सीड ग्रोवर, पेंटिंग हेल्पर, मैन्यूअल मेटल एआरसी वेल्डिंग/शील्डेड मेटल एआरसी वेल्डिंग वेल्डर, ब्यूटी थेरपी वर्जन 2, जनरल डयूटी असिस्टेंट, टेलेकॉम स्टोर प्रमोटर, सोलर पम्प टेक्नीशियन, मेसन जनरल, जूनियर सॉफ्टवेयर डेव्हलपर संबंधित कोर्स में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत पूर्णतः नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिसमें शैक्षणिक योग्यता 5वीं, 10वी, 12वी पास, आयु सीमा 18 से 45 वर्ष होना चाहिए। आवेदन करने हेतु इच्छुक आवेदक जिला कौशल विकास प्राधिकरण बलौदाबाजार,संयुक्त जिला कार्यालय, परिसर कक्ष नं. 70 में आवेदन जमा कर सकते है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 जून 2024 है। इस संबध में अधिक जानकारी फोन नं. 07727-299265 और मोबाईल नं.7879047558 पर ली जा सकती है।

### व्यवसायिक प्रशिक्षण केंद्र बैकुंठ में प्रवेश प्रारंभ

**तिल्दा नेवरा 19 जून।** व्यवसायिक प्रशिक्षण केंद्र बैकुंठ में स्वतः रोजगार हेतु चलाए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अंतर्गत व्यवसाय में आगामी सत्र 2024 25 की भर्ती हेतु आवेदन पत्र लिया जा रहा है आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 23 जुलाई 2024 है या प्रशिक्षण निशुल्क प्रदान किया जाता है और 1 वर्ष अवधि का होता है प्रशिक्षण में निशुल्क यूनिफॉर्म एवं छात्रवृत्ति भी दी जाती है प्रशिक्षण में इलेक्ट्रिकल, डीजल मैकेनिक एवं वेल्डिंग, घरेलू विद्युत उपकरण रिपेयरिंग की प्रशिक्षण दिया जाता है इसमें आयु 18 से 35 वर्ष निर्धारित है शैक्षणिक योग्यता इलेक्ट्रिकल पद के लिए दसवीं उत्तीर्ण एवं बाकी के लिए आठवीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है विस्तृत जानकारी के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र सेंचुरी सीमेंट बैकुंठ में संपर्क किया जा सकता है यह जानकारी हमें व्यवसायिक प्रशिक्षण केंद्र बैकुंठ के दीपेंद्र मिश्रा द्वारा प्रदान की गई है।

### बलौदाबाजार-भाटापारा में वाहनों की चेकिंग

**बलौदाबाजार 19 जून।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा जिले में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिले के समस्त प्रवेश मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल के साथ नाकाबंदी पॉइंट लगाकर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत जिले के सभी प्रवेश मार्गों शिवरीनारायण, थाना कसडोल, बया, खरतोरा नाका, पलारी, सुहेला, सिमगा, भाटापारा आदि स्थानों में प्रातः 05ः00 बजे से ही पर्याप्त संख्या में पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों के साथ नाकाबंदी कर आने-जाने वाहनों की सतत् चेकिंग की जा रही है। चेकिंग अभियान में दुपहिया, चार पहिया, मालवाहक, बस आदि सभी प्रकार के वाहनों की चेकिंग की जा रही है। साथ ही इस बात का पूरा ध्यान रखा जा रहा है कि आने जाने वाले आमजनों एवं राहगीरों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो।

# युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण देकर रोजगार क़े लिए दक्ष बनाएं: कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार,19 जून।** कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय क़े सभाकक्ष में आयोजित समय- सीमा क़ी बैठक में विभागीय कार्यो क़ी विस्तृत समीक्षा क़ी। उन्होंने जिले क़े शिक्षित बेरोजगार युवाओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण देकर रोजगार एवं स्वरोजगार स्थापित करने में दक्ष बनाने क़े निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जिला रोजगार अधिकारी,कौशल विकास,लाईवलीहुड कॉलेज, पोलिटेक्निक कॉलेज एवं आईटीआई क़े प्रचार्यो को कौशल विकास का प्रशिक्षण देने हेतु आवश्यक कार्ययोजना तैयार करने क़े निर्देश दिए। उन्होने कहा कि कौशल विकास अंतर्गत युवाओं को केवल प्रशिक्षण देने तक ही सीमित न रहें बल्कि रोजगार एवं स्वरोजगार उपलब्ध कराने में भी सहयोग करें। उन्होंने खरीफ मौसम में सहकारी समितियों में खाद-बीज़ क़ी भण्डारण एवं एवं वितरण क़ी जानकारी लेते हुए किसानों को खाद-बीज़ एवं ऋण लेने में किसी प्रकार क़ी समस्या न हो इसके लिए कृषि, सहकारिता एवं जिला सहकारी बैंक क़े अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होने उर्वरक क़े भण्डारण क़े लिए डबल लॉक की संख्या बढ़ाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने कहा। इसीप्रकार किसानों की मांग क़े अनुसार गुणवत्तापूर्ण धान बीज़ उपलब्ध कराने क़े भी निर्देश दिए।

कलेक्टर ने आगामी 26 जून से शुरू हो रहे शाला प्रवेश उत्सव क़े लिए आवश्यक तैयारी करने क़े साथ ही बच्चों को पाठ्य पुस्तक का वितरण सुनिश्चित कराने क़े निर्देश दिए। उन्होने स्कूल शुरू होने क़े पूर्व ही जर्ज़र स्कूल भवनों का चिन्हांकन कर स्कूल खुलने पर बच्चों को अन्य भवन में शिफ्ट करने कहा ताकि जर्ज़र भवन क़े कारण बच्चों क़े साथ किसी प्रकार क़ी हादसा न हो। उन्होने भवन विहीन आँगनबाड़ी केन्द्रो क़े लिए भवन निर्माण क़े लिए भी आवश्यक कार्यवाही करने कहा। बरसात में पौधरोपण क़ी तैयारी क़ी समीक्षा करते हुए वन विभाग, जिला पंचायत एवं उद्यान विभाग क़े अधिकारियों को कार्ययोजना तैयार करने कहा। उन्होंने समय - सीमा क़े आवेदनों एवं मुख्यमंत्री जनचौपाल, कलेक्टर जनचौपाल,सीपीग्राम्स क़े तहत प्राप्त आवेदनों क़े निरकारण में तेजी लाने क़े निर्देश दिए। इसके साथ ही सीमांकन क़े प्रकारणों का निराकरण बरसात से पहले पूर्ण करने क़े निर्देश दिए। उन्होंने कलेक्ट्रेट में हुई आगजनी क़ी घटना से क्षतिग्रस्त हुए वाहनो क़े स्वामियों को बीमा क़ी राशि दिलाने क़े लिए जिला कोषालयअधिकारी,

बैयक में डीएफओ श्री मयंक अग्रवाल, सईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुश्री दिप्ति गौते सहित सभी एसडीएम तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों क़े जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### योग दिवस की तैयारियां हुई प्रारंभ,

**बलौदाबाजार,19 जून।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियां आज से प्रारंभ कर दी गई है। इस सिलसिले में कलेक्टर दीपक सोनी ने सम्बंधित जिला अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारी को शत प्रतिशत सुनिश्चित करनें के निर्देश दिए है। श्री सोनी ने बताया की पूर्व की भाती ही नवीन मंडी परिसर में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसमे जिले के प्रभारी प्रभारी एवं कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उन्होंने कहा स्कूली बच्चे निर्धारित स्थल में पहुँचे यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी जिला शिक्षा अधिकारी की है। मौके पर पेयजल,मेडिकल, जनरेटर, विघुत,पार्किंग,गद्दा,टाट पट्टी जैसे व्यवस्था को सुनिश्चत करने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए है। इसके लिए विभागवार जिम्मेदारी तय कर दी है।

## समाचार संक्षेप

### नि:शुल्क सिकल सेल जाँच एवं जन-जागरूकता शिविर का आयोजन

**बालोद, 20 जून।** विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर 19 जून 2024 को जिले के विभिन्न ग्रामों में सिकल सेल की स्क्रीनिंग एवं जन-जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्रीमती मेनका चन्द्राकर ने बताया कि 19 जून विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर जिले के डौण्डी, डौंडीलोहारा, देवरी, गुण्डरदेही, अर्जुन्दा एवं गुरूर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में नि:शुल्क सिकल सेल जांच किया जाएगा। इसी तरह जिले के जगन्नाथपुर सांकरा, करहीभदर, लाटाबोड, पीपरछेडी, आमाडुला, दल्लीराजहरा (चिखलाकसा), घोटिया, सुरडोंगर, अरजपुरी, भंवरमरा, दुपेचरा, मंगचुवा, नाहंदा, पिनकापार, संजारी, सुरेगांव, बेलौदी, भरदाकला, गुरेदा, कलंगपुर, खुरसुनी, कुरदी, माहुद (बी), रंनचिरई, सांकरी, सिरसिदा, अरमरीकला, बोरदा, पलारी एवं पुरूर उप स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा सिकल सेल की जांच नि:शुल्क किया जाएगा। इसके साथ ही विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर सिकल सेल संबंधी जन जागरूकता हेतु प्रचार-प्रसार, काउंसलिंग तथा सिकल सेल जेनेटिक कार्ड का वितरण भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 19 जून विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय सिकल सेल जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन टाऊन हॉल बालोद में किया जाएगा। जिला स्तरीय सिकल सेल जन जागरूकता कार्यक्रम में आम जनों का नि:शुल्क सिकल सेल जाँच भी की जाएगी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्रीमती मेनका चन्द्राकर ने बताया कि सिकल सेल उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के 70 छात्रावास एवं 17 आश्रमों तथा आदिवासी विकासखंड मुख्यालय में संचालित संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय डौंडी में प्रवेशित शत् प्रतिशत बच्चों का सिकल सेल जाँच किया जाएगा। इसके साथ ही जिले में संचालित समस्त आंगनबाडी केन्द्रों एवं स्कूलों में भी सिकल सेल जनजागरूकता शिविर तथा काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा।

### कलेक्टर को आवेदन देते ही दिव्यांग को व्हीलचेयर एवं बुजुर्गो को मिला छड़ी



**बलौदाबाजार,19 जून।** कलेक्टोरेट पहुंचने वाले आवेदकों के समस्याओं का तत्परता से निराकरण किया जा रहा है। आज ऐसे ही 3 दिव्यांग एवं 2 बुजुर्ग आवेदक व्हील चेयर तथा छड़ी के लिए कलेक्टर दीपक सोनी को आवेदन प्रस्तुत किए। जिस पर कलेक्टर श्री सोनी ने तत्काल उपसंचालक समाज कल्याण को कार्रवाई कर सामग्री प्रदान करने के निर्देश दिए। उपसंचालक समाज कल्याण ने भी तत्परता दिखाते हुए सभी कार्रवाई पूर्ण कर आधे घंटे के भीतर ही कलेक्टर दीपक सोनी के हाथों से ही 3 दिव्यांग एवं 2 बुजुर्ग आवेदकों को व्हीलचेयर तथा छड़ी प्रदान किया गया। कलेक्टर श्री सोनी ने भी उनसे मुलाकात कर हाल चाल का जायजा लेते हुए गांवों के संबध में जानकारी हासिल किया। दिव्यांग में बलौदाबाजार वार्ड क्रमांक 12 निवासी कु सरिता पटेल,वार्ड क्रमांक 13 कौशल्या बंजारे,ग्राम पंचायत लाहौद निवासी मुकुरुदास मानिकपुरी को व्हीलचेयर एवं इसी तरह ग्राम पुरैनाखपरी निवासी उमापति साहू, ग्राम पंचायत कुसमी निवासी नान्हू पटेल को छड़ी आज प्रदान किया गया है। व्हील चेयर एवं छड़ी मिलने पर सभी आवेदकों ने राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है। इसी तरह जनदर्शन में आज अन्य 14 आवेदन प्राप्त हुए है। जिसको समय सीमा के दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई

# किसानों को मिली पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**चारामा 19 जून।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 17वीं किस्त की राशि किसानों के खाते में आनलाईन अंतरण प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी के द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया। इसी तारतम्य में जनपद पंचायत चारामा के सभाकक्ष में मंगलवार को कृषि विभाग के द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर क्षेत्र के किसानों को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। यह कार्यक्रम अरूण मरकाम अध्यक्ष जनपंद पंचायत चारामा के मुख्य आतिथ्य मे सम्पन्न हुआ जिसमें क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आये किसान, जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधि, भाजपा के नेतागण, कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारीगण एवं कृषक मित्रगण उपस्थित रहे। उक्त जानकारी राजकुमार सिन्हा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी चारामा के द्वारा प्राप्त हुआ।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में समस्याओं के निराकरण के लिए दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद, 19 जून।** कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में पहुँचे लोगों के मांगों एवं समस्याओं का सूक्ष्मता से परीक्षण कर उनके निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिले के आम नागरिक आशा और विश्वास के साथ अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु कलेक्टर जनदर्शन में पहुँचते हैं। इसलिए हम सभी अधिकारियों की नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि उनके समस्याओं को पूरी गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुनकर उसका निराकरण सुनिश्चित की जाए। श्री चन्द्रवाल आज संयुक्त जिला कार्यालय के जनदर्शन कक्ष में आज आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से पहुँचे लोगों से बारी-बारी से मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर जनदर्शन में पहुंचे लोगों के समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती प्रतिमा ठाकरे झा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे। जनदर्शन में आज अर्जुंदा निवासी श्री तुलसी बाई ने राशन कार्ड बनाने, ग्राम कंवर निवासी श्रीमती सुमित्रा ने प्रधानमंत्री आवास निर्माण, खुर्सीटिकुर निवासी श्रीमती रानी बाई ने अपने जमीन का सीमांकन करने, डोंगीतराई निवासी श्रीमती दुलारी बाई ने वृद्धावस्था पेंशन दिलाने, डौण्डीलोहारा निवासी श्री चिंताराम ने अपने मोहल्ला में हैण्डपंप खनन कराने, बोरिद निवासी श्री ओमप्रकाश ने ऋण पुस्तिका बनाने, फरदफोड़ निवासी श्री किशुन ने अपने निजी भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए अपना आवेदन प्रस्तुत किया।

# सभी शासकीय कार्यालयों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग लगा कर तत्काल इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए: कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बालोद, 19 जून।** कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के सभी विभाग प्रमुखों को अपने अधीनस्थ कार्यालयों में शीघ्र रैन वाटर हार्वेस्टिंग लगाकर तत्काल इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। श्री चन्द्रवाल आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में रैन वाटर हार्वेस्टिंग लगाने हेतु शेष रह गए कार्यालयों के संबंध में विभागवार जानकारी ली। बैठक में विभाग प्रमुखों के द्वारा जिले के अधिकांश शासकीय कार्यालयों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग लगाने की जानकारी दी गई। श्री चन्द्रवाल ने जल संरक्षण के उपाय सुनिश्चित करने हेतु जिले में इस कार्य को अभियान के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने जिले में 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को बालोद जिले में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियाँ सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, अपर कलेक्टर श्री चन्द्रकांत कौशिक सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने बताया कि शुक्रवार 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय बालोद के गंजपारा स्थित इण्डोर स्टेडियम में सुबह 07 बजे सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर सांसद श्री भोजराज नाग कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिकों के अलावा समाज के सभी वर्गों के लोग उपस्थित रहेंगे। उन्होंने अधिकारियों को कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु पूरी तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। श्री चन्द्रवाल ने सभी विभाग प्रमुखों को जिले में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन हेतु सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम के दौरान अपने अधीनस्थ सभी अधिकारी-कर्मचारियों की अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। बैठक में कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने कृषि, राजस्व एवं सम्बद्ध विभागों के अधिकारियों से मानसून पूर्व तैयारियों के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को इस दौरान किसी भी प्रकार की स्थितियों से निपटने एवं आम जनता की मदद हेतु सभी तैयारियाँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने जिले में किसानों के लिए खाद, बीज की उपलब्धता की भी समीक्षा की। इस संबंध में उन्होंने कृषि, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, सहकारिता एवं बीज विकास निगम के अधिकारियों से खाद बीज की भण्डारण एवं वितरण के संबंध में बारी-बारी से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में जिले के किसानों को खाद, बीज के प्रबंध हेतु कठिनाईयों का सामना न करना पड़े।

बैठक में कलेक्टर ने शासकीय योजनाओं का निर्धारित समयावधि में सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा शासकीय कामकाज में कसावट लाने हेतु सभी विभाग प्रमुखों को अपने अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों का प्रतिमाह बैठक आयोजित करने के लिए दिए गए निर्देश के आधार पर की गई कार्रवाई के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को इस संबंध में तत्काल प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में श्री चन्द्रवाल ने शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक माह जिले के 02-02 चयनित ग्रामों में जन समस्या निवारण शिविर आयोजन करने की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जन समस्या निवारण शिविर में निराकरण नही होने वाले प्रकरणों की विधिवत् समीक्षा कर उसका निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

**न्यायालय तहसीलदार/कार्यपालिक मजिस्ट्रेट निपनिया (छत्तीसगढ़)**

रा.प्र.क्र....... ब/ 121 वर्ष 2023-24
ग्राम- मेण्डरा प.ह.नं. 45 तह. भाटापारा

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को ईश्तहार के द्वारा सुचित किया जाता है कि आवेदक रेखराम निषाद पिता बुधारीराम निषाद निवासी ग्राम मेण्डरा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के द्वारा अपने पुत्री तानिया निषाद (पिता का नाम-रेखराम निषाद, माता का नाम-नंदनी निषाद) का जन्म दिनांक 22/08/2009 को (स्थान) ग्राम मेण्डरा तहसील भाटापारा का जन्म पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु ग्राम पंचायत सचिव लमती तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छत्तीसगढ़) को जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छत्तीसगढ़ जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं सरपंच का प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसके सबंध में प्रकरण विचाराधीन है, तथा दिनांक 05/07/24 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख 05/07/24 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 18/06/24 को न्यायालय के पद मुहर सहित जारी किया गया।

(मुहर) तहसीलदार/कार्यपालिक दण्डाधिकारी
निपनिया (छत्तीसगढ़)

## एक नजर

### महिला से मारपीट

**रायपुर, 19 जून।** अंबुजा मॉल के पास उधार पैसे के लेन-देन को लेकर युवक ने महिला से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया प्रियंका हरीत 24 वर्ष अशोका रतन शंकरनगर की रहने वाली है। प्रार्थिया ने मोवा थाना में शिकायत किया कि अंबुजा मॉल के पास आरोपी तरमेश्वर बघेल ने उधार पैसे के लेन-देन को लेकर प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर मोवा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294,506,323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### बोर वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**रायपुर, 19 जून ।** रिंग रोड नंबर 3 ग्राम टेकारी चौक के पास बोर वाहन ने बाइक सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में विधानसभा पुलिस ने बोर वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक चित्रकुमार यादव 23 वर्ष ग्राम बिलाड़ी का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक से कहीं जा रहा था, तभी रिंग रोड नंबर 3 टेकारी चौक के पास बोर वाहन क्रमांक टीएन 34 पी 2238 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे चित्रकुमार की मौत हो गई। सूचना पर मौके में पहुंची विधानसभा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार बुजुर्ग की मौत

**रायपुर, 19 जून ।** नया बस स्टेण्ड खरोरा के पास अज्ञात वाहन की ठोकर से सायकिल सवार बुजुर्ग की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक हरी सिंह मारकण्डे 70 वर्ष ग्राम माठ का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी सायकिल से कहीं जा रहा था, तभी नया बस स्टेण्ड खरोरा के पास अज्ञात वाहन ने उसे ठोकर मार दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। वहीं शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### एक्टिवा से शराब तस्करी करते युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 19 जून।** नेवरा पुलिस ने एक्टिवा वाहन से अवैध शराब लेकर जाते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 32 पाव देशी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार नेवरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम बिलाड़ी के पास एक्टिवा सवार युवक आरोपी कमलेश वर्मा 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 32 पाव देशी शराब व एक्टिवा वाहन जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### गांजा के साथ दो युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 19 जून।** टिकरापारा पुलिस ने नया बस स्टेण्ड भाठागांव के गेट नंबर 2 के पास गांजा के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 18 किलो गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि नया बस स्टेण्ड भाठागांव के गेट नंबर 2 के पास दो व्यक्ति संदिग्ध दिख रहे है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया, तो अपना नाम सहनवाज खान 30 वर्ष और राज नामदेव 21 वर्ष बताया। पुलिस ने इन दोनों के पास रखे बैग की तलाशी ली तो 18 किलो गांजा मिला। जिसकी कीमत करीब 3 लाख 60 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### अविरल फाइनेंस के साथ रायपुर की महिला उद्यमियों को मिल रही नई ताकत

**रायपुर, 21 जून।** अविरल फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड वंचित महिला उद्यमियों को उनके सपने साकार करने में मदद कर रहा है। बिसमती ध्रुव अपने छोटे से व्यवसाय को आगे बढ़ाना चाहती थी, लेकिन उनकी आदिवासी पृष्ठभूमि के कारण उनके लिए यह मुश्किल था। इन चुनौतियों के बावजूद, वह दृढ़ रहीं। अविरल फाइनेंस की मदद से उन्हें कई चरणों में फंडिंग मिली, जिसने उनके छोटे से ठेले के कारोबार को एक सफल किराना स्टोर में बदल दिया। इस सफलता ने उन्हें उनके समाज में सम्मान दिलाया। अविरल फाइनेंस की मदद ने न सिर्फ बिसमती को सहारा दिया बल्कि क्षेत्र के कई अन्य महत्वाकांक्षी उद्यमियों को भी प्रेरित किया। इसने उन्हें अपने व्यवसायों को बढ़ाने और अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए जरुरी संसाधन प्रदान किए। अविरल फाइनेंस ने केवल वित्तीय सहायता ही प्रदान नहीं की; उन्होंने सपने साकार करने में मदद की, बड़े सपने देखने वालों के लिए नए अवसर और आशा पैदा की। बिसमती अविरल फाइनेंस के समर्थन के लिए आभारी हैं। उनका मानना है कि उनकी मदद उनके व्यापार और व्यक्तिगत जीवन दोनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । उनकी किराना स्टोर की सफलता ने उनके परिवार को उभारा है और उनके समाज की अन्य महिलाओं को उनके उद्यमशील सपनों को पाने के लिए प्रेरित किया है। अविरल फाइनेंस बिसमती ध्रुव जैसी महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# शहीद परिवार अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

**रायपुर 19 जून।** शहीद परिवार आज से बूढ़ा तालाब धरना स्थल पर आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठने जा रहे हैं. शहीद जवानों के सम्मान के लिए प्रदेशभर के शहीद परिवार यह हड़ताल कर रहे हैं.

शहीद परिवार संघ के अध्यक्ष शंभू राम साहू ने बताया कि लगातार माँग करने के बाद भी सुनवाई नहीं हो रही है, इसलिए अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे हैं. 6 सूत्रीय मांगों को लेकर आज से हम अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे. राज्य में संचालित शासकीय शैक्षणिक संस्थानों में शहीदों के बच्चों के लिए सीट आरक्षण एवं निश्शुल्क स्नातक तक शिक्षा दी जाए.



उन्होंने बताया कि पुलिस भर्ती में आरक्षक से लेकर उपनिरीक्षक तक एवं अन्य शासकीय पदों पर शहीदों के बच्चों के लिए सीट आरक्षित किया जाए. नक्सल घटना में शहीद हुए जवान के आश्रितों को जो पेंशन से वंचित हैं, जैसे सहायक आरक्षक, आरक्षक,,क्क्ह, गोपनीय सैनिक वर्ग के शहीद के परिजन को पेंशन दी जाए. शहीद जवान के पैतृक गांव में स्मृति चिन्ह के रूप में शहीद स्मारक बनाया जाए. शहीद परिवारों को आवास योजना के अंतर्गत आवास दिया जाए. इसके अलावा शहीद परिवार के कल्याण के लिए आयोग का गठन किया जाए.

शंभू राम साहू ने कहा कि अपने घर परिवार को छोड़कर देश की रक्षा में समाज की रक्षा में जुटे जवान उनकी रक्षा करते-करते कहीं नक्सली मुठभेड़ में तो कहीं आतंकवादियों के मुठभेड़ में शहीद हो जाते हैं. शहीद होने के बाद जो सम्मान जवान को मिलना चाहिए, वो नहीं मिल रहा है. उनके परिवारों को जो सहायता सरकार की ओर से दी जानी चाहिए, जो नहीं के बराबर है. और सबसे बड़ी दुर्भाग्य की बात यह है कि जो नियम-कानून में है, उसकी मांग के लिए हमें अनिश्चितकालीन हड़ताल करना पड़ रहा है।



**रायपुर 19 जून।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय रायपुर ग्रुप के एनसीसी प्रशिक्षकों और कैडेट सम्मान समारोह में हुए शामिल।

# छत्तीसगढ़ व्यापमं 23 जून को लेगा पीपीटी एंट्रेंस एग्जाम

**रायपुर, 19 जून ।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल यानी व्यापमं की ओर से पॉलिटेक्निक कॉलेजों में प्रवेश के लिए पीपीटी परीक्षा का आयोजन 32 जिला मुख्यालयों में होगा। परीक्षा 23 जून को सुबह 9 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक होगी। छात्र अपनी प्रोफाइल में जाकर प्रवेश पत्र 17 जून से डाउनलोड कर सकते हैं। इसके अलावा अभ्यर्थी प्रवेश पत्र व्यापमं की वेबसाइट एवं चिप्स की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक में से किसी भी लिंक पर क्लिक करके अपने प्रोफाइल लॉगिन पेज पर जा सकते हैं। अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

अभ्यर्थियों को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर स्स्र के माध्यम से एक संक्षिप्त यूआरएल भी भेजा जाएगा। अभ्यर्थी इस यूआरएल को क्लिक कर अपने मोबाइल पर सीधे प्रवेश पत्र प्राप्त कर उसका प्रिंट आउट ले सकते हैं। व्यापमं के मुताबिक, परीक्षा दिवस को सभी परीक्षार्थी लगभग एक घंटे पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होना है। उनके मूल पहचान पत्र से उनका पहचान किया जा सके एवं परीक्षा केंद्र में जाने के लिये अनुमति दी जा सके।

किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र के संबंध में कठिनाई होती है तो हेल्पलाइन नंबर 0771-2972780 एवं मोबाइल नंबर 8269801982 पर संपर्क कर सकते हैं। अभ्यर्थी संपूर्ण प्रवेश पत्र डाउनलोड करें और उसका प्रिंट आउट अवश्य निकालें। यदि इंटरनेट से प्राप्त प्रवेश पत्र पर फोटो नहीं आता है तो अभ्यर्थी अपने साथ दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो लेकर परीक्षा केंद्र में जायें। परीक्षार्थियों को डाकघर के माध्यम से प्रवेश पत्र नहीं भेजा जाएगा। परीक्षार्थी परीक्षा दिवस से एक दिन पूर्व ही अपने परीक्षा केन्द्र की भौगोलिक स्थिति से भलीभांति परिचित हो जाएं। परीक्षा प्रारंभ होने के बाद किसी को भी परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षार्थियों को अपना फोटोयुक्त मूल आईडी प्रूफ जैसे मतदाता पहचान पत्र/ड्रायविंग लायसेंस/पेन कार्ड/आधार कार्ड /पासपोर्ट/विद्यालय का फोटोयुक्त परिचय पत्र/फोटोयुक्त अंकसूची मूलरूप में (फोटो कॉपी मान्य नहीं) परीक्षा दिवस में परीक्षा केन्द्र में लाना अनिवार्य होगा। मूल पहचान पत्र के अभाव में परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

# कांग्रेस धरना-प्रदर्शन करके प्रदेश की जनता का ध्यान भटका रही: भाजपा

**रायपुर, 21 जून।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने बलौदाबाजार अग्निकांड मामले को लेकर कांग्रेस पर वातावरण को बिगाड़कर अपनी गंदी राजनीतिक सोच से प्रदेश के समरस सामाजिक सौहार्द्र को क्षति पहुँचाने का आरोप लगाया है। श्री देव ने मंगलवार को कांग्रेस के एक दिनी धरना-प्रदर्शन को कोरी सियासी नौटंकी करार देते हुए कहा कि बलौदाबाजार मामले के षड्यंत्र में अपनी भूमिका के जगजाहिर हो जाने के भय से कांग्रेस के लोग बेचैन हो रहे हैं और इसलिए धरना-प्रदर्शन के फ्लॉप शो करके वह अब प्रदेश की जनता का ध्यान भटकाने की नाकाम कोशिश कर रहे हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि भाजपा जाँच दल ने सोमवार को अमरगुफा स्थित जैतखाम पहुँचकर जैतखाम को पहुँचाई गई क्षति का विस्तार से जायजा लिया है और क्षेत्र के लोगों से सभी पहलुओं पर चर्चा की है। भाजपा जाँच दल ने घटनास्थल का मुआयना करने के बाद प्रारंभिक तौर पर पाया कि बलौदाबाजार में हुई आगजनी की भीषण वारदात एक सुनियोजित राजनीतिक षड्यंत्र है। प्रदेश सरकार की प्रारंभिक जाँच भी इसी दिशा में स्पष्ट संकेत कर रही है। श्री देव ने कहा कि षड्यंत्रकारियों का प्रदेश के सामाजिक सौहार्द्र को खत्म कर भाजपा सरकार को बदनाम कर राजनीतिक लाभ लेने के गर्हित उद्देश्य था, लेकिन प्रदेश सरकार की सक्रियता और सूझबूझ से षड्यंत्रकारी अपनी बदनीयती में नाकामयाब रहे। कांग्रेस की भूमिका पर करारा प्रहार करते हुए श्री देव ने कहा कि कांग्रेस ने इस आंदोलन को हिंसक दिशा देने की सुनियोजित तैयारी की थी । आंदोलन में शामिल कांग्रेस नेताओ की तस्वीरें इस बात की तस्दीक कर रही हैं कि सामाजिक समरसता को बिगाड़कर विषाक्त वातावरण बनाने में कांग्रेस ने कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी थी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि अब इस मामले की न्यायिक जाँच में सारे तथ्य और सत्य सामने आएंगे, इसलिए कांग्रेस के नेता अपने बेनकाब हो जाने के डर के मारे बिलबिला रहे हैं और अपनी खाल बचाने के लिए धरना-प्रदर्शन करके प्रदेश को गुमराह करने में लगे हैं। लेकिन प्रदेश में अब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा की सरकार ऐसे षड्यंत्रकारियों को कतई नहीं बख्शने वाली है। भाजपा सरकार सतनामी समाज के शांति, भाईचारे और परस्पर सद्भाव के साथ खिलवाड़ करने वाले तमाम षड्यंत्रकारियों को सींखचों के पीछे डालकर प्रदेश में कानून का राज कायम करेगी और सतनामी समाज के आत्म-सम्मान और उनकी आस्था के प्रतीकों की पूरी प्रतिबद्धता के साथ रक्षा करेगी। श्री देव ने कहा कि प्रदेश सरकार से यह भी आग्रह किया जाएगा कि षड्यंत्रकारी उपद्रवियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए ताकि फिर कभी इस तरह की दुर्भाग्यपूर्ण घटना को अंजाम न दिया जा सके। श्री देव ने कहा कि इस साजिश में संलिप्तता का खुलासा होने पर राजनीतिक नौटंकियाँ करके दबाव बनाने व प्रदेश को गुमराह करने की कांग्रेसियों की ओछी राजनीति सफल नहीं होगी।

# रायपुर के कारोबारी से 10 करोड़ का ठगी

**रायपुर,19 जून।** सर्वमंगला इंफ्राबिल्ड प्रा.लि. के डायरेक्टर अनूप अग्रवाल ने तेलीबांधा पुलिस थाने में 10,17,00,797 रुपए के फ्रॉड होने की एफआईआर दर्ज कराई है. प्रार्थी की रिपोर्ट पर रायपुर पुलिस ने पुलिस अरोपियों के खिलाफ धारा 420, 409, 120 बी दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है. पुलिस को दी गई जानकारी के मुताबिक मौलश्री विहार में सर्वमंगला इंफ्राबिल्ड प्रा.लि. कंपनी है. 14 जनवरी 2023 को सत्या आयरन एण्ड स्टील प्रायवेट लिमिटेड के डायरेक्टर राजेश शर्मा, श्रीमती अंजू शर्मा एवं उनके सहयोगी राकेश शर्मा, प्रिंस शर्मा और कुशल डुडेजा द्वारा स्टील सामाग्री क्रय कर भुगतान न कर धोखाधड़ी की है. प्रार्थी ने बताया कि आरोपी कुशल डुडेजा ने उससे संपर्क कर कहा था कि उसके पास उसकी कंपनी से स्टील सामग्री सप्लाई करवाकर कम समय में अधिक मुनाफा हो जाएगा.एफआईआर के मुताबिक प्रार्थी ने पुलिस को बताया है कि उनके साथ ठगी करने वाले ठगों ने झासा देते हुए कहा कि यदि उनकी कंपनी आरोपियों के बताये अनुसार स्टील सामग्री सप्लाई के प्रस्ताव को स्वीकार करती है, तो कंपनी को कम समय में अत्यधिक मुनाफा होगा और कंपनी को उपरोक्त संबंध में मेरी मध्यस्थता के लिए आरोपियों को लाभांश देना होगा.झांसे में आकर प्रार्थी ने कुशल डुडेजा को मीटिंग करने को कहाय इसके बाद कुशल डुडेजा उसके साथ राजेश शर्मा, राकेश शर्मा एवं प्रिंस शर्मा नामक व्यक्तियों को प्रार्थी की कंपनी 31, मौलश्री विहार, व्ही.आई.पी. रोड के कार्यालय लाया. प्रार्थी को बताया गया कि उनके परिवार के छत्तीसगढ एवं हरियाणा राज्य में स्टील सामग्री का व्यवसाय करने वाली कई कंपनियां एवं प्लांट है तथा उन लोगो का काफी बड़ा व्यापार है. इसके बाद ठगों ने प्रार्थी से कहा कि आपकी कंपनी हमारे बताये अनुसार स्टील सामग्री की जो सप्लाई करेगी, उसका बिल सत्या आयरन एण्ड स्टील प्रायवेट लिमिटेड, पता- प्लाट नं-5/एल, हैवी इण्डस्टीयल एरिया, हथखोज, भिलाई (छ.ग.) के नाम से करनी होगी. उक्त कंपनी के डायरेक्टर राजेश शर्मा एवं उनकी पत्नी अंजू शर्मा है, जिनके व्यवसाय के संचालन में कुशल डुडेजा, राकेश शर्मा एवं प्रिंस शर्मा द्वारा पूर्ण रूप से संलिप्तता रखी जाती है.आरोपियों ने भरोसा जीतने के लिए कुछ दिनों तक सप्लाई और भुगतान दोनो बराबर रखा. आयरन एण्ड स्टील प्रायवेट लिमिटेड को स्टील सामग्री की सप्लाई की जाती रही। उक्त संबंध में कुशल डुडेजा द्वारा हमारी कंपनी से लाभांश राशि प्राप्त की जाती रही. इसी बीच उपरोक्त व्यक्तियों द्वारा आश्वासन दिये जाने के बावजूद भी एकाएक हमारी कंपनी के द्वारा सप्लाई की गई स्टील सामग्री का भुगतान करवाना बंद कर दिया गया.पुलिस में दर्ज एफआईआर के मुताबिक उपरोक्त व्यक्तियों से भुगतान करवाने को आग्रह करने के लिए संपर्क करने का प्रयास किया गया, तब काफी प्रयास करने के पश्चात मेरा संपर्क राजेश शर्मा एवं कुशल डुडेजा से हुआ। तब उपरोक्त व्यक्तियो द्वारा टाल-मटोल एवं हीला-हवाला करते हुये भुगतान नहीं किया गया. जिस पर मैंने (प्रार्थी ने) उपरोक्त व्यक्ति को आगे स्टील सामग्री सप्लाई करने से इंकार कर दिया। तब राजेश शर्मा एवं कुशल डुडेजा द्वारा मुझसे कहा गया, कि आप स्टील सामग्री सप्लाई करते रहे, आपकी कंपनी कुछ ही समय में राशि का भुगतान कर दिया जायेगा और यदि आपकी कंपनी को भुगतान नहीं किया जाता है, तो हम लोग आपको राशि के मूल्य की स्टील सामग्री उपलब्ध करा देगें.ठगों के झांसे में आकर रायपुर के उपरोक्त कारोबारी ने करीब 10 करोड़ रूपए से अधिक की फ्रॉड की एफआईआर दर्ज कराई है, अब पुलिस इस मामले में जांच कर आरोपियों को गिरफ्तार करने की तैयारी कर रही है।

# मंत्री ओपी चौधरी से मिले छत्तीसगढ़ रियल स्टेट ब्रोकर एसोसिएशन के पदाधिकारी



**रायपुर 19 जून।** छत्तीसगढ़ रियल स्टेट ब्रोकर एसोसिएशन ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी से मुलाकात कर पंजीयन शुल्क में की गई वृद्धि को कम करने की मांग की है. इसरके साथ ही सरकारी योजनाओं से जोड़ने सहित नामांकन-बटांकन की प्रक्रिया में सरलीकरण की भी मांग की गई. छत्तीसगढ़ रियल स्टेट ब्रोकर एसोसिएशन के अध्यक्ष महेश आर्या ने बताया कि छत्तीसगढ़ रियल स्टेट ब्रोकर स्टेट के द्वारा आज सरकार के समक्ष हमने अपनी कुछ मांगे एवं प्रस्ताव और मुद्दे लेकर आए थे. जिसमें हम सरकार से मांग किए हैं कि जो सरकार ने गाइडलाइन और पंजीयन शुल्क बढ़ाया है, उस पर पुनर्विचार किया जाए. इसके साथ ही साथ सीमांकन, नामांकन, बटांकन, डायवर्सन की जो प्रक्रिया होती है, उस पर शीघ्र ही ध्यान दिया जाए.

उन्होंने बताया कि एसोसिएशन ने सरकारी योजना में उन्हें शामिल करने की मांग की है, जिसमें पंचायत योजना, आवास योजना, गरीब लोगों को हाउसिंग बोर्ड के मकान मिलते हैं. उसमें हमारी भागीदारी तय हो. इसके साथ ही सरकार से लोगों ने बहुत पहले से कमल विहार के ईडब्ल्यूएस के मकान के लिए लोगों के जमा रकम की ओर भी हमने सरकार का ध्यान आकर्षित किया है. मंत्री ओपी चौधरी ने इस दिशा में ध्यान देने का वादा किया है.

महेश आर्या ने इसके साथ बताया कि रजिस्ट्री टोकन सिस्टम का सरलीकरण होगा. इससे अनावश्यक कार्य से जो जमा होने वाली भीड़ नहीं होगी, और लोग अपने समय पर आएंगे. सरकार अपनी तरफ से काफी अच्छा प्रयास कर रही है. पंजीयन शुल्क में भी कुछ कमी करने का विचार कर रही है. जो हमने मांग रखी है।

### हनुमान मंदिर में तोड़फोड़ से तनाव

**रायपुर, 19 जून।** तिल्दा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत बहेसर के बाजार हाट परिसर से थोड़े दूर में हनुमान मंदिर पर असामजिक तत्वों के द्वारा मंदिर के हनुमान जी की मूर्ति को तोड़ कर खंडित कर देने का मामला सामने आया है इसमें ग्रामीणों में काफी आक्रोश है! ग्रामीणों ने आरोपियों कि जल्द गिरफ्तारी की मांग की है घटना की शिकायत तिल्दा स्ष्ठरूऔर नेवरा थाने में की है शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए गाँव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है! ग्रामीणों के अनुसार घटना 18 जून की शाम का बताया जा रहा है इस मामले को लेकर बुधवार को गाँव में पूजा कर हनुमान जी की नई मूर्ति को स्थापित किया जायेगा।

# छत्तीसगढ़ी काव्य एक विहंगम दृष्टि का हुआ विमोचन

**रायपुर, 19 जून ।** छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ साहित्यकार, गीतकार,राजधानी रायपुर निवासी रामेश्वर शर्मा की गोल्डन बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित पुस्तक 'छत्तीसगढ़ी काव्य एक विहंगम दृष्टि' के दूसरे संस्करण का विमोचन हाल ही में वृंदावन सभागृह रायपुर में हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ गीतकार रामेश्वर वैष्णव उपस्थित थे ।अध्यक्षता भाषाविद डॉ.चित्तरंजन कर ने की । विशिष्ट अतिथि के रूप में अरूण निगम संस्थापक छंद के छ, बलदाऊ राम साहू बाल साहित्यकार, और प्रमुख वक्ता के रूप में डॉ. राजन यादव विभागाध्यक्ष हिन्दी इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ मंच पर विराजमान थे। पत्रकार और दूरदर्शन एंकर शशांक खरे के संचालन में कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों के करकमलों से रामेश्वर शर्मा जी की गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित कृति 'छत्तीसगढ़ी काव्य एक विहंगम दृष्टि' का विमोचन किया गया। इसके बाद अतिथियों ने कृति के संदर्भ में अपने-अपने विचार व्यक्त किए। विदित हो कि यह पुस्तक का दूसरा संस्करण है। प्रथम संस्करण 2022 में अभिव्यक्ति प्रकाशन नई दिल्ली से प्रकाशित हुआ था। लगभग 300 पृष्ठों की इस किताब की कीमत 460 रूपए है। दूसरे संस्करण को 2024 में स्वयं और साहित्यकारों के सहयोग से रायपुर से प्रकाशित किया गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ी काव्य, बाल-साहित्य, वीर रस, हास्य रस, व्यंग्य, दोहा, चौपाई, कुण्डलिया, वर्णिक छंद, कविता, मुक्तक, गजल, मुक्तछंद, गीत को रेखांकित करते 350 रचनाकारों को शामिल किया गया है।

# 21 जून को विश्व योग दिवस पर कैट के प्रदेश कार्यालय में योग शिविर

**रायपुर 19 जून।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया कि आज कैट सी.जी. चैप्टर के प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी की अध्यक्षयता में प्रदेश कार्यालय में कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारियों की मिटिंग हुई। मिटिंग में आगामी 21 जून को विश्व योग दिवस पर योग शिविर का आयोजन एवं 26 जून को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत मुद्रा लोन मेला का आयोजन तथा 28 जून को श्री भामाशाह जी की जंयती पर कैट के प्रदेश कार्यालय में राष्ट्रीय व्यापारी दिवस मनाया जायेगा।




कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आगामी 21 जून को विश्व योग दिवस के अवसर पर सुबह 7:30 बजे से 8:30 तक योग शिविर का शिविर का अयोजन किया जायेगा। एवं 26 जून को दोपहर 4:00 बजे से शाम 6:00 तक कैट के प्रदेश कार्यालय मे प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत मुद्रा लोन मेला का आयोजन किया जायेगा। मुद्रा लोन मेला में व्यापारियों को 50 हजार रूपये से 10 लाख रूपये तक का लोन राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा बिना किसी गारंटी के पात्रता अनुसार दिया जायेगा। तकनीकी टीम (सीए) द्वारा निःशुल्क सहायता, राष्ट्रीयकृत बैंको की मौजूदगी, आकर्षक ब्याज दर, पर स्पॉट लोन मंजूरी (कागजात पूर्ण होने पर) एवं अन्य लोन सम्बधित अन्य समस्याओं का समाधान किया जायेगा। कैट सभी व्यापारियों से अपील करती है, कि 26 जून को कैट के प्रदेश में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत आयोजित मुद्रा लोन मेला का लाभ उठाये और अपने व्यापार को आगे बढाने में सहायक बने।

श्री पारवानी एवं श्री दोशी ने आगे बताया कि 28 जून को दानवीर श्री भामाशाह जी की जयंती को पूरे देश में राष्ट्रीय व्यापारी दिवस के रूप में हर्षोल्लास मनाया जाता है। इसी कड़ी में कैट 28 जून को कैट के प्रदेश कार्यालय में शाम 4:30 बजे दानवीर श्री भामाशाह जी की जंयती पर राष्ट्रीय व्यापारी दिवस के रूप मनाई जायेगी।

मिटिंग में कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे :- जितेन्द्र दोशी, परमानन्द जैन, सुरिन्द्रर सिंह, अजय अग्रवाल भरत जैन, अवनीत सिंह, विजय पटेल, मुकेश मोटवानी पवन वाधवा, सूरज उपाध्याय, नरेश पाटनी, प्रीतपाल सिंह बग्गा, दिलीप इसरानी, विनोद तिवारी, महेन्द्र बागरोडिया, रमेश खोडियार, शैलेन्द्र शुक्ला, मनीष सोनी, रतनदीप सिंह एंव मुकेश झा आदि ।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26